www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 26 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -140 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर चीन के ... 02
■ दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले 6000...
■ आई-फेस्टिवल में छात्रों ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा 03
■ 14778 मीट्रिक टन सेब खरीदने का लक्ष्य निर्धारित: सुक्खू
■ प्रीमियम क्वालिटी के प्रति किलो सेब के दाम 95 रुपए... 08
स्पाई-यूनिवर्स की जासूसी फिल्म में आलिया भट्ट ... 10

# नफरती भाषणों पर कड़े कदम उठाए केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,**25 अगस्त (एजेंसियां)। नफरती भाषण और उससे उपजी हिंसा से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को व्यवहारिक और शीघ्र सख्त कदम उठाने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने साफ कहा है कि इसे रोकने के लिए 2018 में जारी की गई गाइडलाइन का ही पालन कराएंगे। कोर्ट ने 7 जुलाई 2018 को हेट स्पीच पर रोक लगाने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। इसमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिलों में

> सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से तीन हफ्ते में मांगी रिपोर्ट



राज्यों से केंद्र पूछें नोडल अफसर तैनात किए या नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नोडल अफसर तैनात करने को कहा था। कोर्ट ने केंद्र से तीन हफ्ते में राज्यों से इसका विवरण जुटाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार केंद्र से कहा कि अगर तीन हफ्ते में जानकारी नहीं मिलती है तो सुनवाई की अगली तारीख पर बताएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी 2018 की गाइडलाइन का अध्ययन किया है। उसके विचार में कुछ और पॉइंट्स को जोड़ने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा 2018 की गाइडलाइन काफी डिटेल में है। हम इसमें कुछ जोड़ेंगे जरूर, लेकिन घटाएंगे कुछ भी नहीं। ऐसे क्राइम रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा सकते हैं। कोर्ट कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्यों में हेट स्पीच पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी शामिल थी।

### बिहार में जातीय जनगणना मामले के कारण पिछले हफ्ते टली थी सुनवाई

गत 18 अगस्त को भी मामले की सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने कहा था हमें बिहार में जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई करनी है। हेट स्पीच पर हम अगले शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 25 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। हेट स्पीच के मामले पर पिछली सुनवाई 11 अगस्त को हुई थी, तब कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था- हेट स्पीच और हेट क्राइम पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, इसके लिए मैकेनिज्म बनाना जरूरी है। हरियाणा के नूंह के बाद महापंचायत में मुस्लिमों के खिलाफ अभियान के विरोध में जर्नलिस्ट शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि वह सरेआम नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने के लिए केंद्र को निर्देश दे।

## अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच की स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सेबी ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच की स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी है. अपनी रिपोर्ट में सेबी ने कहा कि उसने 24 मामले की जांच की है जिसमें से 22 की जांच पूरी हो चुकी है और 2 जांच की रिपोर्ट फिलहाल अंतरिम है. इन दो मामलों में सेबी को विदेशी एजेंसियों के रिपोर्ट का इंतजार है। सेबी ने कहा है जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। जिन दो मामलों में अंतरिम रिपोर्ट सौंपा गया है उसमें अडानी समूह के 13 विदेशी एनटिटी यानि इकाइयों को लेकर जांच की जा रही है। इस मामले में सेबी ने पांच देशों से इन विदेशी पोर्टफोलियो इवेंस्टर्स को लेकर डिटेल जानकारी साझा करने को कहा है. अपने एक अंतरिम रिपोर्ट पर सेबी ने कहा कि इसमें 13 विदेशी ईकाई शामिल है जिन्हें अडानी समूह की कंपनियों ने पब्लिक शेयरहोल्डर्स के तौर पर मान्यता दी गई थी।

## गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगा मणिपुर हिंसा के मामलों का ट्रॉयल

**इंफाल।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों को पड़ोसी राज्य असम में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसके लिए कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश जारी किए हैं। बेंच ने कहा कि मणिपुर हिंसा से जुड़े जिन मामलों की जांच सीबीआई कर रही है उनके ट्रायल के लिए एक या एक से ज्यादा स्पेशल जज को नियुक्त करें। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सुरक्षा को देखते हुए आरोपियों की पेशी, रिमांड ऑनलाइन होगी। इसके अलावा 164 के तहत गवाहों और पीड़ितों के बयान भी लोकल मजिस्ट्रेट के सामने मणिपुर में दर्ज होंगे। साथ ही आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी मणिपुर में दी जाएगी। कोर्ट ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की सुनवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रॉपर इंटरनेट सर्विस प्रदान करें। अगर पीड़ित, गवाह और आरोपी कोर्ट में ऑनलाइन मौजूद नहीं होना चाहते तो उन्हें कोर्ट में फिजिकल अपियरेंस की परमिशन है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के सुझावों को मानते हुए यह आदेश जारी किए। हिंसा के 20 मामलों की जांच सीबीअसई के 53 अफसर कर रहे हैं। इनमें 29 महिलाएं शामिल हैं। इन अफसरों को देशभर के सीबीआई ऑफिस से इकट्ठा किया गया है।पीड़ितों के कॉलिन गोंसाल्वेस, चंदर उदय सिंह, इंदिरा जयसिंह और वृंदा ग्रोवर ने मामलों को असम ट्रांसफर करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई। गोंसाल्वेस ने कहा कि मुकदमे उन जगहों पर होने चाहिए जहां अपराध हुए थे। पीड़ितों को असम जाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। इंदिरा जयसिंह ने कहा कि यह सॉलिसिटर जनरल के पहले दिए गए आश्वासन के खिलाफ है।

## जी-20 समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन



■ रूसी प्रेसिडेंट की जगह विदेश मंत्री कर सकते हैं शिरकत


**मॉस्को,**25 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले महीने भारत में होने वाली जी-20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। क्रेमलिन के स्पोक्सपर्सन दिमित्री पेस्कोव ने इसकी पुष्टि कर दी है। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी-20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी। 2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। पुतिन की जगह फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव नई दिल्ली आएंगे। समिट 9 और 10 सितंबर को होगी। दरअसल, ब्रिक्स समिट में पुतिन के शामिल होने को लेकर होस्ट साउथ अफ्रीका पशोपेश में था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर हमले और वॉर क्राइम्स को लेकर रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वॉरंट जारी कर चुका है। पुतिन अगर जोहान्सबर्ग आते तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। लिहाजा, साउथ अफ्रीकी और रूसी सरकार के बीच एग्रीमेंट हुआ और इसके बाद पुतिन की गैरमौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई।

### ब्रिक्स समिट में भी शामिल नहीं हुए थे

साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक ब्रिक्स समिट हुई। इसमें भी व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं हुए। उनकी जगह फॉरेन मिनिस्टर लावरोव ने ही शिरकत की थी। इस समिट में भी पुतिन के शामिल होने पर आखिरी वक्त तक सस्पेंस था। बाद में होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने खुद ही साफ कर दिया था कि रूस के राष्ट्रपति जोहान्सबर्ग नहीं आएंगे।

## सार संक्षेप

### महबूबा की बेटी को दस साल वैधता वाला पासपोर्ट मिला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा को 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट जारी कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने इल्तिजा को अपने ऑफिस में बुलाया और उसे 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट सौंप दिया। इसके पहले 5 अप्रैल को इल्तिजा को संयुक्त अरब अमीरात में पढ़ाई के लिए दो साल के लिए 'कंट्री स्पेसिफिक पासपोर्ट' जारी किया गया था। पासपोर्ट 5 अप्रैल, 2023 से 4 अप्रैल, 2025 तक वैध था पासपोर्ट पर इस बारे में स्टैंप लगा था। इसके खिलाफ इल्तिजा ने करीब एक महीने पहले हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी।

### जून में एनपीएस में जुड़े 54 हजार से अधिक कर्मी



**नई दिल्ली।** मौजूदा वर्ष के जून में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में 54 हजार से अधिक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 10 लाख से अधिक और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में 15 लाख से अधिक कर्मी शामिल किए गए हैं। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां जारी आंकड़ों में बताया कि जून 2023 में एनपीएस में कुल 54 हजार 715 कर्मचारी शामिल हुए हैं। इनमें केंद्र सरकार में 8398, राज्य सरकारों में 18 हजार 661 और गैर सरकारी संस्थानों में 14 हजार 395 कर्मचारी जोड़े गए हैं। आलोच्य माह में ईपीएफओ में 10 लाख 14 हजार 229 कर्मचारी जोड़े गये हैं।

### वायनाड में जीप खाई में गिरी, नौ की मौत



**वायनाड।** केरल के वायनाड में शुक्रवार को एक जीप पलटकर खाई में जा गिरी। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित 4 लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे थलप्पुझा में कन्नोथमाला के पास हुई। जीप में मजदूर सवार थे जिस खाई में जीप गिरी वह करीब 25 मीटर गहरी है। जीप के दो टुकड़े हो गए।

### तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए



**हैदराबाद।** तेलंगाना के वारंगल से 127 किमी पूर्व में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 तीव्रता मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप सुबह लगभग 04:43 बजे राज्य के वारंगल से 127 किमी पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 18.04 अक्षांश व 80.80 देशांतर पर तथा सतह से में 30 किमी की गहराई पर स्थित था।

भारत-चीन सीमा पर चल रहे गतिरोध पर बाले राहुल

# चीन ने हजारों किमी जमीन छीनी

**लद्दाख,**25 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख दौरे के आखिरी दिन कारगिल में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने भारत-चीन बॉर्डर पर चल रहे गझतिरोध को लेकर कहा कि चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी है। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि पीएम मोदी ने विपक्ष की बैठक में कहा कि हिंदुस्तान की एक इंच जमीन नहीं ली गई। लद्दाख के लोग जानते हैं कि चीन ने भारत की जमीन ली है और पीएम मोदी सच नहीं बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने इस दौरान भाजपा व आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ महीने पहले कन्याकुमारी से



> लद्दाख के लोग जानते हैं कि चीन ने भारत की जमीन ली है और मोदी सच नहीं बोल रहे : राहुल गांधी

कश्मीर तक हम चले थे। हमारा लक्ष्य था कि आरएसएस और भाजपा देश में जो नफरत और हिंसा फैला रहे हैं, उसके खिलाफ खड़े होना। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया, लेकिन लोगों को उनके अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं।

### लद्दाख के लोगों की दबाई जा रही है आवाज

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया है, लेकिन वहां लोगों का हक छीनकर उनकी आवाज दबाई जा रही है। गांधी ने कहा कि लद्दाख के कोने-कोने में गया और युवाओं से, माताओं-बहनों से, गरीब लोगों से बात की। दूसरे नेता हैं जो सिर्फ अपने मन की बात करते हैं, मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं। लद्दाख के मुख्य मुद्दे हैं यहां के लोगों की राजनीतिक आवाज दबाई जा रही है।

# ग्रीस व भारत दुनिया की दो प्राचीन सभ्यताएं : मोदी

**एथेंस,**25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के बाद प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्रीस और भारत दुनिया की दो पुरातन सभ्यताओं, दो पुरातन लोकतांत्रिक विचारधाराओं और दो पुरातन व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों के बीच एक स्वाभाविक मेल है। हमारे रिश्ते की बुनियाद प्राचीन और मजबूत है। संयुक्त बयान में मोदी ने कहा हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे। मोदी ने ग्रीस के जंगलों में लगी आग में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। ग्रीक के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने सबसे



■ कृषि क्षेत्र में सहयोग पर हुए समझौते
■ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार करेंगे दोगुना

पहले पीएम मोदी के भारत आने के निमंत्रण का स्वागत किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपने समय की चुनौतियों से निपटने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, खासकर यूक्रेन में उथल-पुथल और युद्ध के दौर में, ऐसे तथ्य जो संयुक्त राष्ट्र से मुद्दों पर आवश्यक बनाते हैं।

### आतंकवाद-साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर हुई चर्चा

मोदी ने कहा कि आज कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में, दोनों देश सैन्य संबंधों के साथ-साथ रक्षा उद्योग को सशक्त बनाने पर सहमत हुए हैं। आगे पीएम मोदी ने बताया कि आज हमने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर चर्चा की। हमने तय किया है कि एनएसए स्तर का एक संवाद मंच भी होना चाहिए। ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी मेरे दोस्त हैं। कहा जाता है कि 1+1 = 11 भी होते हैं। यहां हम दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम करना चाहते हैं। एक देश अगर दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है तो दूसरा दुनिया का पहला लोकतंत्र।

### राष्ट्रपति कैटरीना ने मोदी को किया सम्मानित

राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो ने मोदी को सेरिमोनियल वेलकम दिया। उन्हें ग्रीस के दूसरे सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति आदर भाव दर्शाता है।

# मधुमिता हत्याकांड में दोषी अमरमणि रिहा

20 साल की सजा में ज्यादातर अस्पताल में समय गुजारा

**गोरखपुर,**25 अगस्त (एजेंसियां)। मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में 20 साल से सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे रिहा हो गए। इससे पहले सुबह सुप्रीम कोर्ट ने उनकी रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने उप्र सरकार को नोटिस जारी कर 8 हफ्ते में जवाब मांगा है। अमरमणि और उनकी पत्नी बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राइवेट वार्ड नंबर 16 में भर्ती थे। उनकी रिहाई का परवाना पहले जेल पहुंचा। फिर उसे लेकर जेलर खुद बीआरडी मेडिकल कॉलेज गए। जहां से दोनों को रिहा कर दिया गया। अमरमणि और उनकी पत्नी कहने को तो जेल में रहे, लेकिन उनका ज्यादातर वक्त गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बीता। जब से सजा हुई दोनों ज्यादातर बीमार रहे। मधुमिता की बहन निधि का भी कहना है कि अमरमणि ने अपनी सजा का 60 फीसदी हिस्सा अस्पताल में गुजारा।



दरअसल, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राइवेट वार्ड की दूसरी मंजिल पर 32 कमरे हैं। इसमें ऊपरी हिस्से के 16 नंबर कमरे में अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि एडमिट रहे हैं।

### फैसले के बाद फूट-फूटकर रोई मधुमिता की बहन

हालांकि रिहाई के बाद भी अभी पति-पत्नी अस्पताल में ही रहेंगे। कोर्ट के इस फैसले के बाद ही परिसर में मधुमिता की बहन निधि शुक्ला फूट-फूटकर रोने लगीं। वहीं, मधुमिता के घर के बाहर पुलिस कर्मी भी तैनात कर दिया गया है। दूसरी तरफ, अमरमणि त्रिपाठी की कर्मभूमि महाराजगंज नौतनवा विधानसभा कार्यालय पर लोगों ने जमकर खुशी मनाई। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाने के साथ ही आतिशबाजी भी की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा, पूर्वांचल का शेर आ रहा है।

# मिजोरम पुल हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित

**आइजोल,**25 अगस्त (एजेंसियां)। रेल मंत्रालय ने मिजोरम के आइजोल जिले में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने के कारणों के जांच के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। कमेटी को एक महीने के भीतर जांच की रिपोर्ट देने को कहा गया है। इन चार सदस्यी कमेटी में आरडीएसओ के बीपी अवस्थी, आईआईटी दिल्ली के डॉ. दिप्ती रंजन साहू, आईआरआईसीएन के शरद कुमार अग्रवाल और एनएफ



■ रेलवे को एक माह के भीतर रिपोर्ट देगी चार सदस्यीय कमेटी
■ हादसे में अब तक 22 लोगों की जा चुकी है जान

रेलवे के मुख्य ब्रिज इंजीनियर संदीप शर्मा का नाम शामिल हैं। रेलवे बोर्ड की वर्क्स-एक शाखा समिति के कामकाज और रेलवे

### गैलेंट्री के गिरने के कारण ढह गया था पुल

रेलवे ने बताया कि निर्माणाधीन पुल पर गैलेंट्री के गिरने के कारण पुल ढह गया था। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में मरने वालों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुआवजे के तौर पर मरने वालो को 10 लाख और घायलों को पचास हजार रुपये देने का वादा किया है।

# हिमाचल के मंडी में बादल फटा, 51 लोगों को बचाया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। एडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया। दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी



बारिश के चलते बद्दी में पुल दो हिस्सों में बंटा

जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

कवायद — चंद्रयान-3 मिशन का नया वीडियो आया सामने

# चंद्रयान के रोवर ने रैम्प पर चलने के बाद किया मूनवॉक

**चेन्नई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के चंद्रयान के रोवर ने रैंप पर चलने के बाद चंद्रमा की सतह पर कदम रखते हुए 'मूनवॉक' किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी (इसरो) ने कहा, इसने चंद्रमा लैंडर के रैंप पर से धीरे-धीरे लुढ़कने के बाद चांद पर मूनवॉक भी किया। मूनवॉक एक डांस मूव है जो माइकल जैक्सन द्वारा मोटाउन 25 यस्टरडे, टुडे, फॉरएवर पर बिले जीन के प्रदर्शन के दौरान किए जाने के बाद बहुत लोकप्रिय हो गया।**

चंद्रयान-3 का लैंडर बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित रूप से उतरा था। गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, इसरो ने कहा चंद्रयान-3 रोवर मेड इन इंडिया मेड फॉर मून! सीएच -3 रोवर लैंडर से नीचे उतरा और भारत ने चांद पर सैर की! जहां रोवर ने गुरुवार को चंद्रमा पर चहलकदमी की, वहीं इसरो ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित वीडियो जारी किया। लैंडर पर लगे कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में फैले हुए सौर पैनल के साथ रोवर को धीरे-धीरे रैंप से नीचे जाते, चंद्रमा की मिट्टी को छूते और आगे बढ़ते देखा जा सकता है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि रोवर अब अच्छी तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोवर में दो उपकरण और लैंडर पर तीन उपकरण लगे हैं और उन सभी को एक-एक करके रूप से चालू किया गया है। उन्होंने कहा, वे मूल रूप से चंद्रमा की खनिज संरचना, साथ ही चंद्रमा के वातावरण और वहां की भूकंपीय गतिविधियों का अध्ययन करेंगे।



■ अच्छी तरह से काम कर रहा है रोवर : इसरो

### इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देने बेंगलुरु जाएंगे मोदी

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद वैज्ञानिकों को बधाई देने के लिए आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का दौरा करेंगे। इस मौके पर भाजपा एक मेगा रोड शो भी करेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा विधायक आर.अशोक ने कहा कि रोड शो बेंगलुरु में जलाहल्ली सर्कल से इसरो मुख्यालय के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से वैज्ञानिकों और पीएम मोदी को बधाई देने के लिए रोड शो में शामिल होने का अनुरोध करता हूं।

# देश

**उवाच**



अमेठी का अपमान करने वालों को जनता कैसे स्वीकार करेगी। उन्होंने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि लोकतंत्र में सबको कहीं से चुनाव लड़ने का अधिकार है:- **स्मृति ईरानी, केन्द्रीय मंत्री**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.3 | 25.5 |
| मुंबई | 31.6 | 26.3 |
| कोलकाता | 27.8 | 25.8 |
| चेन्नई | 35.3 | 26.2 |

# मीडिया विभाग को और चाक-चौबंद करेगी कांग्रेस, जल्द होगा आधिकारिक प्रवक्ताओं का ऐलान

## पार्टी के वाररूम में मीडिया और सोशल मीडिया के बीच तालमेल के लिए भी एक टीम गठित की जाएगी

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त देशबन्धु। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। संगठन के हर पेंच को दुरूस्त करने की कवायद हो रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय नेतृत्व मीडिया विभाग को भी और चाक-चौंब्रद करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मंजूरी मिल जाने के बाद पार्टी नई रणनीति के साथ अपने प्रवक्ताओं की आधिकारिक सूची जारी कोगी। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने मीडिया विंग को और अधिक धारदार बनाने की तैयारी कर रही है इस बात पर जोर दिया जा रहा



है कि केंद्र और राज्यों के मीडिया विभागों के बीच ज्यादा से ज्यादा तालमेल हो। ताकि जिला और ब्लॉक स्तर तक समन्वय स्थापित किया जा सकें। जो संदेश पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व दे वह हुबहू जिला और ब्लॉक समितियों तक पहुंचे। इसके लिए हर स्तर पर एक टीम गठित होगी। साथ ही केंद्रीय स्तर पर पार्टी के वाररूम में

■ **सोशल मीडिया में और प्रोफेशनल लोगों को शामिल करने की तैयारी चल रही है**

मीडिया और सोशल मीडिया के बीच तालमेल के लिए भी एक टीम गठित की जाएगी। वहीं जवाबदेही के साथ राज्यवार 40 सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति कर दी गई है। सोशल मीडिया में और प्रोफेशनल लोगों को शामिल करने की तैयारी चल रही है। जो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिहाज से अलग-अलग कंटेंट तैयार करेंगे। सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने भी कहा,पार्टी ने अब अपने उदार रवैए को छोड़कर ज्यादा आक्रामक होकर भाजपा के झूठ का पर्दाफाश कर रही है। यह तेवर आगे भी बरकरार रहेगा। इतना ही नहीं पार्टी एक पैनल का गठन करेगी,जो मीडिया पर नजर रखेगी और एजेंडा चलाने वालों का बहिष्कार करेगी।

## पीएम मोदी को तब तक उनके झूठ की याद दिलाते रहेंगे जब तक वह सच नहीं बोल देते: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश से उनके झूठ की याद तब तक याद दिलाती रहेगी, जब तक वह अपनी 'हमारी जमीन में किसी ने प्रवेश नहीं किया' वाली टिप्पणी पर सच नहीं बोल देते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, 'याद रखें कि प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को क्या कहा था। जब तक प्रधानमंत्री सच नहीं बोलेंगे, हम देश को बार-बार उनके झूठ की याद दिलाएंगे।' उन्होंने प्रधानमंत्री का एक वीडियो भी संलग्न किया जिसमें वह एक सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते नजर आ रहे हैं। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'हमारे क्षेत्र में कोई नहीं घुसा है, कोई वहां नहीं है और एक भी पोस्ट पर किसी ने कब्जा नहीं किया है।'



**'याद रखें कि प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को क्या कहा था। जब तक प्रधानमंत्री सच नहीं बोलेंगे, हम देश को बार-बार उनके झूठ की याद दिलाएंगे:-जयराम रमेश**

## कांग्रेस जीतने वाले को बनाएगी उम्मीदवार : कमलनाथ

मुरैना। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस जिताऊ व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी। मुरैना जिले के अंबाह पहुंचे कमलनाथ ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, राज्य की पहचान ही भ्रष्टाचार से बन रही है, पचास प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है। कमलनाथ से जब राज्य के चुनाव में उम्मीदवार को लेकर चल रही कवायद पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिताऊ व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी।

# असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर चीन के सामने झुकने का आरोप लगाया

## ओवैसी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की

**हैदराबाद,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को सीमा मुद्दे पर मोदी सरकार पर चीन के सामने झुकने का आरोप लगाया। साथ ही ओवैसी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की। ओवैसी ने मोदी सरकार को चीन के सामने झुकने को शर्मनाक और खतरनाक बताया। उन्होंने मांग की कि सरकार को देश को बताना चाहिए कि उसने 19 दौर में चीन के साथ क्या चर्चा की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ओवैसी ने पूछा कि प्रधानमंत्री बातचीत के लिए चीनी राष्ट्रपति के पीछे क्यों भाग रहे हैं और सरकार, लद्दाख में जो हो रहा है, उसके बारे में देश को अंधेरे में क्यों रख रही है? ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाली में चीनी राष्ट्रपति से बात की। लेकिन, देश को एक महीने बाद पता चला कि किसी तरह का समझौता हुआ है। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। अगले दिन देश को बैठक के बारे में तब पता चला जब चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह बैठक प्रधानमंत्री के अनुरोध पर हुई थी। ओवैसी ने कहा कि चीन के साथ 19 दौर की बातचीत हुई। उन्होंने जानना चाहा कि



**प्रधानमंत्री बातचीत के लिए चीनी राष्ट्रपति के पीछे क्यों भाग रहे हैं और सरकार, लद्दाख में जो हो रहा है, उसके बारे में देश को अंधेरे में क्यों रख रही है:-असदुद्दीन ओवैसी**

नतीजा क्या निकला। क्या चीन ने हमें उन 25 गश्त बिंदुओं पर गश्त करने की इजाजत दी है, जहां उसने हमें गश्त करने से रोका था? क्या चीन ने हमें देपसांग और देमचोक में गश्त करने की इजाजत दी है। कुछ नहीं हो रहा है। यह सरकार चीनियों के सामने क्यों झुक रही है और घुटने क्यों टेक रही है? ओवैसी ने यह भी पूछा कि मोदी सरकार सीमा संकट के समाधान के रूप में कुछ भी स्वीकार करने के लिए सेना पर दबाव क्यों डाल रही है।

## सार संक्षेप

### जन प्रतिनिधियों का आचरण निराशाजनक: धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में जन प्रतिनिधियों के आचरण को निराशाजनक करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि युवाओं को इस संबंध में विरोध दर्ज कराना चाहिए। श्री धनखड़ ने आज यहां नयी दिल्ली प्रबंधन संस्थान के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता के गलियारे 'सत्ता के दलालों' से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'सत्ता के दलालों' की व्यवस्था समाप्त हो गई है। यह कभी पुनर्जीवित नहीं हो सकती। पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की पहचान है और अब भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता है।' न्यायिक प्रणाली को बहुत मजबूत करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी पर कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जा सकता है, तो सड़कों पर उतरने की संस्कृति खत्म होनी चाहिए।

### इंद्राणी तहसीलदार आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने की जांच की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

गुवाहाटी। असम में इंद्राणी तहसीलदार की आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने गहन जांच की मांग की है। तहसीलदार ने 11 अगस्त को एक अन्य सदस्य के साथ अपनी अंतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। असम महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बारठाकुर ने कहा, 'हमें न्यायपालिका पर भरोसा है, लेकिन हाल के कुछ मामलों में हमने देखा है कि पुलिस ने कई मामलों में जांच को विफल कर दिया है। इसीलिए हमने माननीय राज्यपाल से इस मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और तहसीलदार के बीच नौकरी के बदले पैसे की सांठगांठ है। गिरफ्तार किए गए पार्टी नेताओं में से एक ने पुलिस को यह जानकारी दी।

### तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 28 अगस्त तक बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई में विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 28 अगस्त तक बढ़ा दी। वो फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। अदालत ने जेल अधिकारियों को सुनवाई के लिए मंत्री को 28 अगस्त को अदालत में पेश करने का भी निर्देश दिया। सेंथिल बालाजी को 2015 के नौकरी घोटाले के सिलसिले में 14 जून को ईडी ने गिरफ्तार किया था। वर्तमान में, हार्ट बाईपास सर्जरी के बाद उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राज्यपाल आर.एन. रवि ने सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस कदम को लेकर राज्यपाल पर हमला बोला और कहा कि उनके पास बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट जारी किया

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार 25 अगस्त को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' पहल के अंतर्गत जारी किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया। उनके नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज़ विश्व में महिलाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बना। वह एक सच्चे नेता की तरह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वास और साहस के साथ ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के साथ खड़ी रहीं और हमेशा उनका मार्गदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व का यह सबसे बड़ा सत्य है कि जीवन अस्थायी है और व्यक्ति को उसके कर्मों के कारण ही



याद किया जाता है। व्यक्ति को लोक कल्याण की भावना से नेक कार्य करना चाहिए। दादी जी भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आध्यात्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व और मानव कल्याण के उनके संदेश की यादें हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। राष्ट्रपति ने हाल ही में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में कहा कि हम सभी ने भारत के वैज्ञानिकों की अभूतपूर्व सफलता देखी है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है।

# जाति आधारित सर्वे तैयार, जल्द होगा सार्वजनिक : नीतीश

**पटना,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि जाति आधारित सर्वे का काम पूरा हो गया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगा। पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'गिनती पूरी हो चुकी है और डेटा संकलित करने का काम चल रहा है। यह जल्द ही सामने आएगा। सर्वे से समाज के वंचित लोगों को मदद मिलेगी। यह एक तस्वीर देगा कि किस वर्ग को कितना विकास की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भाजपा नेता जाति-आधारित सर्वे पर क्या कह रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि जाति-आधारित सर्वे कराने का बीजेपी सहित सभी दलों का सर्वसम्मत निर्णय था। हम इसके पक्ष में हैं, शुरुआत से।' उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी भी सर्वे पर रोक नहीं लगाई। इस संबंध में दायर जनहित याचिका को पटना हाईकोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। नीतीश कुमार ने यह भी कहा, 'केंद्र देश की जनगणना क्यों नहीं करा रहा है जो हर 10 साल में होती है और 2021 में होनी थी।



**यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगा, 'गिनती पूरी हो चुकी है और डेटा संकलित करने का काम चल रहा है। यह जल्द ही सामने आएगा:-नीतीश, मुख्यमंत्री बिहार**

### नीतीश का आरोप, केंद्र लालू प्रसाद को 'फंसा' रहा है

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को चारा घोटाले में फंसा रही है। इससे पहले दिन में, सुप्रीम कोर्ट ने करोड़ों रुपए के चारा घोटाले में लालू प्रसाद को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

राजद प्रमुख की जमानत खारिज करने की मांग करते हुए, सीबीआई ने कहा, 'लालू प्रसाद को स्वास्थ्य आधार पर जमानत दी गई थी, और अब किडनी प्रत्यारोपण के बाद उनका स्वास्थ्य ठीक है, इसलिए उनकी जमानत रद्द की जानी चाहिए।' यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए नीतीश ने कहा, 'केंद्र सरकार में बैठे लोग लालू प्रसाद को बेवजह परेशान कर रहे हैं।

वे विपक्षी दलों में सभी को परेशान कर रहे हैं।' शिक्षक भर्ती परीक्षा पर उन्होंने कहा, 'परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। मैंने लड़के-लड़कियों को नौकरी देने का वादा किया है और उसे पूरा कर रहा हूं। हम आम लोगों के लिए और भी कई अच्छे काम करेंगे।'

## हाईडैम बनाने को लेकर गंभीर नहीं है केंद्र सरकार : संजय झा

**पटना,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को जद(यू0) मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह ने आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए माननीय मंत्री श्री संजय झा ने कहा कि नेपाल में जब भी रिकॉर्ड बारिश होती है तब उसका सबसे अधिक प्रभाव बिहार में होता है, आज भी नेपाल में जबरदस्त बारिश हुई है और लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी नेपाल की तरफ़ से छोड़ा गया है, विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। हाईडैम की मांग को लेकर हमनें कई बार केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखी है क्योंकि हाईडैम ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है, पटना उच्च न्यायालय के द्वारा भी हाईडैम बनाने को लेकर ऑटोरिट गठित करने की बात कही गई मगर केंद्र सरकार न जाने बिहार से कौन सा दुश्मनी निकाल रही है। श्री झा ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बिहार के अंदर जो भी काम करना है वो काम सरकार पुरी तत्परता से कर रही है, केंद्र सरकार से कहीं कोई सहयोग हमें नहीं मिला है। बिहार के हितों को अनदेखा कर फ़रक्का को निर्माण करवाया गया, गंगा नदी के किनारे बसे सभी शहरों पर हर वर्ष बाढ़ का ख़तरा रहता है। विपक्षी दलों की बैठक के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों बैठकों में सकारात्मक बातचीत हुई है और हमें विश्वास है कि मुंबई में आयोजित होने वाली तीसरी बैठक से इसके स्वरुप को लेकर कोइ ठोस नतीजा निकलेगा।

# केसीआर ने हिंदू नल्ला पोचम्मा मंदिर, ईसाई चर्च और मुसलमानों के लिए मस्जिद का उद्घाटन किया

**हैदराबाद,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। डॉ. बी.आर.अम्बेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने हिंदू, ईसाई और मुस्लिम धर्मों से संबंधित तीन प्रार्थना कक्षों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल तमिलिसाई सुंदर राजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। सचिवालय कर्मचारियों की आध्यात्मिक जरूरतों के लिए मुख्यमंत्री केसीआर ने हिंदू नल्ला पोचम्मा मंदिर, ईसाई चर्च और मुसलमानों के लिए मस्जिद का उद्घाटन किया।



**नल्ला पोचम्मा मंदिर की शुरुआत**

सबसे पहले मुख्यमंत्री सचिवालय श्री नल्लापोचम्मा मंदिर पहुंचे, जो बनकर तैयार है। राज्यपाल के आगमन का इंतजार करते हुए उन्होंने पारंपरिक तरीके से मेला ताल से उनका स्वागत किया। जिस कार्यक्रम में राज्यपाल को आमंत्रित किया गया उसमें मंत्री, सांसद, एमएलसी, विधायक, जन प्रतिनिधि, मुख्य सचिव, राजस्व विभाग के उच्चाधिकारी और अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री और राज्यपाल पूजा कार्यक्रमों में शामिल हुए। पूर्णाहुति कार्यक्रम में भाग लेने के बाद, उन्होंने श्री नल्लापोचम्मा मंदिर में आयोजित विशेष पूजा में भाग लिया। इसी अवसर पर, मंदिर परिसर में निकटवर्ती शिव मंदिर और अंजनेय स्वामी मंदिरों में विशेष पूजा की गई।

**नये चर्च का उद्घाटन**

मंदिर में पारंपरिक मूर्ति पूजा समारोह में भाग लेने के बाद, मुख्य मंत्री केसीआर ने राज्यपाल तमिलिसाई सुंदर राजन के साथ नवनिर्मित चर्च के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्री कोप्पुला ईश्वर और अन्य जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल तमिलिसाई सुंदर राजन ने रिबन काटा और मुख्यमंत्री केसीआर, अन्य जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ चर्च में प्रवेश क्यि। बिशप एमए डैनियल द्वारा बाइबिल पढ़ने के बाद, मुख्यमंत्री केसीआर की उपस्थिति में, राज्यपाल तमिली साई सुंदरराजन ने केट काटा और इसे एमए डैनियल और मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया।

## विधानसभा उपचुनाव : 16 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले, 11 के खिलाफ गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ रहे 42 में से कुल 16 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जिनमें से 11 के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में जिक्र किया है कि उसने 5 सितंबर को छह राज्यों के सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के 43 में से 42 उम्मीदवारों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 उम्मीदवार (38 प्रतिशत) ऐसे हैं, जिन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 'इनमें से 11 उम्मीदवार (26 फीसदी) ने खुद पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि उपचुनाव लड़ रहे 42 में से 10 उम्मीदवार (24 प्रतिशत) करोड़पति हैं। प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 1.08 करोड़ रुपये है। 19 उम्मीदवारों ने खुद पर देनदारियां घोषित की हैं। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि 42 में से 5 उम्मीदवार (12 फीसदी) महिलाएं हैं। बता दें कि झारखंड की डुमरी, केरल की पुथुपल्ली, त्रिपुरा की बोक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश की घोसी, उत्तराखंड की बागेश्वर और पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को उपचुनाव होने हैं।



**कवायद** *दिल्ली में जी- 20 बैठक के तीन दिवसीय प्रतिबंध दिलाएंगे लॉकडाउन की याद*

# केन्द्र व दिल्ली सरकार के दफ्तरों में बंदी के साथ सबकुछ बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

■ जोगोन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 8, 9 और 10 सितंबर को जनता कर्फ्यू से लोगों को एक बार फिर कोरोनो काल के लॉकडाउन की याद ताजा होंने वाली है। क्योंकि इन दिनों के लिए दिल्ली सरकार से लेकर केन्द्र सरकार के दिल्ली में सभी दफ्तर बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।**

इन तीन दिनों में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी। खासकर लुटियंस दिल्ली के आसपास तो सबकुछ बंद रहेगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आज शुक्रवार को जो एडवाइजरी जारी की है उससे भी साफ है कि तीन दिनों में दिल्ली की सड़कें भी खाली दिखने वाली हैं। पुलिस ने एडवाइजरी में बताया है कि किन सड़कों पर रोक रहेगी और कहां आप चल सकते हैं। लॉकडाउन की तरह



जरूरी सेवाओं पर कोई रोक नहीं होगी और मेडिकल इमरजेंसी वाले वाहनों पर पूरी दिल्ली में बिना रोक के आ और जा सकेंगे। दूसरे राज्यों के लिए गुजरने वाले वाहनों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे या अन्य वैकल्पिक रूट पर डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे वाहनों को दिल्ली में एंट्री

■ **इन तीन दिनों में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी**

नहीं दी जाएगी। मालवाहक वाहनों (ट्रक या छोटे वाहन) को दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। हालांकि, दूध, सब्जी, फल, मेडिकल सप्लाई देने वाले बड़े वाहनों को छूट रहेगी। दूसरे राज्यों से आ रही बसों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति तो दी जाएगी।

ऐसी सभी बसों को रिंग रोड पर ही रुकना होगा। दिल्ली में पहले से मौजूद बसें रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर सड़क नेटवर्क पर चलेंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर जाने की परमिशन होगी।

टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के बाहर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। साथ ही नई दिल्ली जिले के अंदर स्थित होटलों में बुकिंग वाले लोगों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के अंदर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। 8-10 सितंबर के बीच दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी लेकिन खान मार्केट, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन 9 सितंबर को 5 बजे सुबह से लेकर 10 सितंबर रात 11 बजे तक बंद रहेगा। नई दिल्ली की ओर आने वाले सभी मार्ग बंद रहेंगे। केवल एयरपोर्ट, नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशनों तक यात्रियों की आवाजाही की परमिशन होगी। जरूरी चीजों के लिए जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी।

उल्टा पुल्टा

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी : क्यों क्या हुआ ?
पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?

# कैपिटल ज़ोन

# दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले 6000 विशेष बच्चों को मुख्यधारा में लाना हमारा उद्देश्यः डॉ. शैली ओबरॉय

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद एनसीईआरटी के साथ मिलकर सिविक सेंटर में विशेष शिक्षकों, मेंटर अध्यापकों,अधिकारियों के लिए क्रॉस डिसएबिलिटी की पहचान क्षमता में वृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निगम के रोहिणी, सिविल लाइंस ,मध्य, दक्षिणी, नजफगढ़ एवं शाहदरा दक्षिणी जोन के विशेष शिक्षकों ने हिस्सा लिया। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने इस अवसर पर आए सभी नवनियुक्त विशेष शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा की शिक्षा सबसे नोबेल व्यवसाय है। वह स्वयं भी दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर रही हैं तथा उन्होंने भी कई कॉलेजों में पढ़ाया है। शिक्षक के ऊपर बच्चों के भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी होती है जोकि हमारे देश का भविष्य हैं। इस प्रकार से हम कह सकते हैं कि शिक्षक देश के भविष्य निर्माता हैं। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में आप सरकार ने दिल्ली को बेहतरीन विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल दिया है, जिसे हम निगम विद्यालयों में भी लागू करेंगे। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि हमने पहले निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम अहमदाबाद भेजा था। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का दूसरा दल प्रशिक्षण के लिए आईआईएम कोझिकोड गया हुआ है। आने वाले समय में हम विशेष अध्यापकों के लिए भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने अध्यापकों से अनुरोध किया कि वो पूरी लगन से बच्चों को पढ़ाए एवं उन्हें किसी भी प्रकार की आवश्यकता है तो वो सीधे उनसे मिल सकते हैं।



दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त एवं शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक अपने आप में एक दुर्लभ संसाधन है। दिल्ली नगर निगम ने 1 हजार विशेष शिक्षकों को नियुक्ति की है,जिससे पता चलता है कि सरकार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि वैसे तो हर शिक्षक विशेष होता है क्योंकि उसके ऊपर समाज के निर्माण की जिम्मेदारी होती है। लेकिन विशेष शिक्षक और भी विशेष होता है क्योंकि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए अत्यधिक लगन की आवश्यकता होती है। हमने छात्रों को कक्षा के हिसाब से न बैठकर उनके अधिगम स्तर के हिसाब से पढ़ाने की व्यवस्था की है ताकि वो अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ सकें।

उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी द्वारा क्रॉस डिसएबिलिटी की पहचान के लिए बनाए गए प्रशस्त टूल की सहायता से एक से अधिक डिसएबिलिटी वाले बच्चों की पहचान में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निगम विद्यालयों में 6000 के लगभग विशेष छात्र हैं तथा हमारा लक्ष्य है की हम इन्हें मुख्य धारा से जोड़ें।

## मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने मेगा सफाई अभियान के तहत वार्ड 77 का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज मेगा सफाई अभियान 'अब दिल्ली साफ होगी' के तहत शहरी सदर पहाड़गंज जोन में वार्ड संख्या 77 का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने क्षेत्र में स्थानीय पार्षद किरन के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान मेयर ने क्षेत्र में शास्त्री सामुदायिक स्थल का भी निरीक्षण किया और वहां सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर ने समुदाय स्थल की नियमित सफाई व मरम्मत के निर्देश दिए। इसके उपरांत मेयर ने वार्ड की सड़कों और आंतरिक गलियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की आंतरिक सड़कों व गलियों की विशेष रूप से सफ़ाई कराई जाए। साथ ही इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि सड़कों के किनारों पर कूड़े का ढेर न लगा हो। मेयर ने क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को आवाजाही में कोई परेशानी ना हो।

## निगम के अनुबंधित कनिष्ठ अभियंताओं का बकाया वेतन जल्द होगा जारीः राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने आज अनुबंधित कनिष्ठ अभियंताओं के अनुबंध ख़त्म किए जाने के संबंध में निगम अधिकारियों के साथ की बैठक। उन्होंने बताया कि हटाए गए अनुबंधित कनिष्ठ अभियंताओं का अनुबंध का नवीनीकरण जल्द ही कर दिया जाएगा और इसके साथ ही अनुबंधित कनिष्ठ अभियंताओं का बकाया वेतन भी जल्द से जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत हर कर्मचारी के साथ खड़ी है और किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जब निगम में थी तब एक भी अनुबंधित कर्मचारियों को नहीं हटाया गया था क्योंकि हम कर्मचारियों के साथ सदैव साथ खड़े रहे और अब भी खड़े हैं। वही आम आदमी पार्टी जहाँ एक ओर ये दावा करती है कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को पक्की नौकरी दी जाएगी वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी अनुबंधित कर्मचारियों को हटाने में लगी हुई है। ये दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में कितना बड़ा फ़र्क है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमीं पार्टी हरदयाल म्युनिसिपल लाइब्रेरी में कार्यरत कर्मचारियों का बकाया वेतन भी जल्द से जल्द जारी करे।

## सार संक्षेप

### लेक्ट्रिक्स ईवी ने एलएक्सएस मूनशाइन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं में ऐतिहासिक क्षण का जश्न मनाने के लिए लेक्ट्रिक्स ईवी एक विशेष संस्करण वाला ईवी स्कूटर लॉन्च कर रहा है। लेक्ट्रिक्स इस विशेष संस्करण वाले स्कूटर की सीमित इकाइयों का निर्माण करेगा। लेक्ट्रिक्स मूनशाइन में एक सुनहरा प्रतीक भारत के उभरते अंतरिक्ष युग का संकेत देने के लिए आकाश की ओर दो तीर, अंकित किया गया है । यह 'अंतरिक्ष युग' प्रतीक वास्तव में लेक्ट्रिक्स के ब्रांड लोगो में किया गया एक संशोधन है। इस विशेष संस्करण के लॉन्च के बारे में बोलते हुए, लेक्ट्रिक्स ईवी के एमडी और सीईओ, श्री के. विजय कुमार ने कहा की आज की भारतीय जेन जेड के लिए, संभावनाएं सीमित नहीं बल्किअनंत हैं। लेक्ट्रिक्स में, हम अपने उपभोक्ता को अपने व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित करने और उन तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। मैं मूनशाइन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। ऐसा करने के लिए हमें भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के नए युग में दृढ़ विश्वास था। यह हर किसी के लिए इसे याद रखने और संजोने के लिए है।

### सरकारी स्कूल में मिड डे मील के खाने से 70 छात्र बीमार, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली के सर्वोदय बाल विद्यालय स्कूल में मिड डे मील के खाने के बाद शुक्रवार को लगभग 70 छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी. ने कहा कि शाम करीब छह बजे सागरपुर पुलिस थाने में एक कॉल आई। जिसमें बताया गया कि सागरपुर के दुर्गापार्क स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय स्कूल में छठी से आठवीं कक्षा के लगभग 70 छात्रों ने मिड डे मील के खाने के बाद उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और पाया कि छात्रों को डाबरी के डीडीयू अस्पताल और दादा देव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद स्कूल अधिकारियों के अनुसार, छात्रों को मिड डे मील के खाने के बाद सोया जूस दिया गया, जिस वजह से उन्हें पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत हुई।

## आई-फेस्टिवल में छात्रों ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने अपने विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा दर्शाने के लिए आई-फेस्टिवल का आयोजन किया। यह इंस्टीट्यूट जेडी इमेज प्रोमोशंस लि. का सहायक संगठन है। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में भाग लेने वाले आगंतुक फैशन की दुनिया में डूबे रहे, उन्होंने इंडस्ट्री आइकॉन्स से डिजाइन के बारे में ज्ञान प्राप्त किया और टीएफए-द फैशन अवार्ड्स जैसे आकर्षक शो का लुत्फ उठाया। इनके साथ ही, ऐक्ज़िबिट एक्स ने अत्याधुनिक इंटीरियर प्रदर्शित किए, जबकि कैम्प 11820 में अत्याधुनिक कलात्मकता को दर्शाया गया। कला, संस्कृति और डिजाइन को समर्पित इस बहुआयामी श्रद्धांजलि ने सभी सहभागियों पर अमिट प्रभाव छोड़ा है। इस कार्यक्रम में रणविजय सिंह, प्रैट्स ऑफिशियल और बैला जैसी मशहूर हस्तियों से मुलाकात का सुनहरा मौका प्राप्त किया। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की प्रबंध निदेशक रूपल दलाल ने कहा की आई-फेस्टिवल महज़ एक ईवेंट नहीं है, यह रचनात्मक अभिव्यक्ति की शक्ति का परिचायक है। हमारा मानना है कि फैशन और कला को अलग नहीं किया जा सकता और इस फेस्टिवल का लक्ष्य है अवरोधों को तोड़ना तथा इन गतिशील क्षेत्रों के मध्य सहयोग को प्रोत्साहित करना।

## जी 20 समिट : सात दिन में पूरी हो सभी परियोजनाएं

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सभी परियोजनाओं को अगले सात दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सम्मेलन को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि अगले सात दिन काफी महत्वपूर्ण हैं। इसमें सम्मेलन को लेकर जारी सभी काम को खत्म किया जाना चाहिए। आयोजन के दौरान नागरिक, विद्युत, बागवानी, चिकित्सा और सुरक्षा की तैयारियों में कोई कमी न रहे। मूर्तियों, कलाकृतियों, फव्वारे को स्थापित करने सहित अन्य सभी प्रकार के काम को पूरा कर उनकी जांच की जाए। जी-20 शिखर सम्मेलन ने दिल्ली को लोगों के लिए स्थायी संपत्ति बनाने का अवसर प्रदान किया है। उपराज्यपाल ने आईटीपीओं में निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था देने को कहा है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग और आईटीपीओ के अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय बनाने को भी कहा। उपराज्यपाल को बताया गया कि किसी भी आपात्कालीन चिकित्सा स्थिति के लिए सभी सरकारी अस्पताल पूरी तरह से तैयार और सुसज्जित हैं। प्रत्येक अस्पताल में तीन टीमों के साथ डॉक्टरों और प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की कुल 80 टीमें हैं। आयोजन के दौरान 70 उन्नत और 60 पूरी तरह से सुसज्जित एंबुलेंस सेवा में लगाई जाएंगी। निजी अस्पतालों को भी खुद को तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। सभी टीमों का सत्यापन हो चुका है और मेडिकल किट भी तैयार हैं। शिखर सम्मेलन स्थल और सभी निर्दिष्ट होटलों में जहां गणमान्य व्यक्ति ठहरेंगे, वहां भी एंबुलेंस तैनात की जाएंगी। सभी चिकित्सा कर्मियों को वर्दी में रहने का निर्देश दिया गया है।



**उपराज्यपाल ने शुक्रवार को की समीक्षा बैठक**

### दमकल विभाग तैयार

अग्निशमन गाड़ियों को निर्धारित होटलों में तैनात रहने का आदेश दिया गया है। उपराज्यपाल ने प्राथमिकता के आधार पर सभी निर्दिष्ट होटलों का फायर सेफ्टी ऑडिट जल्द से जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया है। इनके साथ ही कुल 66 फायर टेंडर तैयार रखे गए हैं। आईटीपीओ में 5 फायर टेंडर तैनात रहेंगे और कुछ फायर टेंडर स्टेंडबाय पर भी रहेंगे। विभिन्न होटलों के लिए 23 वाहन निर्धारित किए गए हैं। अग्निशमन अधिकारियों को क्षेत्रवार नियुक्त किया जाएगा।

### नहीं दिखने चाहिए आवारा कुत्ते

उपराज्यपाल ने स्थानीय निकाय को आदेश दिया है कि आयोजन के दौरान आवारा मवेशियों और आवारा कुत्तों पर लगाम लगाई जा सके। इस कार्य को पुलिस और शहरी निकाय मिलकर अंजाम दे रहे हैं।

### लगाए जाएंगे राष्ट्रीय ध्वज

शिखर सम्मेलन से जुड़े मार्गों पर राष्ट्रीय ध्वज और जी-20 का प्रतीक चिन्ह लगाने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। इसके लिए 18 स्थानों की पहचान की गई है और इसमें दो और स्थान जोड़े जाने की उम्मीद है, जहां कुछ अंतरराष्ट्रीय निकायों सहित 43 झंडे लगाए जाएंगे।

## उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिल्ली में तैयार होंगे नए विश्वविद्यालय परिसर

**उपराज्यपाल ने दोनों परिसर के लिए 25-25 एकड़ भूमि के आवंटन को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के उत्तर और उत्तर-पश्चिम जिले में विश्वविद्यालय के लिए परिसर तैयार होंगे। शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय) और दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी के लिए 25-25 एकड़ भूमि आवंटन को मंजूरी दी। साथ ही नरेला में डीडीए के आवास स्टॉक से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आवास और छात्रावास के लिए फ्लैट खरीदने को भी मंजूरी दी। बता दें कि आईपीयू का विस्तार तेजी से हो रहा है। विश्वविद्यालय ने डीडीए को पत्र लिखकर उत्तरी आवासीय परिसर के लिए भूमि की मांग की थी। साथ ही कर्मचारियों और छात्रों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए नरेला में डीडीए फ्लैटों के आवंटन का भी अनुरोध किया। वहीं जनवरी 2022 में स्थापित दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी ने भी नरेला में 25 एकड़ जमीन की मांग की थी। यह विश्वविद्यालय अभी मुखर्जी नगर की आउट्राम लाइन स्थित एक स्कूल भवन में चल रहा है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने अपने कर्मचारियों और छात्रों के आवास के लिए डीडीए से फ्लैटों के आवंटन का भी अनुरोध किया था। उपराज्यपाल ने दोनों प्रस्ताव को पास करते हुए विश्वविद्यालयों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय को 200 फ्लैटों के आवंटन को भी मंजूरी दे दी है। बता दें कि क्षेत्र के विकास के लिए मेट्रो सेवाओं का भी विस्तार किया जा रहा है।

## विमुक्ति जाति दिवस पर कार्यक्रम में शामिल होंगे बार एसोसिएशन के सदस्य



**डीएनटी समाज को उसका हक मिलने में इतना विलंब क्यों: भाटी**

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली गण परिषद द्वारा विमुक्ति जाति दिवस के अवसर पर होने वाली विचार गोष्ठी में शामिल होने लिए साकेत कोर्ट की बार एसोसिएशन के सदस्यों को आमंत्रण पत्र सौंपा गया है। दिल्ली गण परिषद तरफ से संजयोक धर्मबीर बसोया और परिषद के संरक्षक जगदीश लोहिया और इस विचार गोष्ठी के आयोजक रोमी भाटी के नेतृत्व में ये पत्र सौंपे गए। इस दौरान धमबीर ने बताया की इस विचार गोष्ठी का उद्देश्य ही है कि डीएनटी पर हर नजरिया पर चर्चा हो। जगदीश लोहिया ने बताया की किसी भी सामाजिक न्याय के लड़ाई में कानून समझने वाले लोग ही दिशा दे सकते हैं। वहीं, रोमी भाटी ने कहा कि सरकार के अब तक के उठाए गए सभी कदम की विवेचना करनी जरूरी है ताकि ये समझा जा सके की डीएनटी समाज को उसका हक मिलने में इतना विलंब क्यों हो रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि डीएनटी के विषय पर अच्छे वक्ता गोष्ठी में आमंत्रित हैं और इससे सभी की समझ बढ़ेगी। बार एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य राजपाल कसाना, वीरेंद्र कसाना, करनैल सिंह, धीर सिंह कसाना व अन्य सदस्यों को आमंत्रण दिया गया। दिल्ली गण परिषद के अन्य सदस्य सतीश सोलंकी, अनिल बैसोया व सीमा चौधरी भी मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एन आई टी | 18-A, B, C, D & E-2023-24-डब्ल्यू-5 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | A. 30.06.2024 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/डब्लू०/ एल०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में विभिन्न बड़े और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | B. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/डब्लू०/एम०/तुगलकाबाद के अनुभाग में डीजल शेड, वैगन केयर सेंटर, टी०एम०सी० और अन्य विविध की मरम्मत और रखरखाव का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | C. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/डब्लू०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में दो साल के लिए रैनी वेल और तुगलकाबाद के बीच एम०एस०/सी०आई०/डी०आई० रैनी वेल पाइप लाइन की वार्षिक मरम्मत/रखरखाव का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | D. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निजामुद्दीन के अधीन एस०एस०ई०/डब्ल्यू०/हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में दो वर्षों के लिए हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन और वॉशिंग लाइन कॉम्प्लेक्स में रेत फिल्टर, कीटाणुशोधन प्रणाली और वाल्व संचालन का वार्षिक संचालन और रखरखाव का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | E. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराई रोहिल्ला के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/दिल्ली सराई रोहिल्ला के अनुभाग में दक्षिण और उत्तर लाइन (अप/डाउन) दिल्ली-दिल्ली सराई पर कि०मी० 2.860 से 5.0 पर टी०आर०आर० (पी०) 5.180 टी०के०एम० स्थान का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति :** सी० टी० आर०/टी० आर०आर०/टी० एफ़० आर०/टी० टी० आर० जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की चिंता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल हैं। |
| 2 | **काम की अनुमानित लागत (रुपये) :** A. रुपये 5499898.38, B. रुपये 14999533.72, C. रुपये 15000081.53, D. रुपये 15000081.53, E. रुपये 15000081.53 |
| 3 | **अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोट:-** रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा,।) A. रुपये 110000.00, B. रुपये 225000.00, C. रुपये 225000.00, D. रुपये 250000.00, E. रुपये 184800.00 |
| 4 | **काम की समाप्ति अवधि :** A. 09 महीने, B. 09 महीने, C. 24 महीने, D. 24 महीने, E. 06 महीने |
| 5 | **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय :** 15.09.2023 को 15:00 बजे तक तथा 15.09.2023 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** — यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/18-A, B, C, D & E Date 23.08.2023 2636/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. **14012/14011 होशियारपुर – दिल्ली जं.– होशियारपुर** एक्सप्रेस के संचालन मार्ग का विस्तार **आगरा कैंट** तक किया जा रहा है जो निम्न समय-सारणी के अनुसार चलायी जायेंगी:-
**(नोट: यह रेलगाड़ी दिल्ली जंक्शन के बजाय वाया नई दिल्ली से होते हुए संचालित की जाएगी।)**

| वर्तमान समय | | संशोधित समय | | ↓ स्टेशन ↑ | वर्तमान समय | | संशोधित समय | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. 14012 होशियारपुर – दिल्ली जं. एक्सप्रेस | | रेलगाड़ी सं. 14012 होशियारपुर – आगरा जं. एक्सप्रेस | | | रेलगाड़ी सं. 14011 दिल्ली जं.– होशियारपुर एक्सप्रेस | | रेलगाड़ी सं. 14011 आगरा जं. – होशियारपुर एक्सप्रेस | |
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:25 | -- | 22:25 | होशियारपुर | 05:35 | -- | 09:20 | -- |
| होशियारपुर से दिल्ली जं. रेलवे स्टेशनों के बीच समय में कोई परिवर्तन नहीं है | | | | | | | | |
| -- | -- | 07:10 | 07:20 | नई दिल्ली | -- | -- | 22:25 | 22:35 |
| -- | -- | 08:50 | 08:52 | कोसी कलाँ | -- | -- | 20:25 | 20:27 |
| -- | -- | 09:25 | 09:27 | मथुरा जं. | -- | -- | 19:53 | 19:55 |
| -- | -- | 10:50 | -- | आगरा कैंट | -- | -- | -- | 19:10 |

- विस्तारित रूट पर सेवा प्रारंभ की तिथियाँ: रेलगाड़ी सं. **14012 होशियारपुर** से प्रतिदिन दिनांक **26.08.2023 से एवं रेलगाड़ी सं. 14011 आगरा कैंट** से प्रतिदिन दिनांक **27.08.2023 से।**
- रेलगाड़ी सं. **14011/14012 आगरा कैंट – होशियारपुर – आगरा कैंट एक्सप्रेस** का नम्बर बदलकर **11905/11906** कर दिया जायेगा। यह परिवर्तन दिनांक **27.12.2023** से **आगरा कैंट से तथा** दिनांक **28.12.2023** से **होशियारपुर** से प्रभावी होगा।

**रेलगाड़ी सं. 14011/14012 दिल्ली जं.-होशियापुर-दिल्ली जं. एक्सप्रेस का आगरा कैंट तक विस्तार के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों के समय में संशोधन किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं: –**

| रेलगाड़ी की सं. एवं रेलगाड़ी नाम | स्टेशन | वर्तमान समय आगमन | वर्तमान समय प्रस्थान | संशोधित समय आगमन | संशोधित समय प्रस्थान | दिनांक (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **22431** सूबेदारगंज – उधमपुर एक्सप्रेस | सानेहवाल | -- | 05:29 | -- | 05:44 | 29.08.2023 |
| **14631** देहरादून '– अमृतसर जं. एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:10 | 06:13 | 06:01 | 06:03 | 27.08.2023 |
| **18101** टाटानगर जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:26 | 06:28 | 06:19 | 06:21 | 27.08.2023 |
| **18309** सम्बलपुर – जम्मू तवी एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:26 | 06:28 | 06:19 | 06:21 | 26.08.2023 |
| **12355** पटना जं. – जम्मू तवी एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:40 | 06:45 | 06:31 | 06:36 | 29.08.2023 |
| **14611** गाजीपुर सिटी – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:40 | 06:45 | 06:31 | 06:36 | 01.09.2023 |
| **20985** कोटा जं. – उधमपुर एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 06:40 | 06:45 | 06:31 | 06:36 | 30.08.2023 |
| **13005** हावड़ा जं. – अमृतसर ज. मेल | जलंधर कैंट | 06:51 | 06:53 | 06:42 | 06:44 | 26.08.2023 |
| **12237** वाराणसी जं. – जम्मू तवी बेगुमपुरा एक्सप्रेस | जलंधर कैंट | 07:05 | 07:10 | 06:55 | 07:00 | 27.08.2023 |
| **19803** कोटा जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | फगवाड़ा जं. | 07:09 | 07:11 | 07:10 | 07:12 | 02.09.2023 |
| | जलंधर कैंट | 07:35 | 07:40 | 07:34 | 07:39 | |
| **14618** अमृतसर जं. – बनमनखी जं. जनसेवा एक्सप्रेस | जलंधर सिटी | 07:42 | 07:47 | 08:12 | 08:17 | 28.09.2023 |
| | फगवाड़ा जं. | 08:07 | 08:09 | 08:35 | 08:37 | |
| | फिल्लौर जं. | 08:27 | 08:29 | 08:55 | 08:57 | |
| | ढंडारी कलां* | 09:37 | 09:39 | 09:32 | 09:42 | |
| | सानेहवाल | -- | 09:57 | -- | 10:00 | |

*लुधियाना जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण रेलगाड़ी संख्या 14618 को लुधियाना जंक्शन के बजाय ढंडारी कलां स्टेशन पर दिनांक 15.06.2023 से अस्थायी ठहराव दिया गया है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइट: https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2642/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

आज हिंदी भवन में पहले दिन नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन कल 12 करोड़ रुपए की संपत्ति नीलामी के जरिए बेची गई। इसमें कुछ 14 ही संपत्तियों की बिक्री हुई हैं। उन्होंने कहा कि जीडीए की संपत्ति खरीदने के लिए यह लोगों के पास अच्छा मौका है और वाजिब दामों में वह खरीद कर अपना व्यवसाय चला सकते हैं।

**सीपी त्रिपाठी, जीडीए अपर सचिव**

## जीडीए ने पहले दिन नीलामी के जरिये बेची 12 करोड़ की 14 संपत्तियां





**■ हिंदी भवन हुई नीलामी, खरीदारों में दिखा भारी उत्साह**

**गाजियाबाद,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में नीलामी के माध्यम से कुल 12 करोड़ रुपए की संपत्ति की बिक्री की। नीलामी के पहले दिन कल 14 प्रॉपर्टी की नीलामी हुई। इस दौरान काफी संख्या में बोली दाता शामिल रहे। जिस तरह जीडीए की प्रॉपर्टी खरीदने के लिए लोगों का रुझान है उससे लगता है कि आने वाले कुछ दिनों में जीडीए की प्रॉपर्टी की बिक्री में और तेजी आ सकती है।

जीडीए ने हाल ही में 260 संपत्तियां को नीलामी के जरिए बिक्री करने का निर्णय लिया था। जिसके लिए जीडीए ने 2000 से कम वर्ग मीटर क्षेत्रफल के औद्योगिक भूखंड, व्यवसायिक भूखंड, दुकानों के भूखंड, आवासीय भूखंड, पेट्रोल पंप के भूखंड, एजुकेशनल भूखंड को शामिल किया गया है। इसके अलावा 2000 वर्ग मीटर से अधिक के मल्टीप्लेक्स, व्यवसायिक, ओल्ड एज होम सामुदायिक केंद्र भूखंड, कन्वेनिएंट शॉपिंग भूखंड, ग्रुप हाउसिंग भूखंड, नर्सिंग होम के भूखंड भी शामिल हैं। जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि आज हिंदी भवन में पहले दिन नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन कल 12 करोड़ की संपत्ति नीलामी के जरिए बेची गई। इसमें कुछ 14 ही संपत्तियों की बिक्री हुई हैं। उन्होंने कहा कि जीडीए की संपत्ति खरीदने के लिए यह लोगों के पास अच्छा मौका है और वाजिब दामों में वह खरीद कर अपना व्यवसाय चला सकते हैं।

### नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ सुनी समस्याएं



**गाजियाबाद**। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने शुक्रवार को नगर निगम सभागार में लोगों की समस्याएं सुनी नगर आयुक्त आज सभागार में निगम अधिकारियों के साथ बैठे और फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मुख्य अभियंता एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज व जीएम जल आनंद कुमार त्रिपाठी समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रांस हिंडन में अवैध निर्माण पर चला जीडीए का हथौड़ा



गाजियाबाद, 25 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए में शुक्रवार को ट्रांस इंडियन क्षेत्र में बिल्डर द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर जमकर हथौड़ा चलाया। इस दौरान कई अवैध निर्माणों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रमोद डागर ने भूखंड संख्या 126-ए, राधेश्याम पार्क, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर प्राधिकरण से बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल का मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। प्राथमिक जांच से जानकारी प्राप्त हुई है कि इस भूखंड संख्या 126-ए, राधेश्याम पार्क, साहिबाबाद के ले-आउट में था ही नहीं, जिस कारण मानचित्र की नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्रवाई गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही है। श्री डागर द्वारा स्वीकृत मानचित्र (निरस्तीकरण प्रस्तावित) के विपरीत किए गए अनाधिकृत निर्माण तो तोड़ दिया गया।

### गाजियाबाद के उद्यमियों को बड़ी राहत

## महापौर ने किया 21 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास



**गाजियाबाद,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद के उद्यमियों को आज बड़ी राहत मिली। महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को बुलंदशहर रोड इण्ड. एरिया में करीब 21 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि उद्योग ईकाई के कारण पूरे भारत में गाजियाबाद का नाम है। उन्होंने उद्यमियों से उनके सीएसात फण्ड से औद्योगिक इलाको को आदर्श औद्योगिक इलाका बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

महापौर ने सी 189 से 208 एवं जी टी रोड रोड न 3 तक आर सी सी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य (लागत 6 करोड़ 46 लाख) व होटल मेडन रेसिडेंसी से न्यू एरा कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य (लागत 1 करोड़ 99 लाख) एवं

**■ उद्योग ईकाई के कारण पूरे भारत में है गाजियाबाद का नाम : सुनीता दयाल**

पार्षद राज कुमार नागर के वार्ड 65 लोहा मंडी इण्ड. एरिया में जी टी रोड से ए 1 वहां से 202 तक व प्लाट न 118 रोड न 2 का आर सी सी सड़क नाला निर्माण कार्य (लागत 4 करोड़ 63 लाख), रोड न 13(लागत 3 करोड़ 4 लाख), रोड न 15 (लागत 3 करोड़ 8 लाख) व रोड न 16 (लागत 2 करोड़ 93 लाख) के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, पार्षद राज कुमार नागर, पार्षद आनंद गौतम, पार्षद नीरज गोयल, अधिशासी अभियंता जैदी, सहायक अभियंता श्याम सिंह उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

#### वार्षिक कार्यक्रम में क्लासिकल डांस व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**नोएडा**। सेक्टर-28 स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हास्य कवि सम्मेलन, सैमी क्लासिकल डांस का आयोजन किया गया। क्लासिकल डांस देशभक्ति पर आधारित था। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन में दिल्ली एनसीआर के 14 विद्यालयों ने भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में स्कूलों के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्या वीरा पांडे व कार्यक्रम के निर्णायक गणों द्वारा किया गया। नृत्य कला में निर्णायक थी निवेदिता बागची एवं सोमा मजूमदार कथक नृत्यांगनाएं। हास्य कवि सम्मेलन में आए छात्रों ने प्रसिद्ध कवियों की हास्य कविताएं सुनाकर सबको बहुत हसाया। निमिषा व संचालक ईशानवी अत्रेय ने अपने हरियाणवी अंदाज में सबका खूब मनोरंजन किया। कवि सम्मेलन में प्रथम स्थान मयूर पब्लिक स्कूल के आदर्श ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान डीपीएस नोएडा के एकांश व तृतीय रेयान इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की रीत छाबड़ा ने हासिल किया। विशेष भावाभिव्यक्ती पुरस्कार गीतांश, विश्व भारती पब्लिक स्कूल को दिया गया । नृत्य में प्रथम पुरस्कार खेतान पब्लिक स्कूल नोएडा को, द्वितीय स्थान विश्व भारती पब्लिक स्कूल नोएडा को मिला।

#### पत्नी ने मायके वालों के संग मिलकर पति की हत्याकर शव को ठिकाने लगाया

**गाजियाबाद**। खोड़ा थाना इलाके में पत्नी व उसके मायकेवालों के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और शव को गायब कर दिया। इस मामले की रिपोर्ट खोड़ा थाने में दो साल आठ महीने बाद अदालत के आदेश के बाद शुक्रवार को दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रविंदर सिंह निवासी आजाद विहार खोड़ा कालोनी थाना खोड़ा गाजियावाद के पुत्र विशाल की शादी 25 नवम्बर 2020 को वसंजना पुत्री विनय कुमार निवासी कटका रमन थाना भमौरा जिला बरेली के साथ हुई थी। शादी के बाद विशाल कुछ समय के लिए अपनी ससुराल में रहा था। फिर वापस खोड़ा कालोनी गाजियाबाद आ गया। खोड़ा कालोनी गाजियाबाद से 26दिसम्बर 2021 को वह बिना बताये घर से कही चला गया। जिसकी गुमशुदगी रविंदर ने सिंह की गुमशुदगी 2 जनवरी 2022 को दर्ज कराई। वहीं गुमशुदा के साले सूरज सिहं ने भी कटका रमन थाना भमौरा जिला बरेली द्वारा थाना खोड़ा में गुमशुदगी अंकित कराई गयी थी। इस गुमशुदगी की जांच पुलिस ने की परन्तु गुमशुदा विशाल का पता नहीं चल सका है।

#### बरौला टी प्वाइंट पर हथियार के बल पर युवक को लूटा

**नोएडा**। बाइक सवार बदमाशों ने बरौला टी प्वाइंट के पास हथियार के बल पर युवक को लूट लिया। बदमाश युवक का पर्स, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बरौला गांव निवासी निखिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार सुबह चार बजे ड्यूटी समाप्त कर सेक्टर-98 से घर आ रहे थे, तभी बरौला टी प्वाइंट के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश पीछे से आए और हथियार दिखाकर पर्स और मोबाइल छीन लिया। पर्स में नगदी, आधार और पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज थे।

## स्लम बच्चों को एसीपी ने पढ़ाया चंद्रयान का पाठ



**■ पुलिस कमिश्नरेट ने चलाया नन्हे परिंदे अभियान**
**■ पेंटिंग व खेल-खेल में बच्चों को मिली जानकारी**

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। स्लम बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नोएडा पुलिस द्वारा नन्हे परिंदे अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को एसीपी-1 नोएडा रजनीश वर्मा ने स्लम के बच्चों को चंद्रयान-3 मिशन के बारे में सरल भाषा और पेटिंग के जरिए जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से हमारे देश के वैज्ञानिको द्वारा चन्द्रयान 3 को चांद पर भेजा गया। उक्त मिशन द्वारा किये जाने वाले कार्या से भी अवगत कराया गया।

ये जानकारी उन्होंने बच्चों को बहुत ही आसान भाषा और खेल खेल में बताई। बच्चे चंद्रयान की जानकारी पाकर काफी उत्साहित हुए। इसके बाद उन्होंने चंद्रयान की पेंटिंग भी बनाई। बच्चों द्वारा एसीपी-1 रजनीश वर्मा को रॉ मेटेरियल द्वारा चन्द्रयान-3 का एक स्मृति चिन्ह बनाकर भेंट किया गया। उन्होंने खुद पेंटिंग के जरिए बच्चों को बताया कि चांद पर विक्रम लैंडर से बाहर आया प्रज्ञान क्या क्या काम करेगा। पानी की तलाश करेगा। वहां मौजूद मिट्टी और धातुओं की जानकारी देगा। बच्चों के एक-एक प्रश्न का जवाब भी दिया। इसके बाद किसी बच्चे के मन में कोई शंका न रहे इसके लिए उन्होंने कुछ बच्चों से चंद्रयान के बारे में जानकारी भी ली। ये मुहिम नोएडा कमिश्नरेट की ओर से चलाई जा रही है। जिसमें एक वैन स्लम बच्चों को उन्ही के पास जाकर नई-नई जानकारी देती है।

## 80 टन लोहे का छल्ला बीचों-बीच सड़क पर गिरा

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में सबसे अधिक व्यस्त सड़क पर करीब 80 टन लोहे का छल्ला बीचों-बीच गिर गया है। इससे वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यातायात पुलिस ने सड़क पर लोहे का छल्ला गिरने के बाद रोड को डाइवर्ट कर दिया है। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवान सुबह से छल्ला को हटाने की कोशिश में लगे हुए हैं। इसके लिए बड़ी-बड़ी क्रेन मंगवाई गई है। जिसकी मदद से लोहे के छल्ले को किनारे किया गया। जिसके बाद एक-एक कर वाहनों को निकाला जा रहा है।

**■ बड़ा हादसा होने से टला, 100 टन की तीन क्रेन छल्ले को हटाने का कर रहीं थीं प्रयास**



**सेक्टर-59 अंडरपास के पास बड़ा हादसा होने से टला**

ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के एक प्लांट से ट्रक पर लादकर लोहे का छल्ला मध्य प्रदेश के लिए जा रहा था। इस दौरान गाजियाबाद से नोएडा की तरफ आने सेक्टर-59 अंडरपास पर सेंट्रल वर्ज से छल्ला टकरा गया और सड़क पर पलट गया। इसके कारण सुबह से जाम की स्थिति बनी है। ट्रैफिक पुलिस के जवान जाम की व्यवस्था को दूर करने में लगे हुए है।

**मामूरा मार्ग का इस्तेमाल न करने की सलाह**

लोहे का छल्ला भारी भरकम है। इसका वजन करीब 80 टन है। सुबह से नोएडा पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर मौजूद है। तीन 100 टन की मशीन को बुलाकर लोहे के छल्ला को हटाने में लगी हुई है लेकिन मशीन की ग्रिप लोहे के छाले को पकड़ नहीं पा रही है। इस वजह से काफी परेशानी हो रही है। 10 घंटे बित जाने के बाद भी सड़क से छल्ले को हटाया नहीं जा सका है उसे किनारे जरुर किया गया। जब तक सड़क से लोहे का छल्ला हटाया नहीं जाता ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को मामूरा मार्ग का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है।

## लोक लेखा समिति की बैठक के लिए स्पोर्ट्स सिटी के जवाब तैयार कर रही अथॉरिटी

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट में लखनऊ में लोक लेखा समिति की अगली होने वाली बैठक में अथॉरिटी को कई तथ्यों के साथ जवाब देना है। इसमें ग्रुप हाउसिंग प्रॉजेक्ट, फ्लैट बायर्स व पूरे प्रोजेक्ट में मौजूदा स्थिति, जमीन से लेकर मुआवजा व अन्य बिंदु शामिल हैं। अथॉरिटी समिति की तरफ से किए गए सवालों के जवाब तैयार करवाए जा रहे हैं। कितने सवालों के जवाब तैयार हो गए यह समीक्षा शुक्रवार को अथॉरिटी के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के सेक्टर-29 स्थित दफ्तर में बैठक कर की। बैठक के बाद यह तय हो गया है कि लोक लेखा समिति की बैठक से पहले स्पोर्ट्स सिटी को लेकर अथॉरिटी कोई निर्णय नहीं लेगी। यह बैठक सितम्बर के दूसरे हफ्ते में होने की उम्मीद है।

**■ एनएमआरसी के दफ्तर में हुई बैठक**

लोक लेखा समिति सीएजी आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए सुनवाई कर रही है। स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट 2008 का है। सेक्टर-78, 79, 101, 150, 152 में 4 प्लॉट आवंटित किए गए। शर्त यह थी कि 30 प्रतिशत जमीन पर डिवेलपर्स 28 प्रतिशत पर ग्रुप हाउसिंग, 2 प्रतिशत पर व्यवसायिक निर्माण कर सकेंगे। बाकी 70 प्रतिशत जमीन पर खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसी शर्त पर सहूलियत भरी दरों में जमीन अथॉरिटी ने दी थी। हर प्लॉट का मूल नक्शा भी उस समय बना था। हुआ यह कि प्लॉट लेने वाले मूल आवंटी डेवलपर्स ने सब-डिवीजन कर जमीन के टुकड़े शुरू कर दिए। एक-एक प्लॉट में 24-24 प्लॉट निकाले गए। फिर प्रति प्लॉट में 30 प्रतिशत जमीन ग्रुप हाउसिंग और कमर्शियल निर्माण को चिन्हित कर दी गई। इस आधार पर नए नक्शे बने और ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट आए। खेल सुविधाएं विकसित नहीं हुई।

सीएजी के ऑडिट में जब पूरी गड़बड़ियां सामने आई हैं तो अथॉरिटी से लेकर शासन तक हलचल मची हुई है। दूसरी तरफ ओसी-सीसी पर रोक से हजारों फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री भी फंसी हुई है।

## शहर की माडल मार्केट के रूप में विकसित होगा ब्रह्मपुत्र कांप्लेक्स

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के बाजारों का इस प्रकार से सुंदरीकरण किया जाए, जिसकी ओर लोग आकर्षित हो। घर से निकल बाजार में घूमने के लिए बाध्य हो। मौज मस्ती कर बाजार में खाएं पीये, खरीदारी करे, उसके बाद आराम से अपने घर लौट जाए। इसके लिए जरूरी है कि बाजारों में ऐसा माहौल उपलब्ध जाए, जिससे लोग यहां पर आने के लिए आतुर रहे, कुछ देर ठहरे। इसी उद्देश्य के साथ नोएडा प्राधिकरण ने अब शहर की अन्य बाजारों का सुंदरीकरण करने का फैसला लिया है, शुरूआत सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र बाजार से की जा रही है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-18 बाजार के बाहर किसी बाजार को मॉडल बाजार के रूप में विकसित करने का प्रयास करेगा। इसके लिए वर्क सर्किल दो व ईएंडएम दो संयुक्त रूप से बाजार को सुंदरीकरण के लिए काम करेगा, तीन करोड़ रुपये का बजट खर्च करेगा। ईएंडएम दो वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल ने बताया कि बाजार के कोने में ट्रांसफार्मर लगा है, जिसे हटाकर किनारे पर रखा जाएगा।

इस पर करीब 60 लाख रुपए का बजट खर्च होगा। वर्क सर्किल विजय कुमार रावल ने बताया कि बाजार में जितनी भी दुकानें है, उन दुकानों का एक साइज का बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें वह अपने दुकान का नाम डिस्प्ले करेंगे। दुकानों के बाहर वाक-वे का सारा टाइल्स उखाड़ कर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा, जो बाजार को आकर्षक लुक देगा। जिस कोने से ट्रांसफार्मर हटाया जाएगा, उस जगह पर म्यूजिकल फाउंटेन बनाया जाएगा। फुटपाथ पर भी टाइल्स लगेंगे, वाक-वे व फुटपाथ के बीच ड्रेन का कवर किया जाएगा। लोगों के बैठने के लिए बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के चेयर लगेंगी, पत्थर के स्टूल बनाएं जाएंगे। बाजार के दोनों तरफ ऊपरी हिस्से में ब्रह्मपुत्र मार्केट लिखा जाएगा। सबसे अधिक आश्चर्य चकित करने वाली बात यह होगी कि बाजार पूरी तरह से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त होगा। बाजार से निकलने वाला कचरा उसी बाजार में निस्तारित किया जाएगा।

## नोएडा में खत्म होगी भीख मांगने की प्रवृत्ति

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। ट्रैफिक सिग्नलों पर भीख मांगने, निर्माण साइटों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चो व अन्य स्लम एरिया में रहने वाले को शिक्षा, भोजन के अलावा अन्य सुविधाएं मिले, इसके लिए प्राधिकरण योजना पर काम कर रहा है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने इस फील्ड में काम करने वाले एनजीओ के साथ बैठक की। इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण की ओर से एसीईओ प्रभाष कुमार, डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य विजय रावल के अलावा नौ से ज्यादा एनजीओ ने हिस्सा लिया। सीईओ लोकेश एम ने एनजीओ के प्रतिनिधियों को कहा कि वे विभिन्न चौराहों व बाजारों में भीख मांगने वाले बच्चों का सर्वे कर उनकी संख्या और विवरण एकत्र करे। ताकि क्षेत्रवार उनकी शिक्षा और अन्य सुविधाओं के संबंध में स्थान का चयन कर व्यवस्था की जा सके। वहीं निर्माण साइटों पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों का डाटा एकत्रित किया जाए। उन बच्चों को बेसिक शिक्षा अधिकारी के जरिए शिक्षा की सुविधा जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बाजार और चौराहों पर भीख मांगने का काम माफियाओं के द्वारा संचालित किया जाता है। इसके लिए पुलिस का सहयोग से भीख मंगवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि भीख मांगने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। इस मौके पर पूर्व प्रधान निठारी की ओर से निठारी बारात घर में एनजीओ की ओर से संचालित गरीब बच्चों के केंद्र में इंडोर स्पोर्ट एक्टिविटी, प्लांटिंग और लाइब्रेरी की डिमांड की गई। इस पर सीईओ ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उपलब्ध कराने को कहा गया।

**■ बच्चों को मिलेगी शिक्षा व माफियाओं पर कसेगी लगाम**
**■ सीईओ ने एनजीओ को दिए निर्देश**




## अतिक्रमण हटाने गई प्राधिकरण टीम से हाथापाई

**नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-145 नलगढ़ा में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान शुक्रवार को हंगामा हो गया। लोगों ने विरोध करते हुए प्राधिकरण कर्मचारियों से हाथापाई कर दी। कुछ लोग जेसीबी के आगे लेट गए। ऐसे में प्राधिकरण को बीच में कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा।

**■ 2 हजार वर्गमी जमीन से हटाया गया अवैध निर्माण**
**■ काटी जा रही थी अवैध कालोनी**






नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नलगढ़ा गांव के पास सरकारी जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। यह शिकायत मिलने पर शुक्रवार को प्राधिकरण के वर्क सर्किल-10 की टीम और पुलिस अतिक्रमण हटाने गई।

करीब दो हजार वर्ग मीटर जमीन से अतिक्रमण हटा दिया। यहां कॉलोनी काटी जा रही थी। इसके बाद कुछ दूरी पर ही एक जमीन पर हो रखे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई तो लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। यहां पर लोगों ने वर्क सर्किल टीम के कर्मचारियों और पुलिस से हाथापाई शुरू कर दी। अन्य पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव कर लोगों को हटाया। इसी दौरान मौके पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता विरोध करते हुए जेसीबी के आगे लेट गए और प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध करने लगे।

लोगों के अधिक हंगामे के कारण नोएडा प्राधिकरण को बीच में कार्रवाई बंद कर वापस लौटना पड़ा। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह का कहना है कि कुछ लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। कुछ जगह से अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए भारतीय किसान यूनियन ने मामले की शिकायत ओएसडी से की है। उन्होंने कहा कि यह किसानों की जमीन है जिसको प्राधिकरण अपना बता रहा है।

**जमीन पर बने हैं करीब 8 से 10 कमरे**

जिस जमीन से अतिक्रमण हटाया गया वह जमीन नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। वहां मास्टर प्लान के अनुसार परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है। नियोजित जमीन पर 8 से 10 कमरे बने हुए थे। जिनको जेसीबी से हटा दिया गया। इस दौरान हंगामा हुआ था।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की और जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देश दिए की जनपद गौतम बुद्ध नगर को नशा मुक्त बनाने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए आमजन को जागरूक किया जाए।

**मनीष कुमार वर्मा, डीएम**

## संस्थागत श्रेणी के भूखंडों की यमुना प्राधिकरण ड्रा के जरिए करेगा आवंटन

■ आवंटन में स्कूल, धार्मिक स्थल, वृद्धाश्रम, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर आदि शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण संस्थागत श्रेणी के भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिये करने की तैयारी है। हालांकि इस श्रेणी के कुछ भूखंड नीलामी के जरिये ही मिल सकेंगे। इसका प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। वहीं, प्राधिकरण मिल्क बूथ को भी संस्थागत की श्रेणी में लाने का प्रयास करेगा। यमुना प्राधिकरण में आवासीय को छोड़कर अन्य सभी श्रेणी के भूखंडों का आवंटन नीलामी के जरिये होता है। शासन ने औद्योगिक भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिये करने का आदेश जारी कर चुका है। कहा है कि प्राधिकरण इसकी नीति बनाकर इसे लागू करे। प्राधिकरण नीति बनाकर इसे अपने बोर्ड से पास कराएगा। इसके बाद इसे लागू करेगा। इसके साथ ही प्राधिकरण ने संस्थागत श्रेणी के भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिये करने का फैसला लिया है। यमुना प्राधिकरण इसका प्रस्ताव आगामी नौ सितम्बर को होने वाली बोर्ड बैठक में रखेगा। प्राधिकरण ने इस श्रेणी में नर्सिंग होम, अस्पताल और कारपोरेट आफिस को छोड़कर सभी तरह के भूखंड ड्रा के जरिये आवंटित करेगा। इसमें स्कूल, धार्मिक स्थल, वृद्धाश्रम, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर आदि शामिल हैं। प्राधिकरण मिल्क बूथ को भी संस्थागत की श्रेणी में लाने का प्रयास करेगा। इसका भी प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि संस्थागत श्रेणी के भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिये करने के लिए प्रस्ताव बोर्ड में रखा जाएगा।

# तंबाकू मुक्त संस्थान अधिक से अधिक किया जाए घोषित : जिलाधिकारी

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शारदा यूनिवर्सिटी में हुई, जिसमें जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, एसीपी क्राइम श्यामजीत सिंह, जिला औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, डीआरआई नोएडा रीजनल मैनेजर संजय शर्मा, प्रभारी तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ. श्वेता खुराना, डिप्टी सीएमओ चंदन सोनी, एनसीबी सुनील कुमार, डिप्टी आरओ फॉरेस्ट शशि शेखर शर्मा, जिला एक्साइज ऑफीसर एस के श्रीवास्तव, डीसीआईओ/आईबी राजीव सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी संदीप कुमार, एस आई ए एन टी एफ शिवम त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से डॉ. संध्या सिंह, आबकारी निरीक्षक, शारदा यूनिवर्सिटी के डीन निरुपमा गुप्ता, व कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की और जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देश दिए की जनपद गौतम बुद्ध नगर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए आमजन को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों व कॉलेजों को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नार्कोटिक्स पदार्थ फ्री बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। यदि कहीं पर भी शिक्षण संस्थान से 100 गज के दायरे में तंबाकू, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट का विक्रय होता पाया जाए तो संबंधित विक्रेता की सूचना संबंधित उप जिला अधिकारी, थाना प्रभारी व तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को देते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों का भी भरपूर सहयोग लिया जाए ताकि शैक्षणिक संस्थानों द्वारा मैनेजमेंट टीम का गठन करते हुए तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान ज्यादा से ज्यादा घोषित किये जा सके। इस अवसर पर शारदा कॉलेज मैनेजमेंट की ओर से आश्वासन दिया गया कि कॉलेज को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नारकोटिक्स पदार्थ फ्री घोषित किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने वाहन स्वामियों व संचालकों को वितरित किया फर्स्ट एड किट




**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स के द्वारा आमजन को वितरित किए जाने वाले फर्स्ट एड किट अभियान का कलेक्ट्रेट परिसर से शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने फर्स्ट एड किट का शुभारंभ करते हुए वाहन स्वामियों और संचालकों को किट वितरित की। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि संस्था का यह सराहनीय पहल है, इससे आमजन में भी जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के दौरान बड़ी संख्या में लोग घायल हो जाते हैं और घायलों को समय से फर्स्ट एड न मिलने से कुछ की मौत भी हो जाती है, इसलिए सभी वाहनों में फर्स्ट एड कीट होना जरूरी है। संस्था के स्थानीय कार्यकर्ता डॉ. बी.एस. चौहान व पूर्व सीएमओ होम्योपैथ डॉ. ललित मोहन जौहरी ने कहा कि संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां की पावन प्रेरणाओं से संस्था द्वारा सौ से भी ज्यादा सोशल कार्य किए जाते हैं। ये अभियान भी उसी का हिस्सा है, जिसके तहत गौतम बुद्ध नगर में भी वाहनों चालकों को फ्री में फर्स्ट एड किट का वितरण करने के साथ ही उन्हे दुर्घटनाओं में दूसरे की मदद कर जान बचाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर ऋषिपाल अरोड़ा, सीए प्रदीप कुमार, शिव कुमार, जय चंद, मुकेश कुमार, पंकज इन्सां, जसपाल, अवतार, श्याम सिंह, स्वीटी रूपवती, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

#### उद्यान केयर में लड़कियों के दांत की हुई जांच




**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर गामा-1 स्थित जगशांति उद्यान केयर में शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंस के डॉक्टरों ने फ्री डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 11 से 23 वर्ष की 50 से 60 लड़कियों की जांच की गई। शारदा स्कूल ऑफ डेंटल साइंस के डीन डॉ. एम. सिद्धार्थ ने बताया कि वहां रह रही युवतियों को दांतों की जांच की गई और उन्हें यह भी समझाया कि दांतों को कैसे साफ रखें व दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी। इस दौरान बालिकाओं को शून्य भेदभाव एवं लैंगिक समानता एवं संवेदीकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। कैंप में डॉ. स्वाति, डॉ. अलंकृता, डॉ. फैसल, डॉ. साक्षी व इंटर्न आशी, दीपांशु, अवंतिका, दीक्षा और दुआ मौजूद रही।

#### तमंचा व चाकू के साथ दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**दनकौर।** बिलासपुर कस्बे के पास से पुलिस ने गस्त के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तमंचा और चाकू भी बरामद किया है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। गुरुवार की रात पुलिस बिलासपुर कस्बे के नजदीक टीम के साथ गस्त कर रही थी। उसी दौरान दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने दोनों को भागकर दबोच लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ गुल्टा और आकाश निवासी बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि दोनों दोस्त है। जो चोरी समेत अन्य आपराधिक मामलों में पहले जेल भी जा चुके हैं। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश कर भेज दिया गया है।

## डीजे एक्सपो में पहले दिन दर्शकों की उमड़ी भीड़

■ मेक इन इंडिया के स्टॉल पर भारतीय लाइट एंड साउंड पर रहा केन्द्रित




**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। म्यूजिक प्रोडक्शन से जुड़े गजेट्स और तकनीक को दुनिया से रूबरू कराने वाली वार्षिक प्रदर्शनी 'इंडियन डीजे एक्सपो-2023' का आगाज हो चुका है, जो 27 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडियन एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (आईईएमएल) में चलेगा। इस सलाना एक्सपो में डीजे मिक्सर और कंट्रोलर से लेकर नवीनतम डीजे सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर के साथ क्लब साउंड, टूरिंग साउंड के अलावा पीए के लिए स्पीकर सिस्टम की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। एक्सपो में लाइटिंग ब्रांड लेजर सहित स्टेज और एंटरटेनमेंट लाइटिंग में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के दर्शन कर सकते हैं। एलईडी तकनीक, एलईडी वॉल्स और स्क्रीन में अत्याधुनिक सॉल्यूशंस पेश किए गए हैं। इंडियन डीजे एक्सपो के संयोजक मैनुअल डायस ने बताया कि बताया कि यह एकपो का आठवां संस्करण है। पहले इस एकपो में नार्थ इंडिया का ही पारटीसिपेशन होता था लेकिन अब नेपाल, बंगाल, श्री लंका और दुनियाभर से लोग जुड़ चुके हैं। इस कारोबार से जुड़ी ज्यादातर कंपनियां भी एनसीआर से ऑपरेट करती हैं, जिससे उन्हें विक्रेता और खरीदार के बीच एक प्रभावी नेटवर्किंग बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा त्योहारी सीजन में पेशेवरों की जरूरतें पूरी करने में भी इंडियन डीजे एक्सपो अहम भूमिका निभाता रहा है।

## पिछली सरकार ने शिक्षा में नकल का अधिकार देकर शिक्षा का पक्षघात : योगेन्द्र उपाध्याय

■ शिक्षा समागम में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा मंत्री हुए शामिल, शिक्षकों को कहा शिक्षा का संत




**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। डिजिटल एजूकेशन पर इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश शिक्षा समागम 2023 का आयोजन हुआ, इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि योगेंद्र उपाध्याय कैबिनेट मिनिस्टर उत्तर प्रदेश सरकार हायर एजुकेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी रहे उनका स्वागत प्रोफेसर डॉक्टर आर.के खण्डाल और ऑटो एंड डिजिटल एजुकेशन के संस्थापक नामित भाटी ने किया।

इस कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष से विश्वविद्यालय के कुलपति व अध्यक्ष तथा प्रधानाचार्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश तथा देश की शिक्षा पर चर्चा हुई। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा डिजिटल एजुकेशन देश के गांव में शिक्षा पहुंचने का एक बहुत अच्छा माध्यम है सरकार ने इसके लिए बजट भी आवंटन किया है, उन्होंने कहा कि योगी व मोदी भी डिजिटल एजुकेशन को प्रमोट करने के लिए साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा के संत हैं, आप लोगों से अपेक्षा करूंगा जो भी आपके पास है उसको समाज में बांटे। योगी जी हर क्षेत्र में बहुत रुचि लेते रहे हैं, उनका चिन्तन व मनन है सभी विषयों पर है।

यहां पर जो मंथन हुआ है, इससे जो अमृत निकलेगा, हमारी जिम्मेदारी है कि समाज में उसका वितरण हो। शिक्षा के क्षेत्र में बहुत से सुझाव आए, जो हम नहीं कर रहे हैं उस पर काम किया जाएगा। पिछले सरकार में शिक्षा के साथ अन्याय हुआ, छात्रों को नकल करने का अधिकार देकर शिक्षा का पक्षघात किया। योगी से पहले उत्तर प्रदेश का एक भी विश्वविद्यालय बी प्लस ग्रेड में नहीं था, आज प्रधान मंत्री व राज्यपाल के प्रयास से पांच विश्वविद्यालय ए ग्रेड में शामिल हुए हैं। कई विश्वविद्यालय इस गति में आगे बढ़ रही हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में आर.के. सिन्हा, कुलपति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, राजीव त्यागी प्रो वाइस चांसलर एसवीयू और प्रमुख संस्थाओं के वी.सी., परमवीर चक्र धारक मेजर योगेन्द्र सिंह यादव, कारगिल योद्धा आदि लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एस. रावत ने किया। मुख्य आयोजक नामित भाटी व बबलू रावत एडवोकेट, राजकुमार, विनय कुमार रहे।

## राष्ट्रीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत आयोजित

■ दूसरे चरण के भूमि अधिग्रहण में किसानो को परेशान करने का आरोप

**जेवर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र के गांव रंहेरा में शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत आयोजित की गई एयरपोर्ट के दूसरे चरण के भूमि अधिग्रहण में लेखपालों द्वारा रिश्वत मांगने और परेशान करने का आरोप लगाया गया तथा प्रशासन से किसानों की मदद करने की गुहार लगाई। राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष इकपाल सिंह सिवाच ने कहा कि भूमि अधिग्रहण में फाइल तैयार करने के नाम पर लेखपालों द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। तहसील मे दलालों द्वारा कार्य कराये जा रहे हैं। किसानों से रिश्वत मांगी जा रही है और जिन किसानों ने रिश्वत दे दी है उनकी फाइल पहले लगाई जा रही है। उन्होंने रिश्वत मांगने वाले लेखपालों पर कार्रवाई करने, रबूपुरा रोड पर रामपुर बांगर व शिवारा अंडरपास के आसपास सड़क मे गहरे गड्ढ़े बन गए है जिससे हर वक्त हादसा होने का डर रहता है। बार बार मांग करने पर भी अधिकारियों की लापरवाही के चलते मरम्मत नहीं की जा रही है। यमुना प्राधिकरण ने आपसी सहमति से जो भूमि क्रय की है उसका 7 प्रतिशत प्लेटों का आवंटन की समय सीमा व स्थान निश्चित किया जाए। बारिश के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और पशु बीमार हैं, गांव गांव मे कीटनाशक दावाओं का छिड़काव कराया जाए और पशुओ मे बीमारी से बचाव के टीके लगाए जाने की मांग की तथा मांगो के शीघ्र पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## जैंडर और कानून पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। गलगोटियास यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा यूरोपीय आयोग द्वारा समर्थित प्रतिष्ठित जेएनयू जीन मोनेट प्रोजेक्ट 'आर्ट एंड कल्चर इन एवरीडे लाइफ : एन इंटरफेस ऑफ यूरोपियन एंड इंडियन वैल्यूज' के सहयोग से सावधानीपूर्वक आयोजित किया गया। स्कूल ऑफ लॉ की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मानसी सिन्हा और सेंटर फॉर यूरोपियन स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की डॉ. शीतल शर्मा ने इस विचारोत्तेजक सेमिनार को जेएनयू जीन मोनेट प्रोजेक्ट और गलगोटियास यूनिवर्सिटी के बीच चल रहे सहयोग के प्रमाण के रूप में बुलाया था। गलगोटियास विश्वविद्यालय में संचालन की निदेशक आराधना गलगोटिया, गलगोटियास विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रोफेसर मल्लिकार्जुन के. बाबू और स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रोफेसर डॉ. नमिता सिंह मलिक ने उल्लेखनीय समर्थन दिया, जिन्होंने अपना योगदान बढ़ाया। गलगोटियास यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ में इस आयोजन को पूरे दिल से समर्थन, सेमिनार ने भारतीय और यूरोपीय दोनों संदर्भों में लोकतांत्रिक आदर्शों, कानूनी ढांचे और जैंडर गतिशीलता के जटिल अंतर्संबंधों पर विचार करने के लिए एक विचारात्मक मंच के रूप में कार्य किया।

## अवैध रूप से रह रहे अफ्रीकी मूल का नागरिक गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली की पुलिस व एलआईयू की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से रह रहे एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान आरोपी के पास भारत में रहने का कोई वैध दस्तावेजन नहीं मिला। आरोपी के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि बीते कुछ माह पहले ड्रग्स की तस्करी में विदेशी नागरिकों की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस व एलआईयू की टीम द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया था। इस दौरान कई विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वीजा पासपोर्ट की अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां जमा हुए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस व एलआईयू द्वारा शुक्रवार को जगत फार्म मार्केट में चेकिंग के दौरान एक विदेशी नागरिक डायजो मुरिस की जांच की गई तो उसके पास भारत में रहने का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। विदेशी नागरिक मूलतः आबिदजान अफ्रीका का रहने वाला है। हाल पता मानवी इंक्लेव प्रथम फ्लोर दिल्ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस मामले में संबंधित दूतावास को सूचित कर दिया गया है। शहर में रह रहे विदेशी नागरिकों का नियमित रूप से सत्यापन किया जा रहा है।

## आईईए की आम सभा की बैठक में उद्यमियों के हित में हुए कार्यों पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ने अवध ग्रीन रिजॉर्ट में सालाना आम सभा का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने सभी सदस्यों को संस्था के विजन और आगे की कार्य प्रणाली से सभी सदस्यों को अवगत कराया। वहीं अभी तक पिछले साल में संस्था के द्वारा कराए गए कार्यों, संस्था के सदस्यों की संख्या एव सदस्यों की समस्याओं के निवारण को संस्था के महासचिव संजीव शर्मा के द्वारा साझा किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन एवं विशाल गोयल ने पुराने साल का लेखा-जोखा से सभी सदस्यों को अवगत कराया। इस आम सभा के बाद टाटा नेक्सर्क ने उद्योगों को उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया जिनमें कई सेवाएं उद्योगों को काफी फायदा पहुंचाने वाली है। आम सभा का संचालन गुरदीप सिंह तुली एवं नरेंद्र सोम के द्वारा किया गया, जिसमें सदस्यों को संस्था से संबंधित सवाल पूछने एवं सुझाव साझा करने के लिए भी आमंत्रित किया गया। सभी सदस्य संस्था के कार्य प्रणाली एवं लेखा-जोखा से संतुष्ट थे। आम सभा में आये सदस्यों एव टाटा नेक्सर का धन्यवाद ए. डी. पांडे एवं अतुल कुमार ने किया। इस सभा में पी.एस. मुखर्जी, पवन गर्ग, अंकित गोयल, महेंद्र शुक्ला, शिव शंकर तिवारी, दर्शन शर्मा, प्रमोद झा, महिपाल सिंह, अनूप कुमार, हरवीर सिंह, सलभ बेदी, प्रशांत, श्रीकांत शर्मा, आदित्य ओझा, सहित सैंकड़ो उद्यमी उपस्थित रहे।

## अंतर्विद्यालयी विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के समागम में बच्चों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा





**ग्रेटर नोएडा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, स्वर्णनगरी, इंटर-स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चौदह स्कूलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अलग-अलग मंच पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। विद्यालय ने कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं के लिए कुल दस कार्यक्रम की मेजबानी किया, जिसमें कंट्री रोड्स, मेटा ब्लॉगर, इंडियाज अनसंग हीरोज, मैनिफेस्टो मार्वेल्स, कल्चरल हेरिटेज, ग्रीन डिफेंडर्स, संवर्धना, द ग्रीन इलीट सोसाइटी, एन्विरोथों, एक्सप्लोर विजन आदि। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। जैसी प्रतियोगिताओं ने बच्चों को नई चुनौतियों के माहौल से अवगत कराया। कार्यक्रम जजों के एक प्रतिष्ठित पैनल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

सभी ने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्र निश्चित रूप से छात्रों के नेतृत्व वाली पहल का हिस्सा बनेंगे और उपस्थित लोग इस शैक्षिक कार्यक्रम का आनन्द उठा पाएंगे। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा ने कुल मिला कर पहला स्थान हासिल किया, तथा द्वितीय स्थान संफोर्डवर्ड स्कूल एवं तृतीय स्थान इंडसवैली ने प्राप्त किया। प्रज्ञान स्कूल ग्रेटर नोएडा, की सराहनीय प्रस्तुति थी, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा नवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए चार विषय विशेषज्ञ के द्वारा विश्व की वहनीयता के प्रति भारत की प्रतिबद्धतापर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसके विशेषज्ञ प्रो.(डॉ.) शिवकुमार (प्रोफेसर प्रभारी प्लेसमेंट, ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), डॉ. अनुरंजन मिश्रा (प्रो. एवं डीन ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), डॉ. इमाद अली, (जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट स्टडीज में प्रोफेसर वर), ब्रिंदर कुमार त्यागी (विज्ञान प्रसार में वैज्ञानिक-एफ) रहे स विशेषज्ञ के पैनल द्वारा छात्रों को अपने भावी जीवन तथा आगामी पीढ़ी के लिए संसाधनों के अपव्यय न करने का सुझाव दिया गया।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्धनगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-बिरौण्डी चकसेनपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-बी.आई.आर.012019, भूखण्ड संख्या-61, पाकेट-बी, क्षेत्रफल-320 वर्ग मीटर सर्वश्री मदन लाल, मोहन लाल पुत्रगण श्री राम सरन निवासी ग्राम बिरौण्डी चकसेनपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री मोहन लाल पुत्र श्री राम सरन की मृत्यु के उपरांत इनके वारिस श्री सिन्टू पुत्र स्व० श्री मोहन लाल, श्री अनुज बंसल पुत्र स्व० श्री मोहन लाल, श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी स्व० श्री मोहन लाल, श्री गीता (विवाहित) श्री सविता (विवाहित) श्री नीता गर्ग (विवाहित) श्री मंजू गुप्ता (विवाहित) श्री निकिता (विवाहित) श्री ममता (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री मोहन लाल, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री सिन्टू पुत्र स्व० श्री मोहन लाल, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री सिन्टू पुत्र स्व० श्री मोहन लाल, निवासी-ग्राम-बिरौण्डी चकसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लाट नं0- सैक्टर नॉलिज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सुचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की सी0ओ0पी01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-सी-223, सैक्टर ओमीक्रॉन-03 आकार-206 वर्गमीटर आवंटन संख्या0-सी18011, श्रीमती मंजुला भार्गवा पत्नी श्री सुबोध कुमार भार्गवा के नाम आवंटित है। आवंटी श्रीमती मंजुला भार्गवा पत्नी श्री सुबोध कुमार भार्गवा की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनके पुत्र एवं पुत्री श्री सौरभ भार्गवा एवं नूपुर भार्गवा पुत्र एवं पुत्री श्री सुबोध कुमार भार्गवा निवासी विला-69, दा पाम स्प्रिंग्स, गॉल्फ कोर्स मार्ग, सेक्टर-54, गुडगाँव, हरियाणा-122001, द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामांतरण श्रीमती मंजुला भार्गवा पत्नी श्री सुबोध कुमार भार्गवा के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनके पुत्र एवं पुत्री श्री सौरभ भार्गवा एवं नूपुर भार्गवा पुत्र एवं पुत्री श्री सुबोध कुमार भार्गवा निवासी विला-69, दा पाम स्प्रिंग्स, गॉल्फ कोर्स मार्ग, सेक्टर-54, गुडगाँव, हरियाणा - 122001 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

*ग्रीस से लौटने के तुरंत बाद पीएम मोदी 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे।*

## चुनाव तक हमें चांद चाहिए!



पुष्परंजन

**हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं।**

पूरा देश मदमस्त है। होना भी चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व में इतनी बड़ी सफलता। रूस कभी साउथ पोल पर रचना चाहता था इतिहास, उसे भारत ने पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान वालों के सीने पर सांप लोट रहा है। वाघा बॉर्डर पार इतना सन्नाटा क्यों है भाई? इत्थे देखो। यहां अब कोई टमाटर का भाव नहीं पूछेगा। यदि किसी करमजलिये ने टमाटर-प्याज़-पेट्रोल का भाव पूछा, भक्तजन चांद दिखा देंगे। वोटरों को जून 2024 तक चांद दिखाते रहेंगे। साथ में दिखायेंगे पीएम मोदी की ऊंगली, जिसके ज़रिये लांचिंग के समय वो छाये रहे। साउथ पोल पर संपूर्ण लैंडिंग क्यों देखे देश? बीच ब्राड कास्टिंग मोदी की इंट्री चाहिए ही।

लेकिन सबसे हरामखोर निकले उनके टुकड़ों पर पलने वाले गोदिये। वर्चुअल स्टूडियो में तूफान लाने और छाते के साथ एंकरनी प्रस्तुत कर सकते हैं, चांद पर पीएम मोदी को लैंडिंग करते दिखा देते, तो तेरा क्या जाता कालिये? लाखों रुपये के वर्चुअल स्टूडियो ऐसे ही चंपक कार्यक्रमों के लिए निर्मित किये जाते हैं। साउथ पोल पर घूमते-टहलते, शोधपूर्ण मुद्रा में देखकर भक्त और विभोर होते। मीडिया के मालिकान नंबर बनाते, मगर मूर्खों ने पानी फेर दिया।

किसी दिलजले ने पूछा, चांद की रेस में भारत रूस से आगे निकल भी गया, तो देश के आम आदमी को क्या मिला? भक्त बता सकते हैं कि यहां का किसान चांद पर टमाटर बोयेगा, होम डिलीवरी वहीं से होगी। केवल पांच रुपये किलो। दिलजलों को इससे मतलब नहीं कि 600 करोड़ के चंद्रयान-3 मिशन से अंतरिक्ष से भारतीय सीमा की निगरानी के अलावा अनुसंधान के क्षेत्र में हमें क्या उपलब्धियां हासिल होनी है। वो तो फूंके पड़े हैं। कोई भूल-चूक हुई, तो मोदी के गुब्बारे में पिन मारने को चौचक बैठे हैं।

चंद्रयान अभियान से नफरतियों को ख़ुराक देने वाले अखबारों-चैनलों ने बताना शुरू किया कि चांद पाकिस्तान के झंडे पर उकेरा हुआ है। बात दूर तलक गई, उसका धार्मिक एंगल भी ढूंढ लिया कि चांद को पवित्र मानते हो, तो वहां हमने झंडे गाड़ दिये मोदी जी के नेतृत्व में। चांद के बहाने नफरत फैलाओ, और वोट का ध्रुवीकरण करो। अब इन अनपढ़ नफ़रतियों को कौन बताये कि अकेले पाकिस्तान नहीं, दुनिया के दस और देश अपने झंडों में चांद का इस्तेमाल करते हैं। उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, तुर्की, ट्यूनिशिया, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीक़ी देश मॉरिटेनिया, मालदीव, मलयेशिया, कोमोरोस, अज़रबैजान और अल्जीरिया को भी याद कर लो व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी वालों। चांद तो हिंदू बहुल राष्ट्र नेपाल के झंडे में भी है। उसका क्या करोगे? उनके ध्वज में ऊपर चांद है, और नीचे सूरज।

एक ख़बर यह आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन और ग्रीस से भारत लौटने के तुरंत बाद 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। पीएम मोदी इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ के साथ-साथ वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री हैं, तो उनका वहां जाना और पूरी टीम को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए धन्यवाद देना बनता है। लेकिन इसका राजनीतिकरण डराता है। चुनावी कालखंड है, तो इसरो की उपलब्धियों से राजनीतिक मंच निरापद रहे, वो भी नरेंद्र मोदी के रहते? नेति-नेति।

प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय कहा था कि यह विकसित भारत का शंखनाद है। भारत की यह उड़ान चंद्रयान से भी आगे जाएगी। पीएम ने इस दौरान सूर्य मिशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसरो आदित्य एल-1 मिशन भी लॉन्च करेगा, जिससे सूर्य का विस्तृत अध्ययन किया जा सकेगा। इसके बाद शुक्र और सौरमंडल के सामर्थ्य को परखने के लिए दूसरे अभियान भी आरंभ किए जाएंगे। ऐसी घोषणा के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी के शैदाई दावा कर सकते हैं कि पूरे ब्रह्मांड में वो अकेले नेता हैं, जो सौर मंडल के हर ग्रह-उपग्रह पर वैज्ञानिक शोध कराने की क्षमता रखता है। अजेय-अभूतपूर्व।

प्रधानमंत्री ने जोहान्सबर्ग में कहा था, 'अब चांद से जुड़े मिथक भी बदल जाएंगे। नई पीढ़ी के लिए कहावतें पुरानी पड़ जाएंगी। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा दूर के... लेकिन अब लोग कहेंगे चंदा मामा बस एक टूर के...' मोदी ने अपने भाषण में देश के पहले मानव मिशन गगनयान की भी जानकारी दी। बताया कि इसके लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। मोदी से पहले के प्रधानमंत्री वैज्ञानिक मिशन के मामले में चुप रहा करते थे, यहां मुट्ठी खोलने में देर नहीं लगती।

मगर, सवाल यह है कि जिन वैज्ञानिकों के बूते भारत अपना भाल ऊंचा कर रहा है, क्या उनके काम करने की परिस्थितियां और उनके हालात सही चल रहे हैं? 2022 को ही आधार मान लेते हैं, जब इसरो में 16 हज़ार 786 लोग काम कर रहे थे। इसरो की जय-जय कर रही सरकार से कोई पूछे कि 2023-24 के बजट में इस महकमे के वास्ते आबंटित राशि में आठ प्रतिशत की कटौती क्यों कर दी गई? पहले वाले बजट में 13 हज़ार 700 करोड़ को कम कर 12 हज़ार 542.91 करोड़ कर देने के पीछे की वजहें वित्त मंत्री ने स्पष्ट नहीं किया था।

चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद अपनी पीठ ठोकने वाली सरकार ने विगत नौ वर्षों की रिपोर्ट कार्ड जारी कर दी। रिपोर्ट कार्ड का लब्बो-लुआब यह है कि नौ साल की अवधि में इसरो के ज़रिये 389 विदेशी सेटेलाइट लॉन्च किये गये थे, जिससे 3 हज़ार 300 करोड़ की आय हुई थी। सरकार का कहना है कि 2014 से पहले केवल 35 विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किये गये थे। मोदी से पहले 2013-14 में अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट केवल 5 हज़ार 615 करोड़ आबंटित था।

मतलब, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में पीएम मोदी का महान अवदान रहा है। उनके पहले वाले, जितने महानुभाव प्रधानमंत्री बने, 7 रेसकोर्स रोड पर झाल बजा रहे थे। चैनलों और न्यूज़ एजेंसियों के ज़रिये नौ साल के कालखंडों में अपने देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों को जिस तरह से बघारा गया है, ऐसा लगता है कि उससे पहले अक्खा देश आदिम अवस्था में था। पब्लिक तन पर पत्ते ढंक कर काम चला रही थी।

मोदी सरकार की रिपोर्ट कार्ड से इसरो में काम कर चुके वैज्ञानिकों के मनोबल पर क्या असर पड़ेगा, यह भी सोचने की बात होगी। विक्रम साराभाई, एमजीके मेनन, यूआर राव, के. कस्तूरीरंगन, जी. माधवन नायर और के. राधाकृष्णन (जो पीएम मोदी के ज़माने में अपनी सर्विस के बाक़ी आठ माह जैसे-तैसे निकाल पाये थे), जैसे नामचीन वैज्ञानिकों को केवल 35 फ़ॉरेन सेटेलाइट्स लांच करने का श्रेय दिया जाएगा? मोदी सरकार ने विज्ञापि के ज़रिये अपना तो बघार लिया, मगर देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों के परफॉर्मेंस पर बड़ा सा प्रश्न चिह्न चिपका दिया।

ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे। 1 जनवरी 2015 को शैलेश नायक इसरो के प्रमुख बने, 12 जनवरी 2015 को खबर आई कि वो इस्तीफा दे चुके हैं। इसरो में सबसे कम अवधि तक कुर्सी पर रहने का इतिहास रच गये शैलेश नायक।

प्रधानमंत्री के अधीनस्थ अंतरिक्ष विभाग देश का अकेला मंत्रालय है, जिसका मुख्यालय दिल्ली नहीं, बंगलुरु है। 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने होमी जे भाभा के ज़िम्मे अंतरिक्ष अनुसंधान व बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का ज़िम्मा सौंपा। परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना भी होमी जे भाभा ने की थी। 1962 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) की स्थापना हुई थी। उसी वर्ष तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा भूमध्यरेखीय रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन (टर्ल्स) पर भी काम शुरू हुआ। उसके सात साल बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना, अगस्त 1969 में की गई। जून 1972 में अंतरिक्ष विभाग अस्तित्व में आया, और सितंबर 1972 में अंतरिक्ष विभाग के तहत 'इसरो' को लाया गया।

अंतरिक्ष विभाग और इसरो मुख्यालय का सचिवालय न्यू बीईएल रोड, बंगलुरु के अंतरिक्ष भवन में स्थित है। इसरो का मुख्य काम उपग्रह संचार, राकेट व उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष विज्ञान, आपदा प्रबंधन सहायता, प्रायोजित अनुसंधान योजना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सुरक्षा समन्वय को आगे बढ़ाना है। 2014 से पहले क्या किसी सरकार ने इसरो का इस्तेमाल चुनावी प्रचार या जनमत को प्रभावित करने में लगाया है? यह भी खोज का विषय है।

हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में खुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं, उनमें होमी जे भाभा, लोकनाथन महालिंगम, उमा राव, रवि मूले, एम. अय्यर, केके जोशी, अभीश शिवम, उमंग सिंह, पार्थ प्रतिम बग, मुहम्मद मुस्तफा, टाइटस पॉल, दलिया नायक जैसे बहुतेरे नाम हैं।

बहस इस पर भी होनी चाहिए जो वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में जान गंवा बैठे, उनकी सही दिशा में जांच क्यों नहीं हुई? एक वैज्ञानिक की रहस्यमय मौत का मामला देश की प्रतिरक्षा से भी जुड़ा होता है। 24 जनवरी 1966 को होमी जे भाभा की मौत स्विट्ज़रलैंड में माउंट ब्लांक की वादियों में एयर इंडिया की फ्लाइट 101 के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई थी। इसके पीछे किन शक्तियों का हाथ रहा था? उस रहस्य से आजतक पर्दा नहीं उठ पाया। जनवरी 2023 में खबर आई कि इसरो के श्रीहरिकोटा केंद्र में तीन दिनों में तीन लोगों ने ख़ुदकुशी कर ली, जिनमें से दो सीआईएसएफ के जवान थे!

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**19 अगस्त**
- भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरानम संगादुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए मात्र तीन उम्मीदवारों में शामिल किए गए।
- कोलंबिया में 6.1 तीव्रता वाले भूकंप आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।
- मलेशिया में एक निजी जेट दुर्घटनाग्रस्ता हो जाने पर 10 लोगों की मौत हो गई।
- नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।

**20 अगस्त**
- महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' से सम्मानित किया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा-आदित्य एल-1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने कहा- भारत में जी-20 की 60 वीं बार बैठक में शामिल होने का नया कीर्तिमान बनाया।
- राहुल गांधी ने लेह से पेंगांग झील तक बाइक से सफर किया।

**21 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब के हफीजाबाद में एक बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई।
- भारत की अनहत सिंह ने 30 वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- छत्तीसगढ़ के निर्वाचन कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं।
- उत्तराखंड गंगोत्री नेशनल हाइवे में एक बस 50 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**22 अगस्त**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण को गर्भपात कराने की अनुमति दी।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर रेलवे व बैंक- दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे।
- तुर्की में एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई।
- राज्य सभा में नौ नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली।

**23 अगस्त**
- ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे।
- सुप्रीम कोर्ट ने हत्या करने के प्रयास मामले में लक्षद्वीप के लोकसभा सांसद मोहम्मद फैजल दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने वाले केरल उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर पुनर्विचार करने का आदेश दिया।
- राष्ट्रीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने जोहान्सबर्ग पहुंचे।

**24 अगस्त**
- 23 अघस्त 2023 की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर शहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तीन साल के लिए चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में कार्य करेंगे।
- मिजोरम के सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।

25 अगस्त
- छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना को यूपी सरकार ने किया पुरस्कृत।
- ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल हुए, अर्जेंटीना, भिति, हथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुकत अरब अमीरात (यूएई)।
- 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अतलू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम।
- भारतीय कुश्ती महासंघ को यूनाइटेड एतर्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव नहीं करने के कारण निलंबित कर दिया।

## क्या 'विकास' से बच पाएंगे हिमालयी राज्य?

■ प्रमोद भार्गव

लगता है, 2013 की केदारनाथ त्रासदी से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही मौजूदा तबाही तक, नीति-नियंताओं ने कोई सबक नहीं लिया है। नतीजतन चार दिन की बारिश, 112 बार हुए भूस्खलन और पांच बार फटे बादलों से जो बर्बादी हुई उसमें 71 लोग मारे गए। इस मानसून में अब तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 327 लोगों को आपदाओं ने लील लिया, 1442 घर जलधाराओं में विलीन हो गए और 7170 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां धराशायी हो गईं। हिमाचल में एक साथ करीब 950 सड़कों पर आवाजाही बंद पड़ी है। बद्री-केदारनाथ राजमार्ग भी ठप्प है।

इस तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में 'जल-विद्युत संयंत्र' और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र से रेल गुजारने और कई छोटी हिमालयी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं।

हिमाचल प्रदेश के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसी ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भी दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा था। 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों ने बारह दिनों में जोशीमठ के 5.4 सेंटीमीटर धंस जाने की चिंता जताई थी। इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' और उत्तराखंड सरकार ने 'इसरो' समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिए थे कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करें। नतीजतन 'इसरो' की बेवसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए।

सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उन पर धूल डालने जैसा था। जब धरती को हिलाकर हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र नाजुक बना दिया गया है और घरों में दरारें पड़ने के साथ आधारतल तक धंस रहे हैं, तब लोगों की जीवन-रक्षा से जुड़ी सच्चाईयों को क्यों छुपाया गया? दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास परियोजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए बनाई जा रही हैं?

रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। 'केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय' का 'नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन' जो इस क्षेत्र में 'तपोवन-विष्णुगढ़ जल-विद्युत परियोजनाओं' का निर्माण कर रहा है, ने दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है।

उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ रुपयों की 'जल-विद्युत परियोजनाएं' निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए नींव के गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जा रहे हैं। अभियंता कंप्यूटरों पर 90 डिग्री पर पहाड़ काटने का नक्शा बना रहे हैं, जबकि मौके पर जाकर पहाड़ की स्थिति को जानने की जरूरत है।

कई जगह सुरंगें बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों को खोखला कर देता है। पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी हिमालय को हिला देते हैं।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सबसे बड़ी रेल परियोजना के कारण उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। यहां के छह हजार परिवार विस्थापन की चपेट में आ गए हैं। यह तो शुरूआत है, लेकिन यदि विकास इसी तरह जारी रहता है तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तारित होगा। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक की रेल परियोजना 125 किमी लंबी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बाकी जो 15 सुरंगे बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं।

इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ की बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद 'रेल विकास निगम' ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में होने वाले विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़ें भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं।

> रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।

उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की 'ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना' ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन परियोजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोद दी हैं। उत्तराखंड के सबसे बड़े पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई हैं। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी हैं।

रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।

उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक 'जोन-5' में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर हो रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। बीते सात सालों में इन राज्यों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। यहां 'जल-विद्युत' और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान तक चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक हिदायतें देते रहे कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जूझेंगी, लेकिन हमेशा की तरह 'विकास-वादियों' ने किसी की नहीं सुनी। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आज इसी जिद का खामियाजा भुगत रहा है।

*(स्वतंत्र लेखक और पत्रकार हैं।)*

## कृषि नीति के बुने जाल में उलझा है देश

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि वह इस साल अतिरिक्त दो लाख टन प्याज खरीदेगी। इससे इस साल बफर स्टॉक का लक्ष्य तीन लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो जाएगा। खास बात यह है कि यह घोषणा 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाए जाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। सीधे शब्दों में कहें तो सरकार ने निर्यात को प्रभावी ढंग से घटाकर स्थानीय आपूर्ति में वृद्धि की जिससे कीमतें गिर गईं और फिर वह अपने बफर स्टॉक को बढ़ाने के लिए सस्ते प्याज का भंडारण कर रही है। क्या इससे बाजार तंत्र में दखलदांजी की बू नहीं आती? क्या ऐसा नहीं लगता कि इससे प्याज उत्पादक किसान सरकार को कम कीमत पर प्याज बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं? क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? एक पूर्व कृषि मंत्री ने यह कहकर निर्यात कर की आलोचना की है कि इससे निश्चित रूप से किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ये पूर्व मंत्री एक ऐसे राज्य से आते हैं जो देश के एक तिहाई प्याज की आपूर्ति करता है। किसान पहले से ही निर्यात कर के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं लेकिन इस आंदोलन का फायदा नहीं हुआ।

वैसे कृषि उत्पादों के बाजार तंत्र में इस तरह के मनमाने हस्तक्षेपों की किसानों को आदत है। इस सप्ताह प्याज की महंगाई दर 19 प्रतिशत है। यह दर सरकार के लिए चिंताजनक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घरेलू बजट में प्याज का हिस्सा बहुत थोड़ा होता है पर प्याज की कीमतें नेताओं की आंखों में आंसू ला सकती हैं और इतिहास गवाह है कि प्याज की कीमतों की अनियमितता के कारण सरकारें गिरी हैं। मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2020 में संसद में प्रस्तावित कृषि कानूनों को याद करें। इन तीन कानूनों में से एक में कीमतों को पूरी तरह से नियंत्रण मुक्त करने और स्टॉकिंग सीमा को हटाने का प्रस्ताव किया गया था। इसके अलावा, निर्यात या आयात पर मनमाने ढंग से प्रतिबंधों को नियंत्रण मुक्त करने की भी पेशकश थी। जब कृषि कानून पेश किए गए थे तो उसी सप्ताह बांग्लादेश में प्याज के निर्यात कार्गो ले जा रहे जाने वाले कई ट्रकों को सीमा पर रोक दिया गया था जिसके कारण किसानों को प्याज की कीमतों में वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका। एक तरफ निर्यात रोकने और दूसरी तरफ कृषि बाजारों को नियंत्रण से मुक्त करने की मांग जैसी ये मिश्रित कार्रवाइयां बेईमानी के संकेत देती हैं।



डॉ.अजीत रानाडे

> आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

अभी जब हम टमाटर की अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं तो उन परिस्थितियों में शायद प्याज पर वर्तमान निर्यात कर एक निरोधक उपाय है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ (नेफेड) अपने बफर स्टॉक में पहले ही 15 लाख टन से अधिक टमाटर खरीद चुके हैं। टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलो तक बढ़ने के कारण वे इन्हें रियायती दरों पर बेच रहे हैं। इस सब्सिडी का भुगतान कहां से किया जाता है? मुद्रास्फीति की भड़की आग को बुझाने के लिए भारत ने नेपाल और शायद अन्य देशों से भी टमाटर का आयात किया है। कितना टमाटर आयात किया है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। खुदरा मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत पर चल रही है जो भारतीय रिजर्व बैंक की उदार सीमा 6 प्रतिशत से काफी ऊपर है। मतलब टमाटर मुद्रास्फीति पैदा करने वाले मुख्य खलनायकों में से है। हालांकि सब्जियों के मूल्यों से उत्पन्न मुद्रास्फीति मौसमी और स्वभावत: चंचल होती है लेकिन यह जबरदस्त तरीके से मीडिया का ध्यान आकर्षित करता है।

एक और कृषि उत्पाद पर चर्चा करते हैं। भारत ने जुलाई में गैर-बासमती सफेद चावल और टूटे हुए चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। सभी प्रकार के चावल निर्यात का यह कुल 45 प्रतिशत हिस्सा है। इस फैसले ने हमारे कई व्यापारिक भागीदारों को परेशान कर दिया है जिसके कारण भारत एक गैर भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता की तरह नजर आता है। भारत से चावल के आयात पर निर्भरता अफ्रीका और एशिया में कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। क्या सरकार खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित थी? प्रकट रूप से नहीं। तब निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का क्या कारण हो सकता है? प्रथम दृष्टया यह इथेनॉल निर्माताओं के हितों की रक्षा करने के बारे में लगता है। अनुमानत: 30 लाख टन इथेनॉल बनाने के लिए 50 से 60 लाख टन टूटे हुए चावल का प्रयोग होता है। इसलिए निर्यात प्रतिबंध से कार इंजनों के लिए इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ जाती है लेकिन यह उपलब्धता चावल उत्पादक किसान के मुनाफे की कीमत पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चावल की कीमतें पिछले 10 वर्षों के उच्च स्तर पर हैं और यह किसानों के लिए लाभ कमाने का एक अच्छा अवसर है, परन्तु जब कृषि उत्पादों पर निर्यात प्रतिबंध जैसे लाभ-विरोधी उपायों की बात आती है तो किसान हमेशा निशाने पर रहा है।

टमाटर, प्याज या चावल पर नीतिगत कार्रवाई संबंधी हाल की घटनाएं बताती हैं कि कृषि में सुधार बहुत कठिन और अधूरे क्यों हैं। सबसे पहले यह एक अंतर्निहित शहरी पूर्वाग्रह है जिसका मतलब है कि ये नीतियां किसानों के हित के बजाय शहरी उपभोक्ताओं (कम खाद्य मुद्रास्फीति) के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती हैं। इसलिए कृषि नीतियां जिनसे बाजार में सुधार होता हैं और जो किसान के पक्ष में विनियमन करती हैं, उन्हें हमेशा मनमाने ढंग से पलट दिया जाता है या कम किया जाता है। दूसरा, मूल्य नियंत्रण के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इनपुट सब्सिडी जारी है- उदाहरण के लिए मुफ्त पानी और बिजली, सस्ती खाद या कृषि आय पर कोई कर नहीं है। ये रियायतें (सब्सीडी) भारी और टाले जा सकने वाले राजकोषीय बोझ के कारण बनते हैं। तीसरा, राज्य के सख्त नियंत्रण को प्रति स्थापित करने के लिए वायदा बाजार जैसे बाजार तंत्र की तलाश नहीं की गई है। वायदा बाजारों को सट्टेबाजी के रूप में देखा जाता है और उन पर कथित तौर पर कीमतों में अस्थिरता पैदा करने का आरोप है। यह एक अप्रमाणित परिकल्पना है इसलिए सरकार कृषि वस्तुओं की खरीद, भंडारण और व्यापार के माध्यम से बाजार में भारी हस्तक्षेप पर निर्भर है। ऐसा करने के लिए वह प्रतिस्पर्धा विरोधी एकाधिकार व्यवहार का उपयोग करने में संकोच नहीं करता है। प्रतिस्पर्धा विरोधी और प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए सरकार को अदालत में कौन घसीटेगा?

इस प्रकार मूल्य नियंत्रण, भंडारण सीमा, मनमाने आयात और निर्यात प्रतिबंध तथा बार-बार बदलती नीतियों से कृषि क्षेत्र को बांधा गया है। यद्यपि तकनीकी रूप से यह राज्य का विषय है फिर भी कृषि में राज्यों के अलावा केन्द्र का भी काफी हस्तक्षेप है। इसके बाद किसान को भारी और विचित्र सब्सिडी देकर फुसलाया जाता है। इस प्रकार की सब्सिडी न केवल ऋण माफी, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों या राजकोषीय घाटे के माध्यम से राजकोषीय समस्याएं पैदा करती है बल्कि पर्यावरणीय संकट भी पैदा करने का कारण बनती है। पंजाब में रासायनिक उर्वरकों पर भारी सब्सिडी दी जाती है जिसके कारण वहां रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण मिट्टी का क्षरण और लवणता बढ़ गई है। इन सबसे ऊपर यह बात भी है कि आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

*(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में अदालत में पेश हुए ट्रंप

वाशिंगटन, 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में गुरुवार को अटलांटा की अदालत में पेश हुए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक श्री ट्रम्प न्यू जर्सी से अटलांटा के लिए रवाना हुए और कल शाम को हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनका काफिला शाम करीब 19:35 बजे फुल्टन काउंटी अदालत पहुंचा, जहां से करीब 20 मिनट पर बाद वह मुचलके पर रिहा हुए। न्यायाधीश ने उन्हें 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि सोमवार के लिए तय की। बाद में श्री ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने कुछ भी गलत नहीं किया।

# मोदी ने ग्रीस के राष्ट्रपति से की मुलाकात, चंद्रयान की सफलता पर की बात

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। एथेंस की एक दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्रीस के राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में बात की। मोदी की ग्रीस यात्रा 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, 'एथेंस में राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मिलकर खुशी हुई। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की जो भारत-ग्रीस दोस्ती को मजबूत करेंगे। हमने सतत विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत को बधाई दी। मोदी ने आगे कहा कि 'चंद्रयान-3 की सफलता न केवल



अकेले भारत की है, बल्कि यह पूरी मानव जाति की सफलता है।' चंद्रयान-3 मिशन द्वारा एकत्र किए गए डेटा के नतीजे पूरी वैज्ञानिक बिरादरी और मानव जाति को मदद करेंगे।

'मुलाकात के बाद, राष्ट्रपति सकेलारोपोलू ने मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित करने के लिए मैं राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू, सरकार और ग्रीस के लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति सम्मान है।'शुक्रवार सुबह एथेंस पहुंचने के बाद, उन्होंने 'अज्ञात सैनिक की कब्र' पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह मोदी की ग्रीस की पहली यात्रा भी है। प्रधानमंत्री का व्यापारिक समुदाय, भारतीय प्रवासियों और प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है।

## केंद्र ने भारत की पहल पर मोदी-शी की मुलाकात के चीन के दावे को किया खारिज

नई दिल्ली। केंद्र ने शुक्रवार को चीन के इस दावे का खंडन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात नई दिल्ली के अनुरोध पर हुई थी, और कहा कि 'चीन की ओर से एक द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध लंबित है।' सरकारी सूत्रों ने बताया कि चीन की ओर से द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध लंबित है। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों नेताओं ने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान लीडर्स लाउंज में 'अनौपचारिक बातचीत' की। दिन की शुरुआत में जारी चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रेस बयान में कहा गया, 'राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अगस्त, 2023 को उनके अनुरोध पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से बात की।' 'दोनों नेताओं ने वर्तमान चीन-भारत संबंधों और साझा हित के अन्य सवालों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति शी ने इस बात पर जोर दिया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार दोनों देशों और लोगों के सामान्य हितों को पूरा करता है, और यह भी विश्व और क्षेत्र की शांति, स्थिरता और विकास के लिए अनुकूल है। दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखना चाहिए और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालना चाहिए, ताकि संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा की जा सके।' विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को जोहान्सबर्ग में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग दोनों संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश देने पर सहमत हुए हैं।



## मोदी ने एथेंस में 'गुमनाम सैनिक के स्मारक' पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एथेंस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनान एक दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को यहां 'गुमनाम सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी आज जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) की तीन दिन की यात्रा के बाद वहां से सुबह एथेंस पहुंचे। वह एथेंस में 'गुमनाम सैनिक के मकबरे' पर गए और एक गरिमामय आयोजन के साथ स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित किया। उन्होंने पुष्प अर्पित करने के बाद समारोह स्थल पर रस्मी सलामी गारद का निरीक्षण किया। श्री मोदी 1983 के बाद यूनान की यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। यहां पहुंचने पर उनका हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया और यूनान की जनता तथा सरकार की ओर से उन्हें इस देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 26 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष -आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। दोपहर के बाद आपको नौकरी और व्यापार में रुचि बढ़ेगी।

वृषभ -दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन -आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क -आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी, परंतु दोपहर के बाद परिस्थिति अधिक अनुकूल बनेगी।

सिंह -आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या -आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला -शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक -आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु -आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर -आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ -आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन -साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1303 – अलाउद्दीन खिलजी ने राणा भीम सिंह को हराने के बाद चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया।

1541 – तुर्की के सुल्तान सुलेमान ने बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया।

1676 – ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म।

1883– इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से 36 हजार लोगों की मौत हुई।

1910 – नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित 'संत' मदर टेरेसा का युगोस्लाविया के स्कोपजी में जन्म।

1920 – अमेरिका में महिलाओं को मताधिकार मिला।

1927 – हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म।

1928 – हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी एवं समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म।

1955– सत्यजीत रे की फिल्म 'पाथेर पांचाली' रिलीज हुई।

1956 – भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं पशु-अधिकारवादी मेनका गांधी का जन्म।

1972– म्यूनिख (जर्मनी) में ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई। इसी ओलिंपिक में इजराइली खिलाड़ियों पर हमला हुआ था।

1975 – स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार एवं पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्दिकर का निधन।

1977 – जर्मनी के म्यूनिख शहर में 20वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत।

1978 – जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप बने।

1982 – नासा ने टेलीसैट-एफ का प्रक्षेपण किया।

## स्वीडन में कुरान के अपमान का विरोध कर रहे व्यक्ति को चुप कराने का प्रयास

स्टॉकहोम, 25 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में इराकी मूल के शरणार्थी सलवान मोमिका की ओर से पवित्र कुरान के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति को सादे कपड़ों में पुलिस ने गुरुवार को चुप कराने का प्रयास किया।

पुलिस ने हस्तक्षेप किया क्योंकि कैस ट्यूनीशिया पवित्र कुरान का अपमान करते हुए मोमिका द्वारा बोली गयी बात पर स्टॉकहोम मस्जिद के सामने जोर-जोर से प्रतिक्रिया दे रहा था। ट्यूनीशिया ने अपनी प्रतिक्रिया का बचाव करते हुए कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। ट्यूनीशिया ने संवाद समिति अनादोलु को बताया, 'मोमिका पवित्र कुरान का अपमान करती है। वह हमारा अपमान करता है। जब हम जवाब देते हैं, तो पुलिस तुरंत हमें आवाज न उठाने की चेतावनी देती है।' उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए कि पुलिस के रवैये ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया कहा, 'वे उकसाने वाले को हमारी मस्जिद के सामने लाए और उन्होंने उसे एक मेगाफोन दिया। हमने उनका अपमान सुना। जब हमने इस पर प्रतिक्रिया दी तो हमें पुलिस की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। मैं इसकी भी निंदा करता हूं।' मोमिका, जिसने व्यापक पुलिस सुरक्षा के तहत मेडबोर्गरप्लात्सेन में स्टॉकहोम मस्जिद के सामने इस कृत्य को अंजाम दिया, पवित्र कुरान को जमीन पर फेंक दिया, उस पर पैर रखा, इस्लाम के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे और आसपास के लोगों की प्रतिक्रिया के बावजूद आग लगा दी।

■ पवित्र कुरान का अपमान करते हुए मोमिका द्वारा बोली गयी बात पर स्टॉकहोम मस्जिद के सामने जोर-जोर से प्रतिक्रिया दे रहा था



## मोदी यूनान के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑप ऑनर' से सम्मनित

**एथेंस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज यहां यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। एथेंस में राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को यूनान के राष्ट्रपति कैटरीना एन. साकेलारोपूलू ने श्री मोदी को इस पुरस्कार से अलंकृत किया। श्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों की ओर से इस विशेष सम्मान के लिए राष्ट्रपति साकेलारोपूलू, यूनान की सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह यह भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से ग्रहण कर रहे हैं।

## ब्रिक्स के विस्तार से विश्व शांति और विकास की शक्ति मजबूत होगी : शी चिनफिंग

**बीजिंग,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की गई कि सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, ईरान और इथियोपिया को आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स परिवार का सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया गया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार ऐतिहासिक है और विकासशील देशों के साथ एकजुट होने और सहयोग करने के ब्रिक्स देशों के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करता है और उभरते बाजार देशों और विकासशील देशों के सामान्य हितों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि यह विस्तार ब्रिक्स सहयोग के लिए एक नया प्रारंभिक बिंदु है, जो ब्रिक्स सहयोग तंत्र में नई जीवन शक्ति का संचार करेगा और विश्व शांति और विकास की शक्ति को और मजबूत करेगा। 'ब्रिक्स' साल 2006 में शुरू किया गया एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र है। मौजूदा शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स में शामिल होने के लिए 20 से अधिक देशों ने आवेदन किया था, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में ब्रिक्स सहयोग तंत्र की जीवन शक्ति, आकर्षण और रणनीतिक मूल्य को प्रदर्शित करता है।



## रूस ने 42 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट करने का किया दावा

**मॉस्को,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को क्रीमिया के ऊपर 42 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट करने का दावा किया है, जो कि कब्जे वाले प्रायद्वीप पर कीव द्वारा हाल ही में किए गए हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि नौ ड्रोनों को मार गिराया गया और शेष 33 को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण द्वारा जाम कर दिया गया और वे अपने लक्ष्य तक पहुंचे बिना ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पोस्ट में कहा गया, 'रातोंरात, रूसी संघ क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को विफल कर दिया गया है।' मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने एक उन्नत एस-200 वायु रक्षा जटिल मिसाइल लॉन्च की थी, जिसे मॉस्को के दक्षिण-पश्चिम में कलुगा क्षेत्र में रूसी सेना द्वारा पता लगाया गया और मार गिराया गया। यूक्रेन ने अभी तक घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस के दावे यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में रूसी सैन्य सुविधाओं के खिलाफ अब तक के अपने सबसे जटिल और महत्वाकांक्षी अभियानों में से एक को अंजाम देने के एक दिन बाद आए, जिसमें यूक्रेनी विशेष बल रूसी इकाइयों पर हमला करने के लिए प्रायद्वीप के पश्चिमी तट पर उतरे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार क्रीमिया में कीव के शासन को बहाल करने की कसम खाई है, जिसे 2014 में रूस द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। हाल के सप्ताहों में, यूक्रेन ने क्षेत्र में ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं, इसमें प्रमुख केर्च ब्रिज भी शामिल है, जो प्रायद्वीप को मुख्य भूमि रूस से जोड़ता है।



**बैठक** कुलपतियों की बैठक में शामिल होने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया

## ब्रिटिश विश्वविद्यालयों और बीएचयू के बीच सहयोग संभावनाएं : ब्रिटिश मंत्री

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के कला विरासत तथा संस्कृति व खेल मंत्री लॉर्ड पार्किन्सन ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा ब्रिटिश शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की बात कही। भारत दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि सहयोग को लेकर अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। लॉर्ड पार्किन्सन जी20 शिखर सम्मेलन की एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में हैं। शुक्रवार को उन्होंने बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के साथ एक बैठक भी की।

उन्होंने कहा, 'भारत और ब्रिटेन विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से साझेदारी कर रहे हैं। बीएचयू के साथ सहयोग बढ़ाकर मैं इस साझेदारी को और आगे ले जाने के प्रति आशान्वित हूं। इस महान विश्वविद्यालय में आना एक सुखद अनुभव है।' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की विशेषताओं, विशेषज्ञता तथा समृद्ध विरासत को रेखांकित करते हुए ब्रिटिश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन में कई ऐसे प्रतिष्ठित व उत्कृष्ट संस्थान है, जो अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को सहयोग व साझेदारी के शानदार अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने आने वाले कुछ हफ्तों में भारत में आयोजित होने वाली ब्रिटिश व भारतीय कुलपतियों की बैठक में शामिल होने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को भी आमंत्रित किया। बैठक में ब्रिटिश काउंसिल,



सहयोग को लेकर अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। लॉर्ड पार्किन्सन जी20 शिखर सम्मेलन की एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में हैं :- लॉर्ड पार्किन्सन संस्कृति व खेल मंत्री

भारत के शीर्ष पदाधिकारी तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों पक्षों ने रंगमंच, कला, डिज़ाइन, संगीत व नृत्य, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, नेतृत्व क्षमता कार्यक्रम समेत अनेक ऐसे विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें सहयोग के अवसर हैं। बीएचयू आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में विविध व अनेक क्षेत्रों में अध्ययन व अनुसंधान होता है। उन्होंने कहा कि मंच एवं कला, दर्शन, संस्कृति, विरासत, पुरातत्व एवं प्राकृतिक चिकित्सा ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें बीएचयू की विशेषज्ञता अतुलनीय है, ऐसे में इस संस्थान में शोध व अध्ययन की अपार संभावनाएं हैं। कुलपति ने सुझाव दिया कि ब्रिटिश काउंसिल की ओर से ऐसे नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम तैयार किये जा सकते हैं जिनसे विश्वविद्यालय के सदस्य प्रशिक्षित व लाभान्वित हों।

## सुडोकू 6297


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6297



**बायें से दायें:-**

१. पराधीनता, गुलामी

४. जिस पर नज़र न पड़ी हो, जो देखा न गया हो

६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव

७. विनती, आवेदनपत्र

८. युद्धसंबंधी

१०. यज्ञ करना

११. भलामानस, सज्जन

१३. तृण, घास-फूस

१४. कठिन

१५. शांत, नीरव, निर्धन, सन्नाटा

१७. स्वर्ण, धतूरा

१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य

२१. एक राक्षसी

२२. अस्वीकार या असहमति जताना

२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पैदल चलने वाला

२. शरीर के भीतर पाई जाने वाली श्वेत-चमकदार डोरी जैसी संरचना

३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम

४. मृत्यु, समाप्ति, अंत

५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु

९. तकलीफदेह

११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद

१२. युक्ति, प्रयत्न

१३. केसर-चंदन आदि में ललाट पर बनाया गया चिह्न, टीका

१४. किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन या लेखा-जोखा करने वाला

१५. देवता और दैत्य

१६. संग-संग, एक साथ


१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)

१९. कामदेव

२०. कसना, तानकर बांधना

२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6296



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

## ट्रंप की ट्विटर पर हुई वापसी

**वाशिंगटन,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो वर्ष से भी अधिक समय के प्रतिबंध के बाद जानी मानी सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर आखिरकार वापसी कर ली है। श्री ट्रंप ने गुरुवार रात अपना एक मग शॉट पोस्ट किया और कैप्शन दिया, 'चुनाव हस्तक्षेप, कभी समर्पण न करें।' मग शॉट गुरुवार की शुरुआत में लिया गया था जब उन्होंने जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में अटलांटा में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। सिर्फ दो घंटों के भीतर उनकी पोस्ट को लगभग 4,85,000 लाइक, 1,42,000 रीपोस्ट और 47,300 कोट्स प्राप्त हुए।

गौरतलब है कि अमेरिका में 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे के बाद पूर्व राष्ट्रपति का ट्विटर एकाउंट बंद कर दिया गया था। ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने नवंबर 2022 में ट्रम्प का अकाउंट बहाल कर दिया। हालांकि, श्री ट्रम्प ने तुरंत कुछ भी पोस्ट नहीं किया। श्री ट्रम्प, जो फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं। वह फॉक्स न्यूज के पूर्व होस्ट टकर कार्लसन को दिये साक्षात्कार के प्रसारित होने के एक दिन बाद एक्स पर लौट आए।

# प्रादेशिकी

### हरियाणा विस में तीन विधेयक पेश

चंडीगढ़, 25 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा के आज से शुरू हुये मॉनसून सत्र के दौरान आज तीन विधेयक सदन में पेश किये गये। ये विधेयक हरियाणा नगर पालिका (संशोधन) विधेयक-2023, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक-2023 और हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक-2023 हैं। सदन में इन विधेयकों पर विस्तार से चर्चा होगी तथा पारित किया जाएगा।

## 14778 मीट्रिक टन सेब खरीरदने का लक्ष्य निर्धारित : सुक्खू

**शिमला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करते हुए प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों को लाभ प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय में मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के तहत सेब के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 10.50 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पहली बार 1.50 रुपये की वृद्धि की है। सेब के अलावा, राज्य सरकार ने एमआईएस के तहत आम, किन्नू, माल्टा और संतरे की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी 10.50 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। पहली बार नींबू की खरीद भी एमआईएस के तहत गलगल के बराबर यानी 10 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर की जाएगी।



**एमआईएस के तहत 1,43,778 मीट्रिक टन सेब की खरीद की जाएगी और बागवानों की सुविधा के लिए 312 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से एचपीएमसी द्वारा 210 खरीद केंद्र और शेष 102 केंद्र हिमफेड द्वारा संचालित किए जाएंगे। राज्य सरकार के इस निर्णय से सेब उत्पादकों को लगभग 24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा: सुखविंदर सिंह सुक्खू**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि एमआईएस के तहत 1,43,778 मीट्रिक टन सेब की खरीद की जाएगी और बागवानों की सुविधा के लिए 312 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से एचपीएमसी द्वारा 210 खरीद केंद्र और शेष 102 केंद्र हिमफेड द्वारा संचालित किए जाएंगे। राज्य सरकार के इस निर्णय से सेब उत्पादकों को लगभग 24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के दृष्टिगत खरीद उद्देश्यों के लिए सीडलिंग, ग्राफ्टेड और कच्चा अचारी आम के खरीद अंतर को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहले आम की विभिन्न किस्मों को अलग-अलग दरों पर खरीदने का प्रावधान था, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने आम की तीनों किस्मों के लिए खरीद दर एक समान करने का निर्णय लिया है और 12 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आम की खरीद की जाएगी।

श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किन्नू, माल्टा और संतरे की खरीद दर भी सेब और आम के समान दर पर लाने का निर्णय लिया है। नींबू प्रजाति के ये फल भी अब सेब और आम के बराबर 12 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदे जाएंगे। इसके अलावा, किसानों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने किन्नू, माल्टा और संतरे की खरीद के लिए ग्रेड प्रणाली को समाप्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान 10 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गलगल और नींबू की भी खरीद की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फल उत्पादकों को बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए मंडी मध्यस्थता योजना कारगर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत किसान और बागवान हितैषी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में किसानों को और अधिक सहयोग प्रदान करने के लिए कीटनाशकों व फफूंदनाशकों को उपदान पर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में विभिन्न प्रजाति के फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई नवोन्मेषी प्रयास कर रही है। सरकार किसानों के लिए उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करने और कृषि क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## प्रीमियम क्वालिटी के प्रति किलो सेब के दाम 95 रुपए तय करना सही नहीं: राठौर

**शिमला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में अडानी के राज्य में तीन कोल्ड स्टोर है। दो दिन पहले ही अडानी समूह ने इस साल के लिए प्रीमियम क्वालिटी के प्रति किलो सेब के दाम 95 रुपए तय किए है जबकि मंडियों में अच्छी गुणवत्ता वाले सेब के बागवानों को प्रति किलो 110 से 125 रुपए मिल रहे हैं। ऐसे में जो रेट तय किए गए है, वे सही नहीं है।

श्री राठौर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अडानी द्वारा सेब के दाम घोषित किए जाने से हर वर्ष मार्किट पर असर पड़ने की संभावना बन रहती है और ऐसी संभावनाओं से इस बार भी इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में उन्होंने तय रेट का विरोध करते हुए दाम बढ़ाने की मांग की है।

उन्होंने चेताया कि यदि ऐसा नहीं होता है तो दो वर्ष पहले ही तरह वह सेब बागवानों के साथ ही अडानी के सी.ए. स्टोरों के बाहर प्रर्दशन करने से भी पीछे नहीं हटेगें।

श्री राठौर ने कहा कि इस बार मौसम की मार से बागवानों को पहले ही बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है। जगह-जगह भूस्खलन से सडके़ बंद हुई और बागवानों को सेब बाजार तक पहुंचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्होंने अदानी समूह को तुरंत प्रभाव से सेब के दाम बढ़ाने को कहा है ताकि बागवानों के साथ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज सुबह मुख्यमंत्री से भी बात की है और उनके संज्ञान में मामला लाते हुए जल्द हस्तक्षेप का आग्राह किया है। राठौर ने बताया कि अडानी समूह का स्पष्ट करना चाहिए कि उनका सेब के रेट तय करने का मैकेनिज्म क्या है। उन्होंने कहा कि जब ओपन मार्किट में अच्छे सेब को बागवानों को प्रति किलो 125 रुपए तक के दाम मिल रहे है तो उनके द्वारा किस आधार पर 95 रुपए दाम तय किए गए है।



**अडानी द्वारा सेब के दाम घोषित किए जाने से हर वर्ष मार्किट पर असर पड़ने की संभावना बन रहती है और ऐसी संभावनाओं से इस बार भी इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में उन्होंने तय रेट का विरोध करते हुए दाम बढ़ाने की मांग की है: कुलदीप सिंह राठौर, कांग्रेस विधायक**

उन्होंने कहा कि सरकार ने सब्सिडी देते हुए कौडियों के दामों पर अडानी समूह दी थी ताकि आढ़तियों के शोषण से किसानों व बागवानों को बचाया जा सके लेकिन आज उसके उल्टा हो रहा है।

### सार संक्षेप

#### खट्टर ने खोली कांग्रेस शासन में बीपीएल कार्डों के गलत आवंटन की पोल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वर्ष 2011 में कांग्रेस शासन के दौरान गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड जारी करने में अनियमितताओं का शुक्रवार को खुलासा करते हुये कहा कि इस तरह उस समय महंगे आवासों में रहने वाले व्यक्तियों को गलत तरीके से बीपीएल कार्ड आवंटित किए गए थे। ऐसे लगभग 50 लोगों के नाम उस समय अखबारों में छपे थे। श्री खट्टर राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा उठाए गए परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित मुद्दे का जवाब दे रहे थे। उन्होंने जनहित और पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक उपायों की भी जानकारी दी और कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में परिवार पहचान पत्र के छाटा के माध्यम से जनवरी 2023 माह के दौरान साढ़े 12 लाख नये राशन कार्ड बनाये गए हैं। यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से लाभ ले रहा है, तो उनका नाम काटने का भी प्रावधान सरकार ने किया है। परिवार पहचान पत्र को लेकर किसी भी विसंगति के सम्बंध में मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि सम्बंधित विभाग सक्रिय रूप से सुधार प्रक्रियाओं में लगा हुआ है। यदि किसी नागरिक के डाटा में कोई त्रुटि है तो वह आवेदन कर उसे ठीक करा सकता है।

#### बूचड़खानों को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** मांस की कटाई को लेकर विभिन्न कानूनी प्रक्रियाएं अपनाए जाने के बावजूद उतार प्रदेश में एकाएक बूचड़खानों की बाढ़ सी आ गई है जिसको लेकर पशु प्रेमियों एवं पर्यावरण चिंतकों के साथ समाज के कई तबकों में रोष का माहौल है। समाज सेवी राजीव कुमार के अनुसार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्लॉटर हाउस ( बूचड़खाना ) को चलाने पर रोक लगा दी गई थी परंतु अजय कुमार शर्मा सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपने लालच में आकर बूचड़खाना के मालिकों साथ मिलकर जिला बरेली उत्तर प्रदेश में स्लॉटर हाउस ( बूचड़खाना ) स्थापना हेतु लाइसेंस दे रहा है जिससे ना जाने कितने मासूम जीवो की हत्या हो रही है और होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पात्र लिख कर कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए कहा है कि इस अधिकारी को तुरंत निलंबित कर कारागार में डाल देना चाहिए। यह व्यक्ति हिंदू समाज, आर्य समाज, राष्ट्रीय सेवक संघ एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के नाम पर कलंक है। मोहन भागवत, प्रमुख राष्ट्रीय सेवक संघ को सूचित किया जाएगा जिससे वह भी अपने स्तर से इस प्रकार के व्यक्ति पर कार्रवाई कर सकें।

--

### सुडोकू 6297 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

## आरटीआई से हटेगी नगर परिषद पर जमी भ्रष्टाचार की परतें : तंवर

**सिरसा,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष व पूर्व सांसद डा.अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा में आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सरकार बनाएगी और लोगों के खून पसीने की कमाई का एक-एक पैसा विकास कार्यों में खर्च करवाएगी। श्री तंवर ने कहा कि उनकी तरफ से 10 करोड़ की गलियों को लेकर जनसूचना अधिकार के तहत जिन 38 बिंदुओं पर सूचना मांगी है वो सूचना 10 करोड़ के घोटालों के राज खोलेगी। उन्होंने कहा कि जनसूचना अधिकार के तहत उनकी ओर से नगर परिषद प्रशासन से डी.यू.एल.बी. पंचकूला से टैक्निकल अप्रूव्ल के बाद मंजूर हुई गलियों की सूचियां मांगी गई है। इसके अतिरिक्त 10 करोड़ की लागत से जिन गलियों का निर्माण करवाया जाना है,उन गलियों की यूनिक आई.डी.भी उपलब्ध करवाने का ब्यौरा भी मांगा गया है। डा. तंवर ने बताया कि सिरसा शहर में 10 करोड़ की लागत से जिन विकास कार्यों के टैंडर लगाए गए हैं, उसमें बड़े घोटाले की बू आ रही है। 42 गलियों की सूची में कई गलियां ऐसी भी दर्शाई गई हैं जो पहले से ही बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इन गलियों का निर्माण इससे पूर्व पहले किस वर्ष में किया गया था? और इस एवज में कितनी राशि खर्च हुई? इसकी भी जानकारी उनकी ओर से मांगी गई है। आम आदमी पार्टी नेता अशोक तंवर ने कहा कि 10 करोड़ की विकास कार्यों की सूची में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इस सूची में न तो कहीं कोई वार्ड अंकित किया गया है और न ही अनुमानित राशि व लागत के साथ साथ निर्माण स्थल तक गायब है। इसी कारण से उनकी तरफ से जनसूचना के अधिकार का सहारा लिया गया है ताकि सच्चाई का भेद लग सके। डा. तंवर ने कहा कि इस प्रकार के भ्रष्टाचार के अनेक उदाहरण हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रहे हैं। सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार को खुली छूट दे रखी है जिससे अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं। इससे पहले भी उनके द्वारा नगर परिषद की ओर से 50 लाख की लागत से कागजों में करवाए गए पैचवर्क घोटाला को भी उनके द्वारा खुलासा किया गया था। जिसकी मुख्यमंत्री उडनदस्ते द्वारा जांच जारी है। सरकारी अधिकारियों ने आरटीआई और अन्य कानूनों को मजाक बनाकर रख दिया है।



## आशा वर्कर्स ने सिरसा में निकाला रोष मार्च



**सिरसा,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा स्थित लघु सचिवालय में आशा वर्कर्स की हड़ताल अनवरत 18 वें दिन भी जारी रही। शुक्रवार को धरनारत आशा वर्कर्स ने उपायुक्त कार्यालय से लेकर बस स्टैंड तक रोष मार्च निकालते हुए अपने रोष का इजहार किया। आशा वर्कर रोष मार्च के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के खिलाफ नारेबाजी भी कर रही थीं। आशा वर्कर्स ने चेतावनी भी दी कि रोष मार्च व धरना के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए जिला प्रशासन व राज्य सरकार जिम्मेदार होगी

इससे पहले लघु सचिवालय में धरने की अध्यक्षता करते हुए आशा वर्कर यूनियन की नेता दर्शना व कलावती माखोसरानी ने बताया कि सरकार ने आशा वर्कर्स का मानदेय वर्ष 2018 के बाद से नहीं बढ़ाया है,जबकि उनका काम पांच गुना बढ़ा दिया गया है। वेतन न बढ़ाने व काम के अधिक बोझ के कारण आशा वर्कर को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरकार की इस बेरूखी के कारण आशा वर्कर्स में भारी रोष है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार बार-बार कहती है कि हड़ताल से आम जनता को कोई नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि जब से आशा वर्कर हड़ताल पर आई हैं, उसके बाद होम डिलीवरी व शिशु मृत्यु जैसे केसों की संख्या लगातार बढ़ रही है,जोकि चिंता का विषय है। उनकी मांग है कि आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए दिया जाए। आशा वर्कर को सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करते हुए व रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बार-बार की जा रही वायदा खिलाफी के विरोध में स्टेट कमेटी ने निर्णय लिया है कि 29 अगस्त तक आशा वर्कर्स की हड़ताल जारी रहेगी। इसके अलावा 28 अगस्त को पंचकु ला विधानसभा क्षेत्र का घेराव भी किया जाएगा। अगर इसके बावजूद भी सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो हड़ताल को आगे बढ़ाया जाएगा।

## हिमाचल में बादल फटा, 15 बच्चों समेत 51 लोगों को किया रेस्क्यू

**शिमला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में आपदा की इस घड़ी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवान देवदूत की तरह प्रभावितों के लिए सहारा बन कर सामने आए हैं। एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन ने मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में एक और साहसिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। ताजा घटनाक्रम में टीम ने बादल फटने के कारण सड़क मार्ग से पूरी तरह कट चुके खोलानाल पंचायत में फंसे 51 लोगों को रेस्क्यू किया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम बालीचौकी द्वारा क्षेत्र के हणोगी माता मंदिर के समीप ग्राम पंचायत खोलानाल में बादल फटने से 300 लोग फंसे होने की सूचना एनडीआरएफ के साथ सांझा की गई थी। इस पर टीम ने त्वरित कार्य करते हुए घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। लेकिन फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू करने में कठिनाई पेश आ रही है, क्योंकि सड़क के साथ-साथ पंचायत को जोड़ने वाले रास्ते भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए थे। इसलिए बचाव टीम रेस्क्यू करने के लिए 15 किलोमीटर पैदल चलकर मौके पर पहुंची। यहां बादल फटने के बाद 51 लोग फंसे हुए थे। इनमें 16 पुरुष, 20 महिला और 15 बच्चे मौजूद थे।



इस दौरान टीम ने कड़ी मशक्कत कर उन्हें एनडीआरएफ की उप टीम के साथ हनोगी गांव में सुपुर्द कर दिया। इस रेस्क्यू के दौरान टीम के साथ बालीचौकी के एसडीएम, तहसीलदार और बीडीओ भी मौजूद रहे। टीम ने खोलानाल पहुंच कर अन्य सभी फंसे लोगों के सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की पुष्टि की है।

## सहकारी बैंक के चुनाव में भाजपा के घटक दलों ने मारी बाजी

**सिरसा,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के सिरसा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के शुक्रवार को हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के घटक दल जजपा व निर्दलीय विधायक रणजीत सिह समर्थक बाजी मार गए जबकि कांग्रेस हाथ मलती रह गई।

रानियां के निर्दलीय विधायक व बिजली मंत्री रणजीत सिंह समर्थक जगदेव सिंह साुहवाला अध्यक्ष जबकि उपाध्यक्ष पद पर जजपा के राजकुमार सिहाग कुम्हारिया बने। अध्यक्ष पद को पाने के लिए सतारूढ़ दल भाजपा ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा था। जिला प्रभारी अमरपाल राणा, हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमेन व जिलाध्यक्ष आदित्य देवीलाल व मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा उदेड़बुन में लगे हुए थे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से भाजपा व घटक दल जजपा में सबकुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा।

दि सिरसा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के कुल 10 डायरेक्टर हैं। सहकारी बैंक के अध्यक्ष पद पर अक्सर इनेलो का ही कब्जा रहा है। जिनमें भाजपा व जजपा के पास क्रमशः्तीन-तीन,इनेलो के पास दो,कांग्रेस का एक व निर्दलीय रणजीत सिंह समर्थक एक डायरेक्टर था। भाजपा अपने प्रत्याशी कु लवंत गोदारा की जीत के प्रति खासा आश्वस्त थी। मतदान से ठीक पहले यकायक स्थिति बदल गई जिससे भाजपा को अपने कदम पीछे खिंचने पड़े। जिसके बाद मंत्री रणजीत सिंह समर्थक प्रत्याशी जगदेव सिंह साहुवाला के पक्ष में सर्वाधिक डायरेक्टर ने हाथ खड़े कर दिए जबकि दूसरे पायदान पर उपाध्यक्ष के लिए जजपा के राजकुमार सिहाग पर सहमति जाहिर कर दी। भाजपा के कुलवंत गोदारा से जब इस संदर्भ में पूछा गया तो बताया कि चडीगढ़ से फोन आ गया था जिससे उसको कदम पीछे खिंचने पड़े।




भाजपा ने इस चुनाव में हो रही किरकिरी को बचाने के लिए लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाऊस में एक प्रैसवार्ता की जिसमें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माल्यार्पण कर मुंह मीठा करवाया गया। इस दौरान भाजपा के जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने सर्वसम्मत भाजपा समर्थित लोगों के बनने का दावा किया मगर थोड़े ही समय में कलई खुल गई ओर यह सामने आ गया कि अध्यक्ष जगदेव सिंह निर्दलीय विधायक व मंत्री रणजीत सिंह जबकि राजकुमार जजपा से समर्थित है। सियासी डेमेज कंट्रोल करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा ने कहा कि भाजपा %सबका विकास सबका साथ' चाहती है। इस मौके पर पूर्व विधायक मक्खन सिंगला,बैंक के पूर्व चेयरमेन मोहन लाल झोरड़ ,भाजपा प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पदम जैन,नेजाडेला के पूर्व सरपंच रमेश कम्बोज व मक्खन ख्योंवाली भी मौजूद थे।

## चंद्रयान-3 में मंडी के साइंटिस्ट प्रषुम्न की भी भागीदारी

**शिमला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इस मिशन में काम करने वाले बहुत से छोटे-बड़े चेहरे इन दिनों सुर्खियों में हैं। मिशन की सफलता के बाद इस बात का पता चल रहा है कि इसे सफल बनाने में बहुत से लोगों का विभिन्न प्रकार से योगदान था।

ऐसा ही महत्वपूर्ण योगदान मंडी जिला के वैज्ञानिक प्रषुम्न ने भी दिया है। प्रषुम्न चंद्रयान-3 के क्रायोजेनिक इंजन बनाने वाली टीम का हिस्सा था। चंद्रयान-3 जिस रॉकेट पर सवार होकर पृथ्वी की कक्षा से बाहर गया उस रॉकेट का नाम मार्क-3 था और इस रॉकेट में क्रायोजेनिक इंजन लगे थे। इन इंजनों को बनाने में प्रषुम्न का भी अहम योगदान रहा है।





प्रषुम्न के पिता घनश्याम ने बताया कि जैसे ही चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हुई तो वे बिस्तर पर जोर से उछल गए और तालियां बजाने लग गए। यह कुछ ऐसे क्षण थे, जिन्हें वे शब्दों में बयां नहीं कर सकते।

प्रषुम्न की माता ऋतु सुमन ने बताया कि सफल लैंडिंग के बाद उन्होंने अपने बेटे से वीडियो कॉल पर बात की। बेटा खुश था, लेकिन इस मिशन में अपनी भागीदारी को इसलिए नकार रहा था, क्योंकि बहुत से वैज्ञानिकों ने इसके लिए ज्यादा मेहनत की थी। लेकिन मां ने समझाया कि जो इंजन उसकी टीम ने बनाया अगर वो नहीं होता तो फिर चंद्रयान-3 कैसे आगे बढ़ता। उन्होंने अपने बेटे को बधाई दी और लगातार आगे बढ़ने का आशीवार्द दिया।

पच्चीस वर्षीय प्रषुम्न द्रंग विधानसभा क्षेत्र के गवारडू गांव का रहने वाला है। उसे बचपन से एस्ट्रोनॉट बनने का शौक था। पिता घनश्याम बताते हैं कि प्रषुम्न घर में रखी हर चीज को खोल कर देखता था। टेक्निकल इक्यूपमेंट के प्रति उसकी जिज्ञासा ऐसी थी कि आज वह इसरो जैसी संस्था के लिए बतौर साइंटिस्ट काम कर रहा है। प्रषुम्न इसरो में 25 जुलाई 2019 से अपनी सेवाएं दे रहा है। प्रषुम्न के पिता घनश्याम एलआईसी अधिकारी हैं, जबकि माता ऋतु सुमन शिक्षिका हैं।

## नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही सरकार: नेगी

**शिमला,** 25 अगस्त (एजेंसियां) हिमाचल के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को यहां कहा कि प्रदेश सरकार बागवानों के कल्याण के लिए हाल ही में लिए गए निर्णयों को सख्ती से लागू करने के हरसंभव प्रयास कर रही है। किसी को भी नियमों की अवेहलना की अनुमति नहीं दी जाएगी और उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्री नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कृषि और बागवानी उपज विपणन (विकास और विनियमन) अधिनियम-2005 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर कृषि उपज विपणन समिति ने कड़ा संज्ञान लेते हुए बकाएदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

बागवानी मंत्री ने कहा कि इन उल्लंघनकर्ताओं द्वारा सेब और नाशपाती को बिना वजन के क्रय और विक्रय किया गया। इनमें से एक डिफॉल्टर कृषि विभाग द्वारा जारी लाइसेंस के बिना मार्केट यार्ड पराला में कारोबार कर रहा था। दूसरा उल्लंघनकर्ता मार्केट यार्ड रोहड़ू में वजन के आधार पर फलों की बिक्री और खरीद के सरकारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहा था।

श्री नेगी ने कहा कि दोषी पाए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत उल्लंघनकर्ताओं के पंजीकरण प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए जाएंगे।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में गुमशुदा 111 मोबाइल बरामद, मालिकानों को किए सुपुर्द

**फर्रुखाबाद,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। गुमशुदा 111 मोबाइलों को सर्विलांस टीम ने बरामद किये है यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। एसपी ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस सेल टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों/विभिन्न जनपदों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगा कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिन्हें सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के कुल 111 मोबाइल फोन को बरामद किया गया। सभी 111 मोबाइलों को उनके वास्तवितक मालिकानों को सुपुर्द कर दिया गया।

# उत्तर प्रदेश में अब कोई दूसरा नहीं ले सकेगा लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार

**लखनऊ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार ने प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण को और सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाने के लिए बायोमैट्रिक्स प्रणाली लागू किए का निर्णय लिया है। इसके तहत ई-पॉस मशीनों की

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में बायोमैट्रिक प्रणाली होगी लागू
- ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए यूपीडेस्को को नामित किया गया कार्यदायी संस्था

स्थापना एवं संचालन के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। ई-पॉस मशीनों की स्थापना के लिए टेंडर के साथ ही ई-टेंडरिंग के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की जिम्मेदारी यूपीडेस्को की होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने ई-पॉस मशीनों के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण की व्यवस्था को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार कोई दूसरा नहीं ले सकेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर



अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों (अति कुपोषित सहित), गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (केवल आकांक्षात्मक जनपदों में) को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। ई-पॉस मशीन की बिड प्रक्रिया में मल्टीपल कंपोनेंटट सम्मिलित होने के कारण इसे उत्तर प्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल के माध्यम से किए जाने के प्रबंध किए गए हैं। निदेशक, यूपीडेस्को की अध्यक्षता में क्रय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में प्रशासकीय विभाग के सदस्य के रूप में संयुक्त निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा समिति में जरूरत के अनुसार अन्य विभागीय अधिकारियों एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि को सदस्य नामित किया जाएगा। चयनित होने वाली सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं को ई-पॉस मशीन सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन, आइरिश आइडेंटिफिकेशन, फील्ड लेबल मैनपावर, तकनीकी मैनपावर, मोबाइल सिम उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही इन सभी का 3 वर्षो तक रख-रखाव भी करना होगा। यह परियोजना सिस्टम इंटीग्रेटर आधारित बीओओ (बिल्ड, ओन, ऑपरेट) मॉडल पर संचालित की जाएगी। ई-पॉस मशीन की बिड प्रक्रिया में विभिन्न कंपोनेंट (हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर आदि) सम्मिलित होंगे, जिसमें एक से अधिक सिस्टम इंटीग्रेटर्स का भी चयन संभावित है।

### यूपीडेस्को को दी गई जिम्मेदारी

ई-पॉस मशीनों की स्थापना और संचालन में क्वालिटी वर्क और अनुभव को देखते हुए यूपीडेस्को को यह जिम्मेदारी दी गई है। यूपीडेस्को द्वारा प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत एफपीएस आटोमेशन के लिए आरएफपी तैयार कराने, बिड कराने एवं प्रणाली की मॉनीटरिंग व बिलिंग का कार्य कार्यदायी संस्था के रूप में किया जा रहा है। इसी मॉडल के अनुसार ई-पॉस मशीनों की व्यवस्था के संबंध में यूपीडेस्को के माध्यम से सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं से अनुबंध किए गए हैं। यही नहीं, खाद्य एवं रसद विभाग में ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए नवीनतम तकनीकों के प्रयोग (आइरिश आइडेंटिफिकेशन, जीपीएस लोकेशन ट्रैकर, फेस आइडेंटिफिकेशन रीडर आदि) को सम्मिलित करते हुए आरएफपी तैयार कराने का कार्य भी यूपीडेस्को द्वारा किया गया है।

## भाजपा सरकार में किसान बदहाल : अखिलेश

**लखनऊ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार में किसान सर्वाधिक बदहाली की जिंदगी जी रहा है। यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि प्राकृतिक आपदा के साथ सरकारी कुव्यवस्थाओं के चलते हालात दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं पर भाजपा सरकार को गरीबों, किसानों की कोई चिंता नहीं है। बाढ़, सूखा के संकट के साथ बिजली संकट ने किसानों को कर्ज के बोझ से भी लाद



दिया है जिससे तंग आकर वह आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। उन्होने कहा कि कहीं सूखा, कहीं बाढ़ के हालात ने किसानों को कहीं का नहीं रखा है। किसानों की मुश्किलों की फिक्र भाजपा सरकार को नहीं है। अभी तक न तो प्राकृतिक आपदा पीड़ित क्षेत्रों का सर्वे कराया गया है और नहीं मुआवजा दिया गया है। लखीमपुर खीरी, मवाना, के अलावा गंगा, सरयू तटवर्ती गांवों में तबाही मची है। अम्बेडकर नगर सहित कई जनपदों में वर्षा का संकट हैं किसान पानी को तरस रहे हैं। धान के खेतों में दरार देखकर अन्नदाता की चिंता बढ़ती जा रही है। यादव ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों, फसल का उचित दाम न मिलना, बिजली आपूर्ति में बाधा, आवारा पशुओं की बढ़त तथा बाढ़-सूखा संकट ने प्रदेश के किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। उसकी उपेक्षा कर भाजपा केवल पूंजी घरानों के हितों पर ध्यान दे रही है।

## मौत के कुएं में घूमती कार में आग लगी, मचा हड़कंप

**मवाना,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित पालिका के मैदान में शहीद प्रदर्शनी में मौत का कुआं आइटम लगा हुआ है, जिसमें गुरुवार रात करीब 10.15 बजे जैसे ही शो के प्रारम्भ में छह कारों का घूमना शुरू हुआ तो एक कार में आग लग गई। कार में लगी आग को देख आयोजकों व दर्शकों में हड़कंप मच गया। आयोजकों ने रेत और पानी डालकर आग बुझाई। इस कारण मौत का कुआं शो आधा घंटे तक बंद रहा।



इसके बाद आयोजकों ने आइटम शो चालू कराया। पालिका मैदान में आयोजित शहीद प्रदर्शनी में गुरुवार देर रात मौत के कुएं में आयोजकों को छह कारों को एक साथ चलाना था। शो चालू होने से पहले अनेक दर्शकों के साथ मेला सुरक्षा में तैनात अनेक सुरक्षा कर्मी भी मौजूद थे। दर्शकों ने बताया कि करीब 10.15 बजे शो में जब छह कारों में से तीन कारों ने चलना शुरू किया तो उनमें से एक कार में आग लग गई। कार में आग लगते ही शो रोक दिया गया। आयोजकों में हड़कंप मच गया। आयोजकों ने

- आयोजकों ने रेत व पानी डालकर बुझाई आग
- घंटों बंद रहा आइटम

तुरत-फुरत रेत और पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर तक कार में लगी आग पर काबू पाया गया।

आयोजकों ने बताया कि आग को बुझाने के बाद शो चालू कर दिया गया था। दर्शकों ने बताया कि मौत के कुएं में आग बुझाने के यंत्र नहीं लगाये है। ऐसी घटना मौत के कुएं में एक साथ छह कारें चलने के दौरान अक्सर होती रहती है। इस बारे में मेले में तैनात अग्नि सुरक्षा बल को जानकारी नहीं दी गई। मेले के ठेकेदार सौरभ शर्मा ने बताया कि कार में आग लगने की घटना उनकी जानकारी में नहीं है।

## सार संक्षेप

### ग्राम पंचायत किशनपुर बिराना से सोहनपाल निर्विरोध

**मवाना।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में ग्राम पंचायत किशनपुर बिराना से सदस्य पद पर एक पर्चा भरा होने के कारण सोहनपाल को निर्विरोध चुन लिया गया। वहीं ग्राम पंचायत मंदवाड़ी से किसी भी सदस्य द्वारा पर्चा वापस नहीं लिए जाने के कारण इस गांव में अब 6 सितंबर को चुनाव होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत किशनपुर बिराना व मंदवाड़ी में ग्राम पंचायत सदस्यों की मृत्यु के बाद दो पद रिक्त हो गए थे, जिसके बाद किशनपुर बिराना से एक व मंदवाड़ी से दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया था। किशनपुर बिराना से सोहन पाल को निर्विरोध चुन लिया गया है। वही मंदवडी से किसी भी उम्मीदवार द्वारा पर्चा वापस नहीं लिए जाने के कारण वहां पर अब 6 सितंबर को चुनाव होगा। यह जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी आजम परवेज खान ने बताया कि मंदवाड़ी में सदस्य पद के चुनाव के लिए एक बूथ पर 128 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सदस्य को चयन करेंगे। मंदवाड़ी में सदस्य पद के एक उम्मीदवार रवि कुमार को अनाज ओसाता किसान व दूसरे प्रत्याशी लोमस को इमली का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

### लूट मामले में दो गिरफ्तार

**मेरठ।** शनिवार 19 अगस्त को सर्राफा कारोबारी सुनील वर्मा के नौकर अनुज से हुई साढ़े तेरह लाख की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गुरुवार को पुलिस ने मुठभेड़ में दो लुटेरों को अरेस्ट कर लिया। घटना के मुख्य अभियुक्त राहुल के पैर में गोली लगी है। वहीं उसका साथी राजा मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ा। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में सर्राफा कारोबारी के नौकर से लूट की घटना के बारे में बताया। इनके पास से पुलिस को पांच लाख पचासी हजार रुपए भी बरामद हुए हैं। जो लूट की रकम थी। वहीं दो साथी अभी फरार है जिन्हें पुलिस खोज रही है।

### कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेरठ।** एक कांस्टेबल ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके साथियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मृतक के घर पर सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने बताया रिश्ता तय होने के बाद से वह तनाव में था। हालांकि अभी आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

### जिलाधिकारी ने गोवंश स्थलों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गोवंश आश्रय स्थल सहाबगंज ब्लाक नवाबगंज एवं गोवंश आश्रय स्थल दहिलिया ब्लाक मोहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में गोवंश हेतु भरण पोषण की व्यवस्थाएं पर्याप्त पाई गईं।


**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अरविंद कश्यप व उसकी पत्नी कृष्णवीरी उर्फ मानवी से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य और लेन-देन के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं हैं।

**-हरेन्दर कुमार पुत्र जगदीश, ग्राम छबड़िया थाना सरधना (मेरठ)।**


## निजी आईटीआई की फीस में वृद्धि नहीं करेंगी उप्र सरकार

**लखनऊ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार ने अभिभावकों एवं युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शैक्षिणक सत्र 2023-24 में भी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में फीस वृद्धि नहीं किए

- कोविड के चलते अभिभावकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय

जाने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों से अधिकांश अभिभावकों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाने के कारण हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने वर्ष 2018 के लिए निर्धारित निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए मानक शुल्क को यथास्थिति रखा गया था। वर्तमान सत्र में भी वर्ष 2018 मे निर्धारित निजी आईटीआई की फीस को ही जारी रखने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने जा रहे छात्रों और उनके अभिभावकों को ये बड़ी राहत दी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग अभिषेक सिंह की ओर से इस संबंध में आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश, लखनऊ को आगामी सत्र 2024-25 के लिए फीस नियतन का प्रस्ताव ससमय माह अप्रैल, 2024 तक उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए है।

# कंठस्थ टूल पर कैनरा बैंक में दिया गया प्रशिक्षण

**मेरठ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक एवं बीमा), मेरठ, संयोजक केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एक दिवसीय

- कार्यक्रम में राजभाषा अधिकारियों ने लिया हिस्सा
- हिंदी के कार्य को और गति देने का आश्वासन

कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जहां बैंकों एवं बीमा कंपनियों के राजभाषा अधिकारियों के लिए पूर्वाह्न में राजभाषा विभाग गृह, मंत्रालय द्वारा विकसित स्मृति आधारित कंठस्थ टूल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वाति वर्णवाल, प्रबंधक(राभा), सदस्य सचिव के स्वागत संबोधन से शुरू हुआ। इसके बाद केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं नराकास के अध्यक्ष एवं मंचासीन



कार्यपालकों ने कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। अध्यक्ष ने कहा कि हिंदी का हमारे जीवन में एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा की राजभाषा हिंदी में कार्य करना अत्यधिक गौरव की बात है और सभी कार्यालयों में कार्यालय प्रपत्र राजभाषा हिंदी में ही तैयार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कामकाज में सहजता लाने के लिए राजभाषा हिंदी का प्रयोग आवश्यक है साथ ही इसे मन से अपनाना अति आवश्यक है। राजभाषा हिंदी समाजिक समरसता और सदभाव का प्रतीक है, इससे हमारी राजभाषा हिंदी का प्रसार-प्रचार ही नहीं होगा बल्कि प्रशासनिक और वैज्ञानिक कार्यों के राजभाषा हिंदी में किये जाने का सुखद और प्रेरणादायक वातावरण भी सृजित होगा। इसके बाद प्रकाश माली,वरिष्ठ प्रबंधक (राभा) ने कंठस्थ अनुवाद टूल के बारे में सभी राजभाषा अधिकारियों को बताया एवं सभी ने इसके माध्यम से हिंदी के कार्य को और गति देने का आश्वासन दिया। इस संगोष्ठी में नेशनल इन्श्यूरेंश कंपनी के मंडल प्रबंधक, राजेश शर्मा एवं मुख्य प्रबंधक(राभा), राजीव लोचन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम मे लगभग 40 लोगो ने प्रतिभागिता की, जिसमें 05 बीमा कंपनियों एवं 13 बैंकों के स्टाफ सदस्यों ने अपना प्रतिनिधित्व किया।

### ग्राहक सेवा मानकों में सुधार विषय पर संगोष्ठी आयोजित

पूर्वाह्न सत्र के बाद बैंकिंग और बीमा कंपनियों में ग्राहक सेवा मानकों में सुधार विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिससा लिया। मुख्य बातों के रूप मे उन्होने कहां कि डेस्क स्टाफ को अपने बैंकध्बीमा कंपनी की योजनाओं की समुचित जानकारी होनी चाहिए, तथा ग्राहकों संयमित और मृदु भाषा में बात करनी चाहिए। हमारे उत्पाद ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल हों। हर वर्ग के लिए प्रोडक्ट की रेंज हो जैसे युवा वर्ग, महिला वर्ग, वरिष्ठजन, सेवारत तथा कारोबारी वर्ग,डिजिटल युग में ग्राहकों को उत्पाद चुनने की आजादी है।

## आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव



- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप
- कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे परिजन

**मवाना,**25 अगस्त (देशबन्धु)। हस्तिनापुर थाने के गांव रानी नगला निवासी 35 वर्षीय भीम का शव गांव के समीप स्थित जंगल में आम के पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद शव को पेड़ पर लटकाया गया। पुलिस कार्रवाई छुब्द परिजनों कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे और घंटे शव को पेड़ से नहीं उतरने दिया। हंगामा की सूचना पर एसपी देहात और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। जिसके बाद लगभग 10 बजे शव को पेड़ से उतर गया। मामला थाना क्षेत्र के गांव रानी नगला का है जहां गांव के रहने वाले 35 वर्षीय भीम पुत्र ब्रह्म सिंह का शव गांव के समीप स्थित आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पेड से उतरने का प्रयास किया तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और आला अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। घंटे चले हंगामा के बाद लगभग 10 बजे शव को पेड़ से उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा करना चाह तो परिजन फिर कार्रवाई की मांग करने लगे।

परिजनों ने बताया कि मारपीट करने वाले युवक रात को लगभग 9. 30 बजे घर पहुंचे और मृतक को समझौता करने की बात करते हुए अपने साथ ले गए।

### देर शाम पैसे के लिए लेन देन को लेकर हुआ था विवाद

परिजनों के अनुसार मृतक का देर शाम लगभग 8 बजे गांव के ही रहने वाले कुछ युवकों से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि पैसे लेने आए युवकों ने मृतक के साथ मारपीट की जिसकी सूचना मृतक ने डायल 112 को दी। परिजनों को आरोप है मौके पर पहुंची डायल 112 भी मृतक के साथ मारपीट कर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

## पूर्व सांसद के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप

**मेरठ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश अखलाक पर हिंदू युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। दिल्ली निवासी युवती शुक्रवार को मेरठ एसएसपी दफ्तर अपनी शिकायत लेकर पहुंची। युवती का आरोप है कि पूर्व सासंद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश ने उसे बहला फुसलाकर दोस्ती कर ली। इसके बाद मेरठ के एक होटल में बुलाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने दुष्कर्म की शिकायत के लिए कहा तो सांसद के बेटे ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। बता दें कि शाहिद अखलाक बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े सांसद रहे हैं। बाद में बसपा से अलग होकर अपनी पार्टी भी बनाई थी। युवती ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। दिल्ली निवासी युवती ने बताया कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर दानिश अखलाक नाम के युवक से उसकी दोस्ती हुई थी।

## जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिला न्यायाधीश

**मेरठ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन), वैश्य अनाथालय व सुरजकुंड बाल गृह का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में चिकित्सालय वार्ड पहुंचकर मरीजो से उनका हाल जाना तथा दिये जा रहे उपचार के बारे में संबंधित से जानकारी प्राप्त की।



राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से परिजनो की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। नारी निकेतन में संवासिनियो द्वारा अपने हाथो से बनायी गयी पेंटिंग जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी को भेंट की गयी। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने संवासिनियो द्वारा बनायी गयी पेंटिंग की प्रशंसा की। सूरजकुंड बालगृह पर भोजनालय, स्वास्थ्य केन्द्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हैल्थ रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में वैश्य अनाथालय का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जेल अधीक्षक जिला कारागार शशिकांत मिश्र, संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**तैयारी** *सीसीएसयू में 29 को लगेगा लघु फिल्म महोत्सव*

# युवाओं को प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मौका

**मेरठ,**25 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को सीसीएसयू के तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल विभाग में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें चलचित्र सोसाइटी एवं तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर को होने वाली लघु फिल्म महोत्सव के बारे में जानकारी दी गई। चलचित्र समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह लघु फिल्म महोत्सव आसपास के क्षेत्र के फिल्मों में रुचि रखने वाले युवाओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल विकास में वृद्धि करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया यह फिल्म फेस्टिवल गत वर्षो से कुछ अलग होगा क्योंकि इस बार कुछ नए विषयों पर फिल्में आमंत्रित की गई हैं।

मुख्य रूप से हमारा लक्षित समूह युवा व छात्र हैं। चलचित्र समिति के सचिव अम्बरीश पाठक ने बताया कि इस फिल्म महोत्सव में आने वाली फिल्मों को दो श्रेणियां में रखा गया है। प्रथम श्रेणी 5 मिनट तक की तथा दूसरी श्रेणी 5 से 15 मिनट तक की है। पुरस्कृत फिल्मों को 5 से 15 मिनट तक वाली फिल्मों में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को सम्मानित करने के साथ-साथ 21 हजार तथा द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता को 11 हजार रूपए



- आस-पास के क्षेत्र के लिए फिल्मों में रुचि रखने वाले कर सकेंगे प्रतिभागिता
- दो श्रेणियों में रहेंगी फिल्में, श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

नकद पुरस्का स्वरूप दिए जाएंगे। इसी प्रकार 5 मिनट तक की श्रेणी की फिल्मों में प्रथम स्थानकर्ता को 11 हजार व द्वितीय प्राप्तकर्ता को 5100 रूपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही दोनों श्रेणियों की फिल्मों में तीन-तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रो. प्रशांत कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट जो कि फिल्म सिटी के रूप में नोएडा में विकसित हो रहा है, इसका लाभ मेरठ एवं आसपास के जिलों के प्रतिभाशाली कलाकारों, फिल्म तकनीकी एवं फिल्म के विभिन्न आयामों से जुड़े लोगों को मिल सके। इसके अतिरिक्त भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, भारत की महान विभूतियों से आम जनता परिचित हो, इस फिल्म महोत्सव को करने का लक्ष्य है। प्रेस वार्ता में सुमंत डोगरा, डॉ. दिशा दिनेश, शरद व्यास, डॉ. नीता गुप्ता, वंशीधर चतुर्वेदी, बीनम यादव, नेहा कक्कड़, मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के कंप्यूटर एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र के स्कूलों में जाकर कंप्यूटर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे सरस्वती ज्ञान मंदिर एवं जीवी पब्लिक स्कूल मुख्यत रहे। जिसमें बीसीए में अध्यनरत छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर हार्डवेयर के बारे में जानकारी दी। छात्र छात्राओं को



कंप्यूटर हार्डवेयर के एक-एक पुर्जे के नाम बताते हुवे उनके बारे में बताया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जिनका शिक्षकों द्वारा संतोष जनक उत्तर देकर उनको संतुष्ट किया। इस कार्यशाला में उपस्थित स्कूल की छात्र-छात्राओं में बड़ा उत्साह दिखाई दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य नंदकिशोर एवं पूनम रानी ने इस कार्यक्रम के लिए विनायक विद्यापीठ के शिक्षकों का धन्यवाद किया।




देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 26 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## फिल्म जंगल में नजर आएंगे विक्रांत सिंह राजपूत

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म जंगल में काम करते नजर आएंगे। फिल्म जंगल में विक्रांत सिंह राजपूत अहम किरदार में नजर आएंगे इस फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड के पहाड़ों और जंगलों में में की जा रही है। इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ ऋतु सिंह भी हैं, जो उनकी बहन का किरदार निभा रही हैं, जबकि उनके अपोजिट श्रुति राव हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म जंगल की पटकथा ने मुझे इस फिल्म की ओर खूब आकर्षित किया है। मुझे खुशी है कि अब मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं और सबसे भारी बात यह है कि मुझे भोजपुरी के दिग्गज कलाकार अवधेश मिश्रा के निर्देशन में अभिनय का मौका मिल रहा है।

### नए शोध में वैज्ञानिकों का दावा

# बच्चों व युवाओं में अवसाद का कारण नहीं बनता सोशल मीडिया का उपयोग



- इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक के बढ़ता उपयोग
- 10-16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में चिंता व अवसाद के लक्षण नहीं

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक के बढ़ते उपयोग से 10-16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में चिंता और अवसाद के लक्षण नहीं हो सकते हैं। नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनटीएनयू) के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर सिल्जे स्टीन्सबेक ने कहा कि बहुत से लोग ऐसा मानते हैं कि सोशल मीडिया के उपयोग से चिंता और अवसाद का प्रचलन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगर हम जर्नल कम्प्यूटर्स इन ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित अध्ययन के नतीजों पर विश्वास करें तो ऐसा नहीं है।

स्टीन्सबेक ने कहा कि युवा लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग एक ऐसा विषय है जो अक्सर मजबूत भावनाएं पैदा करता है, मगर माता-पिता और पेशेवरों दोनों के बीच इसे लेकर काफी चिंता है। अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक बीमारी के लक्षणों के विकास के बीच संबंध खोजने के लिए नॉर्वे के एक शहर ट्रॉनहैम में छह साल की अवधि में 800 बच्चों पर शोध किया।

उन्होंने 10 साल के बच्चों का हर दूसरे साल डेटा इकट्ठा किया, जब तक वह 16 साल के नहीं हो गए। बच्चों और उनके माता-पिता दोनों के साथ साक्षात्कार के माध्यम से चिंता और अवसाद के लक्षणों की पहचान की गई।

परिणाम लड़के और लड़कियों दोनों पर समान था। चाहे बच्चों ने अपने स्वयं के सोशल मीडिया पेजों के माध्यम से पोस्ट और चित्र प्रकाशित किए हों या दूसरों द्वारा प्रकाशित पोस्ट को पसंद किया हो और उन पर टिप्पणी की हो, परिणाम दोनों के एक समान ही थे।

स्टीन्सबेक ने कहा कि कई वर्षों तक समान विषयों का अनुसरण करते हुए गहन साक्षात्कारों के माध्यम से हमने मानसिक बीमारी के लक्षणों को रिकॉर्ड करके और विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया के उपयोग की जांच करके अध्ययन को सक्षम बनाया है।

इसी शोध समूह द्वारा किए गए पिछले अध्ययनों से पता चलता है कि नॉर्वे में लगभग पांच प्रतिशत युवा अवसाद का अनुभव करते हैं। बच्चों में इसका प्रचलन कम है। 10 में से एक बच्चा 4 से 14 वर्ष की आयु के बीच कम से कम एक बार चिंता विकार के मानदंडों को पूरा करता है। आने वाले वर्षों में शोधकर्ता यह भी जांच करेंगे कि सोशल मीडिया पर साइबर बुलिंग और नग्न तस्वीरें पोस्ट करने जैसे विभिन्न अनुभव, समाज में युवाओं के विकास और कामकाज को कैसे प्रभावित करते हैं।

## स्पाई-यूनिवर्स की जासूसी फिल्म में आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी शरवरी



**मुंबई,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। 'बंटी और बबली 2' से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री शरवरी, आलिया भट्ट के साथ 'स्पाई-यूनिवर्स' की फिल्म में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। यह 'स्पाई-यूनिवर्स' की एक जासूसी फिल्म होगी। 'स्पाई-यूनिवर्स' में वॉर, 'टाइगर' फ्रेंचाइजी और 'पठान' जैसी फिल्में शामिल हैं। आदित्य चोपड़ा इस फिल्म के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं जो स्पाई-यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी।

एक सूत्र ने खुलासा किया, अभिनेत्री शरवरी एक ऐसी शख्स हैं, जिनके बारे में इंडस्ट्री को लगता है कि वह उभरती हुई स्टार हैं। उन्हें आदित्य चोपड़ा ने आलिया भट्ट के साथ अपनी स्पाई-यूनिवर्स फिल्म में नायिका के रूप में चुना है, इससे पता चलता है कि शरवरी अपनी पीढ़ी की बाकी अभिनेत्रियों से कहीं ऊपर हैं।

सूत्र ने कहा कि वाईआरएफ का यह कदम शानदार ढंग से उन्हें एक युवा अभिनेत्री के रूप में स्थापित करता है, जो भारतीय फिल्म उद्योग में प्रसिद्धि पाने के लिए तैयार है। उनके जैसे किसी व्यक्ति को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश करते हुए देखना काफी रोमांचक है, जिसमें केवल सुपरस्टार्स को ही भूमिकाएं दी गई हैं।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा आईपी है, जिसमें सबसे बड़े सुपरस्टार इस फ्रेंचाइजी के लिए बोर्ड पर आ रहे हैं। यूनिवर्स की शुरुआत 2012 में 'एक था टाइगर' से शुरू हुई। इसकी यात्रा ब्लॉकबस्टर फिल्मों से भरी रही है।

टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। आलिया और शरवरी की अभी तक शीर्षकहीन फिल्म 2024 में फ्लोर पर जाएगी जो वर्तमान में विकास और प्री-प्रोडक्शन चरण में है।

## मंड्रेम बीच पर दो नाबालिग फ्रांसीसी बच्चों को बचाया गया

**पणजी,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांसीसी मूल के दो बच्चों को दृष्टि मरीन के जीवन रक्षकों ने उत्तरी गोवा के मंड्रेम बीच से बचाया है। यह बच्चे रिप टाइड में फंस गए थे और तैरकर वापस किनारे पर आने में असमर्थ थे।

फ्रांसीसी मूल के 13 और 16 साल की उम्र के दो लड़कों को ड्यूटी पर तैनात जीवन रक्षक सिद्धेश, रोहित, हिरेन और नागेश ने बचाया।

लाइफगार्ड संगठन दृष्टि ने कहा कि जीवन रक्षक उनकी सहायता के लिए आगे आया और एक बचाव ट्यूब, सर्फ़बोर्ड और एक जेटस्की का उपयोग करके बच्चों को वापस किनारे पर लाया। जांच के बाद वह स्थिर पाए गए। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब मानसून के कारण गोवा के समुद्र तटों पर तैरना वर्जित है।

दृष्टि मरीन के सीईओ नवीन अवस्थी ने कहा कि मानसून के कारण गोवा के समुद्र तट (बीच) बंद हैं क्योंकि समुद्र की स्थिति खराब और अप्रत्याशित बनी हुई है। यह जरूरी है कि समुद्र तट पर बच्चों पर लगातार निगरानी रखी जाए और उन्हें समुद्र में जाने की अनुमति न दी जाए, चाहे पानी कितना भी उथला क्यों न हो। अधिकारी ने आगे कहा कि माता-पिता या अभिभावकों को आपात स्थिति के मामले में निकटतम जीवन रक्षक को सतर्क करना चाहिए और गश्त कर रहे जीवन रक्षकों के सुरक्षा घोषणाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। गोवा के समुद्र तटों पर मानसून के मौसम में या अगली सूचना तक तैराकी की मनाही है।

## कोरोना लॉकडाउन में गरीब जरूरतमंदों के शोषण पर बनी लघु फिल्म जरूरत का टीजर रिलीज




**पटना,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। पटना के नवोदित फिल्म निर्देशक सायकदेव मुखर्जी द्वारा निर्देशित लघु फिल्म 'जरूरत' का टीजर (ट्रेलर) रिलीज कर दिया गया है। फिल्म निर्माता एम पी जैन ने बताया कि इस लघु फिल्म की कहानी कोरोना लॉकडाउन में गरीब जरूरतमंदों के शोषण पर है। जैन ने बताया कि इस फिल्म के निर्देशक सायकदेव ने इससे पहले भी तीन लघु फिल्मो का निर्देशन कर चुके हैं। लड़कियों तथा औरतों पर हो रहे मानसिक शोषण पर बनाई गई उनकी फिल्म मेघा के लिए उन्हें कई पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। जैन ने बताया कि फिल्म 'जरुरत' का टीजर एस डी मोशन पिक्चर्स यूट्यूब चैनल पर लॉन्च हो चुका है।

कहानी को पूरे तरीके से जनता के सामने अभी प्रस्तुत नहीं की गई है मगर टीजर के अनुसार ये कहानी आम आदमी द्वारा अनजाने में लाचारों के प्रति शोषण को दर्शा रहा है। निर्माता जैन ने बताया कि इस फिल्म में पटना रंगमंच एवं फिल्म कलाकार रवि मिश्रा के साथ ही साथ मनोज पांडेय, एम कुमार मैडी तथा नवोदित कलाकार जया अग्रवाल, राजीव रंजन, रितेश राजवीर, अनन्या सिंह, पृथ्वी सिंह, रुद्रजीत गांगुली, अमर शर्मा एवं कृष्ण मुरारी मुकुंद ने काम किया है। साथ ही बैक कैमरा कास्ट में आकाश कर्मकर ने डी.ओ.पी किया, सादिया नाज ने आर्ट निर्देशन किया। मौसूमी दे ने मेकअप किया तथा प्रोडक्शन मैनेजमेंट सत्यजीत गांगुली, प्रियांशु मंडिलवार तथा अनंत देव ने किया है।

## दिल्ली के गाँधी शान्ति प्रतिष्ठान में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती



नई दिल्ली 25 अगस्त (एजेंसियां)। अवध संस्कृति उत्कर्ष समिति के तत्वाधान में गाँधी शान्ति प्रतिष्ठान नई दिल्ली में गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती मनाई गई। जयन्ती पर 'गोण्डा जनपद और तुलसीदास' के पुस्तक का लोकार्पण हुआ। पुस्तक के लेखक डॉ श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि यह पुस्तक लेखकों, विद्वानों और शोध छात्रों के लिए उपयोगी तो होगी ही साथ ही गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से सम्बन्धित सबसे प्रामाणिक दस्तावेज भी है। आयोजित संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर एवं विद्वान साहित्यकारों ने पहुंचकर 'अवधी भाषा और तुलसीदास' पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। समिति के अध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के नाम से डिजिटल लाइब्रेरी और डिजिटल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के गोण्डा जनपद में खुलेगा। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन. हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल राय, डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी दिल्ली विश्वविद्यालय, हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सूर्यपाल सिंह, उद्योगपति ठाकुर सूर्यकान्त सिंह, डॉ. रघुनाथ पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मीकान्त पाण्डेय, डॉ. श्रीनारायण तिवारी, प्रोफेसर राहुल देव, डॉ. रमाशंकर सिंह, ऋषिपाल महाराज, डॉ. शैलेन्द्र नाथ मिश्र, निदेशक शोध केन्द्र आचार्य एवं अध्यक्षए हिन्दी विभाग, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोण्डा समेत दर्जनों प्रोफेसर साहित्यकारों ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र वा रामचरित मानस पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् डॉ. सूर्यपाल सिंह को (साहित्य) प्रोफेसर अनिल राय (शिक्षा) डॉ. श्रीनारायण तिवारी ( इतिहासकार) रमेश कुमार दूबे (अभिनेता अवधी) ठाकुर सूर्यकान्त सिंह को (समाजसेवा और व्यापार ) के क्षेत्र में अवध संस्कृति सम्मान 2023 प्रदान किया गया।

## 'आदिराज प्रधान' का किरदार निभाएंगे मिश्कत वर्मा



नई दिल्ली। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की आगामी फिक्शन पेशकश, 'काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून' में अभिनेता सुम्बुल तौकीर एक महत्वाकांक्षी आईएएस अधिकारी, 'काव्या' की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक मजबूत महिला किरदार के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती यह कहानी काव्या के सफर को उजागर करेगी जिसका उद्देश्य देश की सेवा करना और साथ ही परिवार के मूल्य पर भी जोर देना है। कहानी को और ज्यादा रोचक बनाने का वादा करते हुए, मिश्कत वर्मा आदिराज प्रधान की भूमिका निभाने के लिए इस बहुप्रतीक्षित शो के कलाकारों में शामिल होंगे। एक दशक से ज्यादा समय से मनोरंजन जगत का हिस्सा रहे मिश्कत ने पर्दे पर कई तरह के किरदार निभाए हैं और वो 'काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून' के साथ एक नए ज़माने के शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं।

## नव्या नवेली नंदा ने कॉमिक बुक्स की दुनिया में कदम रखा



**मुंबई,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। नव्या नवेली नंदा ने खुद कॉमिक बुक की संपादकीय टीम के साथ मिलकर कॉमिक्स की दुनिया में कदम रखते हुए कहानियां लिखी हैं। इससे पहले उद्यमी नव्या नवेली नंदा ने विरासत कॉमिक्स प्रकाशन, 'टिंकल' के साथ अपने सहयोग की घोषणा की थी। ये कहानियां महिला-केंद्रित विषयों पर होंगी क्योंकि इस सहयोग में उनके 'प्रोजेक्ट नवेली' की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विशेष सहयोग कॉमिक बुक सितम्बर 2023 के अंत में लॉन्च होने वाली है।

उत्साहित नव्या नवेली नंदा ने कहा कि मैं टिंकल को पढ़ते हुए बड़ी हुई हूं। मेरे लिए वर्षों बाद कहानियों का एक नया सेट बनाने में उनके साथ सहयोग करना एक पूर्ण चक्र है।

इनमें से कुछ कहानियों को जीवन में लाने के लिए टिंकल संपादकीय टीम के साथ काम करना वास्तव में एक रोमांचक प्रक्रिया रही है, और वह भी महिलाओं से संबंधित कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों पर।

नव्या नवेली नंदा ने आगे कहा कि मैं इसके जल्द ही सामने आने का इंतजार कर रही हूं, ताकि हर कोई टिंकल की जादुई दुनिया के माध्यम से अपने बचपन को फिर से जी सके, लेकिन इस बार वो भी कुछ ट्विस्ट के साथ।

नव्या ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर साझेदारी की घोषणा की तस्वीरें भी शेयर की। नव्या की कहानियां टिंकल ऐप पर उपलब्ध होंगी। अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष और सीईओ प्रीति व्यास ने कहा कि हमें प्रोजेक्ट नवेली के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अमर चित्र कथा और टिंकल में, हम उन साझेदारों के साथ सहयोग करने का प्रयास करते हैं जो बच्चों को शिक्षित करने और युवाओं को सशक्त बनाने में मदद करने वाले मुद्दों का समर्थन करने के समान विजन साझा करते हैं। प्रोजेक्ट नवेली के साथ हमारे सहयोग के माध्यम से, हमारा लक्ष्य ऐसे एक नहीं बल्कि कई विषयों से निपटना है।

## एनडीएमए ने आपदा मित्रों को किया सम्मानित

नई दिल्ली। भारत की जी20 अध्यक्षता के अंतर्गत, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) तथा स्व-सहायता समूहों एवं गऊ संबंधी उत्पादों के लिए समर्पित सहकारिता सोसायटी 'गौ समग्र' के साथ मिलकर एक जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान, किसी भी आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले सहायता के लिए आगे आने वाले आपदा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। श्री कमल किशोर, सदस्य सचिव, एनडीएमए ने बताया कि 'अपदा मित्र योजना' देशभर में आपदाओं के मद्देनज़र तैयारियों के व्यापक मकसद को साकार करने में सहयोग करती है। आपदा मित्र अपने निस्स्वार्थ सेवा भाव के चलते सही मायने में, आपदा प्रबंधन के दौरान सच्चे संरक्षक साबित होते हैं। उनके समर्पण और साहस को स्वीकार किया जाना चाहिए तथा उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया जाना चाहिए।






## सफाई कर्मचारी मरीजों का कर रहा इलाज, वीडियो वायरल

- बिजनौर जिला अस्पताल में 42 डॉक्टरों के स्टाफ
- सफाईकर्मी भर्ती मरीज को लगी ड्रिप में लगा रहा इंजेक्शन



**बिजनौर,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर के जिला अस्पताल में 42 डॉक्टरों के स्टाफ होने के बाद भी सफाईकर्मी मरीजों का इलाज कर रहा है। सफाईकर्मी के मरीज के इलाज का वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बिजनौर जिला अस्पताल की एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें देखा जा रहा है कि एक सफाई कर्मी नितिन कुमार वार्ड में भर्ती मरीज को लगी ड्रिप में इंजेक्शन लगा रहा है।साफ पता चल रहा है कि मरीज के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग कितना सतर्क है। समाजसेवी मुनीश त्यागी ने कहा कि बिजनौर जिला सरकारी अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लापरवाही बरतने वाले विभाग के अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त करे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. राधेश्याम वर्मा ने कहा कि वीडियो वायरल होने बाद मामला संज्ञान में आया है। सफाई कर्मी को तत्काल वार्ड से हटा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी जबरदस्त तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना बड़ी चुनौती : सीतारमण



> भारत का मजबूत प्रदर्शन भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पिछले नौ वर्षों में लागू किए गए कई आर्थिक सुधारों का परिणाम है। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन आदि जैसे कदम बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल रहे हैं :-
> **निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री**

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि जब दुनिया कोविड-19 और इसके प्रभावों, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के साथ ही अन्य कारणों से हुई तबाही से गुजर रही है जो वैश्विक स्तर पर गंभीर स्थिति पैदा कर रही हैं , ऐसे समय में वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना एक बड़ी चुनौती है।

श्रीमती सीतारमण ने आज यहां आयोजित बी-20 इंडिया शिखर सम्मेलन में सतत वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि इन चिंताओं के अलावा, प्रत्येक देश की अलग स्थिति होती है जिसे उनकी अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण के लिए विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता होती है। उन्होंने पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ये वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को निरंतर सुधार के रास्ते पर लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुद्रास्फीति पर काबू पाना होगा जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखते हुए विकास की प्रधानता को ध्यान में रखना है। दूसरी प्राथमिकता विकास को गति देने के लिए निवेश, विशेषकर भौतिक संपत्तियों में सार्वजनिक निवेश पर जोर देना है जबकि तीसरी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाना है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त के मुद्दे को चौथी प्राथमिकता बताया, जबकि आखिरी प्राथमिकता विकास को मजबूत करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण पर आधारित है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है , निवेश बढ़ा है और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में मजबूत आंकड़े आने की उम्मीद है।

श्रीमती सीतारमण न कहा कि भारत का मजबूत प्रदर्शन भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पिछले नौ वर्षों में लागू किए गए कई आर्थिक सुधारों का परिणाम है। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन आदि जैसे कदम बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत की वृद्धि, जिसके कारण निजी निवेश में वृद्धि हुई है, उसने भारत को निरंतर विकास पथ पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि कई देशों ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और इंडिया स्टैक से सीखने में गहरी रुचि दिखाई है, जिसने भारत ब्रांड को ऊपर उठाया है।

उन्होंने मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का उल्लेख करते हुये कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए समझौता अंतिम निर्णय के बहुत करीब है, जिसे साल के अंत तक पूरा किया जा सकता है।

## हिन्दुस्तान जिंक की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य




**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जिंक का उत्पादन मौजूदा वित्तीय वर्ष में 10 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है।

कंपनी की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कंपनी की 57वीं वार्षिक बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश के विकास में जिंक अहम भूमिका निभाएगा, हिन्दुस्तान जिंक विश्व की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में होगी। हम इस सेक्टर में कम से कम 3 से 4 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। हम अपना उत्पादन 10 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन प्रतिवर्ष करने की योजना बना रहे है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी ने 10 लाख टन से अधिक रिफाइंड मेटल का उत्पादन किया है।

उन्होंने कहा कि नए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने 257 किलोटन जिंक उत्पादन किया है। विकास प्रयासों में क्षमताओं का विस्तार, लंबी अवधी के साथ खानों के पोर्टफोलियो को बनाए रखना, लागत नेतृत्व को मजबूत करना, ग्राहक केंद्रित उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ना शामिल है।

उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक भूमिगत खनन में बैटरी चालित ईवी संचालित करने वाली देश की पहली कंपनी हैं। उन्होंने कहा कि क्षमता विस्तार, मात्रा में वृद्धि, बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन और सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य सृजन प्रमुख क्षेत्र होंगे। 2025 तक कोयला निर्भरता को कम करने का लक्ष्य है।

सुश्री हेब्बर ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक का पंतनगर प्लांट 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी के साथ संचालित है। हमारी सोलर प्रोजेक्ट में 180 मेगावाट और विंड प्रोजेक्ट मे 250 मेगावाट की क्षमता है। कंपनी 2025 तक अपनी कोयला निर्भरता को 50 प्रतिशत कम करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि जब 21वीं सदी के भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा, तो हिंदुस्तान जिंक की बदलाव की कहानी का अपना एक उपलब्धिपूर्ण अध्याय होगा।

## 5,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी वायरलेस नेटवर्क ऑपरेटर टी-मोबाइल

**सैन फ्रांसिस्को,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित वायरलेस नेटवर्क ऑपरेटर टी-मोबाइल ने नौकरियों में कटौती करते हुए अगले पांच हफ्तों में 5,000 कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है। इस कटौती से कॉर्पोरेट और बैक-ऑफिस की नौकरियां काफी हद तक प्रभावित होंगी। सीईओ माइक सीवर्ट ने गुरुवार को कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा, %%इस सप्ताह से शुरू होकर अगले पांच सप्ताह तक हम अपने संगठन में बदलाव करेंगे जिसके चलते कंपनी में कुछ पदों में कटौती होगी। इन बदलावों से देश भर में मुख्य रूप से कॉर्पोरेट और बैक-ऑफिस और कुछ प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में हमारे कुल कर्मचारियों के लगभग 7 प्रतिशत से कम 5,000 पदों पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कंपनी बाहरी कर्मचारियों और संसाधनों पर खर्च में कटौती करने का इरादा रखती है, लेकिन खुदरा और उपभोक्ता देखभाल कर्मचारी जो ग्राहकों के साथ बातचीत करते हैं, वे इससे प्रभावित नहीं होंगे। इसके अलावा कंपनी का अनुमान है कि 2023 की तीसरी तिमाही में कार्यबल में कटौती से संबंधित उस पर लगभग 450 मिलियन डॉलर का पूर्व कर शुल्क लगेगा। सीवर्ट ने कहा, हमारे उन सहकर्मियों से अलग होना कठिन है जिन पर इसका प्रभाव पड़ेगा, और मैं आपको बताना चाहता हूं कि बदलाव के इस समय में हमारा ध्यान उनमें से प्रत्येक के साथ यथासंभव व्यवहार करते हुए उनके लिए हर संभव प्रयास करना है।

## प्रसिद्ध उद्यमियों की जीवनी देती है प्रेरणा : अदित



नई दिल्ली, 25 अगस्त (देशबन्धु)। 23 साल के अदित अग्रवाल ब्रांड एबज़ॉर्ब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इससे पहले अदित 17 साल की उम्र में टीन्स4टीन्स नाम से अपना पहला उद्यम शुरू किया। आज टीन्स4टीन्स ने देश भर में 100 से अधिक किशोरों की एक टीम खड़ा कर दिया है और इसके 20 हजार से ज्यादा ऑनलाइन सदस्य हैं।

अदित कहते हैं कि प्रसिद्ध उद्यमियों की जीवनी प्रेरणा देती है। क्योंकि इससे उद्यमिता के क्षेत्र में कुछ नया कर दिखाने का अवसर मिलता है। आज अदित ब्रांड एबज़ॉर्ब को आगे ले जाने के लिए नई रणनीति तैयार करने में जुटे हुए हैं। अदित विदेश से बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरी छोड़ भारत वापस आए हैं। अदित की बचपन के दिनों से ही रुचि व्यवसाय की दुनिया में थी। उन्होंने प्रसिद्ध उद्यमियों और उनकी यात्राओं के बारे में पढ़ना शुरू किया और वैश्विक सफलता के लिए उनकी प्रथाओं और रणनीतियों के बारे में जानने के लिए प्रसिद्ध कंपनियों का अध्ययन किया। अदित के पिता बचपन से ही उन्हें उद्यमिता की शिक्षा देते थे। ताकि वे उद्यम की बारीकियों को जान सके अदित के दादाजी ने सिखाया कि जो समाज ने दिया है उसे समाज को कैसे लौटाया जाए इस सोच के साथ काम करना चाहिए और यही जीवन की सकारात्मक सोच है।

अदित ने अपनी स्कूली शिक्षा मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड से की जहां 17 साल की उम्र में उन्होंने टीन्स4टीन्स नाम से अपना पहला उद्यम शुरू किया। इसके बाद उच्च अध्ययन के लिए वह संयुक्त राज्य अमेरिका के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी चले गए। 5 वर्षों तक अध्ययन करने और बोस्टन में मुख्यालय वाली 3 बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने के बाद, वह मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में एबज़ॉर्ब में शामिल होने के लिए भारत वापस आए।

अदित कहते हैं कि उन्हें भारतीय होने का हमेशा गर्व रहा है। इसलिए देश के आर्थिक और सामाजिक कल्याण में योगदान देने के लिए भारत लौटने की योजना बनाई है। अदित का कहना है कि मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी आशाजनक सरकारी पहलों के साथ देश में एक आशावादी कारोबारी माहौल के उदय को देखने के बाद, उनका लक्ष्य कई उद्यम शुरू करना है। साथ ही कुशल और महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के समुदाय का निर्माण करना है।

## सार संक्षेप

### रुपया नौ पैसे कमजोर

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे गिरकर 82.65 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.56 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया चार पैसे फिसलकर 82.60 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से 82.71 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82.56 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में नौ पैसे गिरकर 82.65 रुपये प्रति डॉलर रह गया।


### चिंगारी ने दो माह में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** घरेलू शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म चिंगारी ने फंड की कमी के बीच अपने दूसरे दौर की नौकरी में केवल दो महीनों में 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। अग्रणी स्टार्टअप समाचार कवरेज पोर्टल इंक42 की रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि कंपनी के छंटनी के नवीनतम दौर ने उत्पाद, ग्राहक सहायता, डिजाइन और मार्केटिंग टीमों के कर्मचारियों को प्रभावित किया है। पूछने पर चिंगारी ने रिपोर्ट पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक, शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म ने अपने कुछ कर्मचारियों को अपने खर्चों में कटौती करने के लिए 50 प्रतिशत तक वेतन कटौती करने के लिए भी कहा है। स्टार्टअप का लक्ष्य धन जुटाना है, लेकिन यह लंबे समय से उचित परिश्रम प्रक्रिया में फंसा हुआ है। कथित तौर पर चिंगारी में अब लगभग 50-60 कर्मचारी बचे हैं। इस साल जून में, चिंगारी ने संगठनात्मक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में अपने 20 प्रतिशत कार्यबल को हटा दिया था।

### स्पाइसजेट ने कई महीनों तक पेंशन फंड में पैसा जमा नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारत की लो-कॉस्ट एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने कथित तौर पर कम से कम छह से लेकर आठ महीने से अपने कर्मचारियों के पेंशन फंड में पैसा जमा नहीं किया है। हालांकि, स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया कि कंपनी ने प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। प्रवक्ता ने कहा कि पीएफ में कुछ देरी हुई। लेकिन, हम जल्द ही एक बड़ी राशि जमा करेंगे और वेतन वितरण समय पर होगा। हम सभी निपटान भी समय पर कर रहे हैं। हमें उम्मीद है, जल्द ही सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि हम तीन से चार महीने में एक साथ पीएफ जमा कर रहे हैं और जल्द ही इसका भुगतान हो जाएगा। इस सप्ताह सोमवार को स्पाइसजेट ने पहली तिमाही के लिए अपनी वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव की घोषणा की थी। एयरलाइन ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए 197.64 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ बताया था। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 783.72 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे से उल्लेखनीय रूप से बेहतर है।

# फेड और ईसीबी के निर्णय से पहले बाजार धड़ाम




**मुंबई** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की ब्याज दरों को लेकर जारी बैठक से पहले एशियाई बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 365.83 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर एक सप्ताह बाद 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64,886.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,265.80 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत टूटकर 30,717.91 अंक और स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत उतरकर 36,055.96 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3763 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2145 में बिकवाली जबकि 1494 में लिवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 11 तेजी पर रही।

बीएसई के 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.89, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.39, एफएमसीजी 0.91, वित्तीय सेवाएं 0.41, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.73, आईटी 0.52, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.47, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.34, पावर 1.26, रियल्टी 1.27, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए।

एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 2.05, हांगकांग का हैंगसेंग 1.40 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत गिर गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.38 और जर्मनी के डैक्स में 0.36 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 252 अंक की भारी गिरावट लेकर 65,000.67 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 65,106.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 64,732.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,252.34 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत उतरकर 64,886.51 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 89 अंक टूटकर 19,297.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,339.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,229.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,386.70 अंक की तुलना में 0.62 प्रतिशत गिरकर 19,265.80 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसइंड बैंक 1.89, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.88, एलटी 1.79, अल्ट्रासिमको 1.72, जियो फाइनेंस 1.69, पावरग्रिड 1.58, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.46, एनटीपीसी 1.31, टाटा स्टील 1.14, एसबीआई 1.12, एचडीएफसी बैंक 1.07, टाटा मोटर्स 0.88, विप्रो 0.62, मारुति 0.55, रिलायंस 0.35, इंफोसिस 0.28 और टीसीएस 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिनसर्व 2.36, बजाज फाइनेंस 1.04, एशियन पेंट 1.04, भारती एयरटेल 0.41, टाइटन 0.22, एक्सिस बैंक 0.15 और आईसीआईसीआई बैंक 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

## जिंसों की कीमत में टिकाव



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लौटी तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट की तेजी के साथ 3834 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.94 सेंट चढ़कर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल** : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4200-4300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12454 रुपये, मूंगफली तेल 20732 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 12088 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## डीएचएल एक्सप्रेस ने रिटेल ग्राहकों के साथ मनाया राखी का जश्न

नोएडा। दुनिया की अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता डीएचएल एक्सप्रेस इस साल राखी पर अपने रिटेल ग्राहकों के लिये त्यौहार की खुशियाँ बढ़ा रही है। लोग विदेशों में अपने परिवार और दोस्तों को डीएचएल के 700 से ज्यादा रिटेल सर्विस पॉइंट्स पर और उसकी वेबसाइट से उपहार और पकवान भेजने के लिए 31 अगस्त 2023 तक विभिन्न रियायतों और ऑफर्स का आनंद उठा सकते हैं। इस खास ऑफर का लक्ष्य दूर रहने वाले परिवारों को राखी और उपहारों के आदान-प्रदान के द्वारा करीब लाना है। यह उन रिश्तों का असली उत्सव है, जो देशों की सीमाओं से परे होते हैं।इस ऑफर में 0.5 कि.ग्रा. से लेकर 2.5 कि.ग्रा., 5 कि.ग्रा., 10 कि.ग्रा., 15 कि.ग्रा. और 20 कि.ग्रा. वजन तक के शिपमेंट्स पर 50त्न तक की छूट शामिल है। चाहे डब्बा मिठाइयों का हो, या विचारपूर्वक तैयार उपहारों, घर के बने पकवानों, आदि का हो, यह ऑफर पूरी दुनिया में अपने लोगों को प्यार और खुशी देने का एक अनोखा साधन प्रदान करता है।

# 'उपभोक्ता संरक्षण के मुद्दों पर जी20 के फोरम पर ठोस चर्चा हो'



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र के संगठन अंकटाड की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने उपभोक्त संरक्षण के मुद्दों को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने और आने वाले समय में जी20 के फोरम पर इसके लिए विशेष बैठके आयोजित किए जाने की पैरवी की है। बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण नीति के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन कट्स इंटरनेशनल द्वारा यहां आयोजित वैश्विक एक वेब-परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार की असमानताओं को देखते हुए उपभोक्ता संरक्षण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। श्रीमती ग्रिनस्पैन ने पुरजोर तरीके से कहा कि आने वाले वर्षों में जी20 की शिखर बैठकों के साथ उपभोक्ता शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रसार और स्थायी बदलाव जैसी चुनौतियों के व्यापक परिदृश्यमें उपभोक्ता संरक्षण की चिंताओं को सक्रिय रूप से देखने और उनका समाधान निकालने की जरूरत है। कट्स की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस चर्चा में सिविल20 के प्रधान समन्वयक (शेरपा) विजय के नाम्बियार ने जोर दिया कि, ''हालांकि उपभोक्ता आर्थिक गतिविर्ण भूमिका निभाधियों में महत्वपूते हैं, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि इन गतिविधियों का प्राथमिक लक्ष्य जीवन की स्थायी गुणवत्ता की सुरक्षा, रखरखाव और वृद्धि होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि ठीक ढंग से काम करने वाले बाजारों में उत्पादकों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच प्रभावी सहयोग चलता रहता है पर वैश्वि स्तर पर बाजार की असमानताओं और कमजोरियों को देखते हुए लिए मजबूत उपभोक्ता संरक्षण उपायों की आवश्यकता है। 'कट्स' इंटरनेशनल के महामंत्री प्रदीप एस महता ने 1999 में वित्तीय मुद्दों पर चर्चा हेतु मंच के रूप में अपनी स्थापना से लेकर अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच बनने तक जी20 के विकास को रेखांकित किया

उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में ठोस बदलाव की जरूत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय में हालांकि जी20 के ढ़ांचे के भीतर चर्चा की गई है लेकिन वैश्विक परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव के कारण यह इस पर ध्यान कम हो गया है। उन्होंने भारत के बाद अगले वर्ष ब्राजील में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के एजेंडे में उपभोक्ता संरक्षण को बहाल करने पर बल दिया है।

भारत की अध्यक्षता में जी20 का शिखर सम्मेलन अगले माह नयी दिल्ली में होने जा रहा है। ब्राजीलिया के सामाजिक और आर्थिक विश्लेषण संस्थान (आईबीएएसई), ब्राजील के कार्यकारी निदेशक, अथायदे मोटा ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण और नागरिक अधिकार बातचीत का अभिन्न अंग और प्राथमिकता होनी चाहिए।

अर्जेटीना के पूर्व राष्ट्रीय उपभोक्ता रक्षा निदेशक फर्नांडो ब्लैंको ने कहा कि इस तरह की बातचीत डिजिटल अर्थव्यवस्था से आगे बढ़नी चाहिए, जिसमें समान मानकों, भोजन की बर्बादी और कई अन्य मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

ब्राजीलियाई उपभोक्ता संरक्षण संस्थान (आईडीईसी) में अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों के निदेशक इगोर रोड्रिग्स ब्रिटो ने कहा कि ब्राजील में अगले जी20 शिखर सम्मेलन में उपभोक्ता संरक्षण के लिए एकजुट होने पर उपभोक्ता संगठनों की सामूहिक आवाज गूंजेगी।


# खेल जगत

## पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का हार्ट अटैक से निधन

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। तीन बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई विश्व चैंपियन विंडहैम रोटुंडा, जो ब्रे वायट के नाम से मशहूर हैं, का 36 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया। डब्ल्यूडब्ल्यूई अधिकारी ट्रिपल एच ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। ट्रिपल एच ने एक्स पर लिखा, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम माइक रोटुंडा का फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के आजीवन सदस्य विंडहैम रोटुंडा - जिन्हें ब्रे वायट के नाम से भी जाना जाता है। उनका आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम चाहते हैं कि इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान करे। हालांकि, उनकी मौत का मुख्य कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। कुश्ती रिपोर्टर सीन रॉस सैप के अनुसार, ब्रे वायट को इस साल की शुरुआत में कोविड हो गया था, जिससे दिल की समस्याएं बढ़ गईं और यही कारण है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा और गुरुवार को उनका निधन हो गया।



# पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय




**बुडापेस्ट,** 25 अगस्त (वार्ता) भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया।

नीरज के अलावा डीपी मनु और किशोर जेना ने भी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई।

नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमश: छठे और नौंवे स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया।

नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया एक जुलाई 2023 को शुरू हुई थी और 30 जून 2024 तक जारी रहेगी।

केवल विश्व एथलेटिक्स नियमों के अनुरूप विश्व एथलेटिक्स, क्षेत्रीय संघों या राष्ट्रीय महासंघों (नीरज के मामले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) द्वारा आयोजित या अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन ही ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये मान्य होते हैं।

इस बीच, पाकिस्तान के अरशद नदीम और चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया।अरशद ने 86.79 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाने के अलावा पेरिस ओलंपिक में भी स्थान पक्का किया। वाडलेच 83.50 के थ्रो के साथ फाइनल में पहुंचे लेकिन ओलंपिक के लिये फिलहाल क्वालीफाई नहीं कर सके।

खराब फॉर्म से गुज़र रहे गत विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स की जैवलिन मात्र 78.49 मीटर की दूरी ही तय कर सकी और वह विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गये।

### डीपी मनु और किशोर जेना ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ, डीपी मनु और किशोर जेना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए हैं। अब भारत के तीनों खिलाड़ी रविवार, 27 अगस्त को होने वाले फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। वहीं, इस साल एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले 23 वर्षीय मनु दोनों समूहों में कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे और 81.31 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा कर रहे एक अन्य भारतीय किशोर ने 80.55 मीटर थ्रो के साथ स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन का दूसरा समूह चेक गणराज्य के जैकब वाल्डेज के साथ शुरू हुआ। उन्होंने 81.34 मीटर थ्रो के साथ उड़ान भरी। फिर, दूसरे प्रयास में 83.50 मीटर का थ्रो किया और चोपड़ा के बाद सीधे क्वालीफाई कर लिया।

# आईसीसी विश्व कप 2023 टिकटों की बिक्री शुरू




**दुबई,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की आम बिक्री शुक्रवार शाम से शुरू होंगे। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों को भारत में आमंत्रित किया गया है।

भारत में पांच अक्तूबर से 19 नवंबर तक वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। क्रिकेट प्रशंसक लंबे समय से टिकट खरीदने का इंतजार कर रहे हैं। भारत के मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट की जानकारी पहले ही सार्वजनिक कर दी गई थी। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि प्रशंसक टिकट कहां खरीद पाएंगे। टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से होनी है। हालांकि, कुछ फैंस एक दिन पहले 24 अगस्त से ही टिकट कर सकते हैं।

टिकटों की मांग को इंतजाम करने और अधिक से अधिक प्रशंसकों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को देखने का सबसे अच्छा मौका देने के लिए शुक्रवार से विदेशी टीम के वार्मअप मैचों और इवेंट मैचों के साथ विभिन्न् चरणों में बिक्री की जाएंगे। विश्व कप में कुल 58 मैच खेले जाएंगे। इनमें 10 अभ्यास मैच शामिल हैं। विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप के टिकट भारतीय समयानुसार 25 अगस्त को शाम आठ बजे से एचटीटीपीएस//टिकट्सडॉट क्रिकेटवर्ल्डकप डॉटकॉम के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि टिकट बिक्री वेबसाइट पर मैचों के लिए टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस वेबसाइट पर टूर्नामेंट के मुख्य मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट भी मिलेंगे। विश्व कप 2019 फाइनल की पुनरावृत्ति के साथ शुरू हो रहा है, इंग्लैंड अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलगा। 2023 विश्व कप वनडे में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करेगा और सभी प्रतिस्पर्धी देशों ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के जनून को देखा जाएगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, 卐जैसा कि हम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा करते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों को हृदयतल से आमंत्रित करते हैं। हमारे आयोजन स्थल ऐसे टूर्नामेंट में प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ एक ऐसा विश्व कप अनुभव कराो के लिए तैयार हैं जो किसी अन्य देश से अलग हो।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की आम बिक्री आज होगी, जिससे एक दिवसीय खेल का शिखर आयोजन सीधे दुनिया के सामने आएगा। हम सभी को अपनी सीट सुरक्षित करने और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

**कंपाला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की। एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। श्री मुसाली ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा। श्री मुसाली ने कहा, यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। श्री मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी। गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है। 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के बीच खेले जाने वाला यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) क्रिकेट टूर्नामेंट भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाला है। यह आयोजन शुरू में फरवरी से मार्च 2023 के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। वर्ष 2019 के गत चैंपियन इंग्लैंड सहित दस टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।

# डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर विनेश फोगाट ने साधा बृजभूषण पर निशाना

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चुनाव न कराने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के बाद डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की आलोचना की है। राष्ट्रीय कुश्ती संचालन संस्था को जून में चुनाव कराने थे। दुर्भाग्य से, विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा पेश की गई कई कानूनी चुनौतियों के कारण इन चुनावों में काफी देरी का सामना करना पड़ा।



फिर, नए प्रशासकों को चुनने के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने थे, लेकिन हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) की एक याचिका के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाने के बाद इसमें और देरी हो गई। विनेश ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण के कारण भारतीय कुश्ती को कितना नुकसान हुआ है। अगर इसका सही आकलन किया जाए तो सही तस्वीर सामने आ जाएगी। इस माफिया के कारण तिरंगे का अपमान हुआ है। डब्ल्यूएफआई चुनाव में देरी के कारण, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने गुरुवार को भारतीय निकाय को निलंबित कर दिया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यूडब्ल्यूडब्ल्यू ध्वज के तहत लड़ना होगा। इससे पहले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती के लिए काला दिन बताया, क्योंकि खेल की राष्ट्रीय संस्था को अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव न कराने के कारण निलंबित कर दिया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बजरंग, साक्षी और विनेश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहलवानों के विरोध के बाद दिन-प्रतिदिन के कार्यों के संचालन के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया था, जिसके बाद से भारतीय कुश्ती महासंघ मुश्किल में है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और समग्र कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे।

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों में भारत उतारेगा 634 एथलीट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने हांग्झोउ एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये 634 एथलीटों को चुना है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंत्रालय के समक्ष 850 एथलीटों की सिफारिश की थी, जिनमें से 38 खेलों में इन 634 नामों को चुना गया। साल 2018 में एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में कुल 572 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत 16 स्वर्ण सहित 70 पदक जीतकर लौटा था। भारत एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा की अगुवाई में 34 पुरुषों और 31 महिलाओं सहित 65 प्रतिभागी उतारेगा। जलक्रीड़ा (एक्वाटिक्स) में 22 जबकि तीरंदाज़ी में 16 खिलाड़ी भारतीय ध्वज संभालेंगे। कुश्ती में 18 पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल ही में फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतने वाले रमेशबाबू प्रज्ञानंद सहित 10 भारतीय शतरंज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारोत्तोलन में सिर्फ मीराबाई चानू (49 किग्रा) और बिंद्यारानी देवी (55 किग्रा) की एशियाड में तिरंगे के तले खेलेंगी। इस बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे ई-स्पोर्ट्स में भारत ने 15 खिलाड़ियों को उतारने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने आईओए को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि सभी एथलीट डोपिंग से मुक्त हैं। मंत्रालय ने कहा कि टीमों की रवानगी से पहले डोप टेस्ट की प्राथमिकता तय करने के लिये आईओए और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) एक साथ बैठ सकते हैं।

### पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने और खुद पर ध्यान केंद्रित करने से बहुत मदद मिली : मिशेल मार्श

**पर्थ।** दक्षिण अफ्रीका के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने से उन्हें मदद मिली है। कोडस्पोर्ट्स.कॉम.एयू ने मार्श के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि पिछले चार या पाँच वर्षों में इसमें प्रगति हुई है। जब मैंने खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्कॉर्चर्स की कप्तानी छोड़ दी और मैं अपने जीवन और अपने करियर में कहां था, तो मैंने नहीं सोचा था कि उस समय मेरे पास किसी भी टीम की कप्तानी करने की क्षमता थी क्योंकि मैं सिर्फ यह कोशिश करने का प्रयास कर रहा था और अपना स्थान बनाए रखिए और टेस्ट तथा एकदिवसीय टीमों में अपना स्थान वापस पाइए। 12 महीने पहले मार्श नहीं चाहते थे कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया का सफेद गेंद का कप्तान माना जाए और अब वह नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, भले ही केवल दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए।

# वर्ल्ड कप के लिए संजय बांगड़ ने चुनी 15 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक देश में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए अपनी पसंदीदा 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया। बांगड़ ने अपनी टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह देकर एक अलग और हैरान करने वाला निर्णय लिया, क्योंकि अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं। लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा, एशिया कप टीम में भी उनका नाम नहीं है।

वनडे वर्ल्ड कप-2019 में बांगर भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। तब भारत ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मैनचेस्टर में नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड से हार गई थी। बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विश्व कप के लिए, जिस तरह से मैंने अपनी टीम चुनी है वह कॉम्बिनेशन पर केंद्रित है।



**टीम कॉम्बिनेशन इस प्रकार होगा :** पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज, दो विकेटकीपर-बल्लेबाज, दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक तेज-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक विशेषज्ञ स्पिनर और चार तेज गेंदबाज।

उन्होंने कहा, पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज में; रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव होंगे। दो विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और केएल राहुल होंगे। एशिया कप टीम की तरह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को वनडे विश्व कप के लिए बांगड़ की टीम में भी जगह नहीं मिली है। दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर में उन्होंने रवींद्र जड़ेजा और अक्षर पटेल को रखा। वहीं, बांगर की टीम में गेंदबाजों में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या होंगे। एक विशेषज्ञ स्पिनर-कुलदीप यादव और चार तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह का नाम शामिल है। भारत अब सीधे एशिया कप-2023 में खेलते हुए नजर आएगा जिसमें वह 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

# एशियाई खेलों में कासिम अकरम होंगे पाकिस्तान के कप्तान

**लाहौर,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। एशियाई खेलों में टी20 प्रारूप में खेली जाने वाली पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच आयोजित होगी। पाकिस्तान ने पांच अक्टूबर से होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एशियाड के लिये एक युवा टीम चुनी है, जिसमें आसिफ अली, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर सबसे प्रमुख नाम हैं।



अंडर-19 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान की कमान संभाल चुके 20 वर्षीय अकरम ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। चुने गये 15 खिलाड़ियों में से अधिकतर नाम पिछले महीने श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि इन्होंने इससे पहले दो चार दिवसीय टेस्ट मैचों और छह वनडे मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा किया था। पाकिस्तान रैंकिंग के आधार पर भारत की तरह ही सीधा क्वार्टरफाइनल चरण में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा।

एशियाई खेलों में क्रिकेट पहले भी दो बार खेला जा चुका है। पहला संस्करण बंगलादेश ने जीता था, जबकि दूसरे संस्करण में श्रीलंका विजयी रहा था। दोनों बार अफगानिस्तान उपविजेता रहा। पाकिस्तान ने 2014 में भाग नहीं लिया और 2010 में वह कांस्य पदक विजेता रहा था।

**एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान पुरुष टीम :** कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ, आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर (विकेटकीपर), शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम, उस्मान कादिर।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, प्रणय भी आगे बढ़े

कोपनहेगन, 25 अगस्त (वार्ता) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया, जबकि पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने भी अपने प्री-क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज की। प्री-क्वार्टरफाइनल मैच का पहला गेम जीतने के बाद सात्विक-चिराग की जोड़ी थोड़ा लड़खड़ाई, लेकिन अंतत: वे अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 61 मिनट में 21-15, 19-21, 21-9 से हराने में कामयाब रहे। यह कार्नांडो और मार्टिन के खिलाफ सात्विक-चिराग की दो मुकाबलों में दूसरी जीत है। अगले चरण में शीर्ष भारतीय युगल का सामना डेनमार्क के किम एस्ट्रुप/एंडर्स रासमुसेन या मलेशिया के ओंग यू सिन/तियो ई यी से होगा।

दूसरी ओर, प्रणय ने एक घंटे नौ मिनट में सिंगापुर के लोह कीन यू को 21-18, 15-21, 21-19 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा, जहां उनका सामना डेनमार्क के गत विश्व चैंपियन विक्टर एसलसन या ताइवान के चोउ तिएन चेन से होगा। यह कीन यू के विरुद्ध प्रणय का चौथा मुकाबला था। पिछले तीन में से दो मुकाबले जीत चुके भारतीय शटलर ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबले की शुरुआत की और लंबी रस्साकशी के बाद पहला गेम 21-18 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि सिंगापुर के कीन यू ने लगातार स्मैश खेलकर प्रणय पर दबाव बनाया। इस आक्रामकता में कीन यू ने कुछ गलतियां भी कीं लेकिन वह दूसरा गेम 21-15 से जीतने में सफल रहे। तीसरे गेम में विश्व नंबर सात प्रणय ने भी आक्रामकता बढ़ाकर ब्रेक तक आसानी के साथ 11-4 की विशाल बढ़त ले ली। हार के नज़दीक खड़े कीन यू ने ब्रेक के बाद ज़ोरदार वापसी की और लगातार हमले करते हुए स्कोर 11-10 पर लगभग बराबर कर दिया। देखते ही देखते कीन यू 16-15 से आगे हो गये। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और अपने सिंगापुरी प्रतिद्वंदी की अप्रत्याशित गलतियों का लाभ भी लिया। दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबर थे जब प्रणय ने लगातार दो अंक अर्जित कर मुकाबला जीत लिया। इससे पूर्व, पुरुष युगल प्री-क्वार्टरफाइनल में चिराग ने जहां डिफेंस में धैर्य दिखाया, वहीं सात्विक ने कोर्ट में पीछे रहकर ज़ोरदार प्रहार किये। ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय जोड़ी तेज़ी से आगे बढ़ी और अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों की वापसी की कोशिशों को नाकाम करते हुए 15-10 से आगे रही। कार्नांडो-मार्टिन ने गेम के अंतिम हिस्से में वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक-चिराग इस समय तक 21-15 के साथ पहला गेम जीतने में सफल रहे। दूसरे गेम में ब्रेक तक 11-10 की क्षीण बढ़त बनाने वाले सात्विक-चिराग लयविहीन हुए, जिसका फायदा उठाकर कार्नांडो-मार्टिनने जल्द ही 14-11 से आगे हो गये। भारतीय जोड़ी स्कोर 19-19 की बराबरी पर ले आयी लेकिन इंडोनेशियाई युगल ने लगातार दो अंक अर्जित करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में हालांकि कार्नांडो-मार्टिन अपने भारतीय विरोधियों के आक्रामक अवतार की बराबरी नहीं कर सके। सात्विक-चिराग ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनायी और ब्रेक के बाद विपक्षियों को मात्र तीन अंक देते हुए 21-9 से निर्णायक गेम जीत लिया। इस बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को प्री-क्वार्टरफाइनल में चीन की चेन क्यू सी और जिया यी फान से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। यह जिया-चेन के विरुद्ध त्रिशा-गायत्री का दूसरा मुकाबला था और चीनी युगल ने 21-14, 21-9 की जीत हासिल करने में सिर्फ 42 मिनट का समय लिया।



### मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता : प्रणय

भारत के शीर्ष रैंक के शटलर एचएस प्रणय, जो अपने पहले विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में हैं, ने स्वीकार किया कि बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ एक मुश्किल मैच था। प्रणय ने कहा, मैं कई क्षेत्रों में उतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन अंत में मैंने खुद को आश्वस्त किया कि हारना ठीक है, लेकिन प्रयास न करना ठीक नहीं है, इसलिए अंत में मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता और शायद यही एकमात्र अंतर था। कोचों के साथ बहुत सारी बातें हुईं। वे मुझसे कुछ चीजें करने के लिए कह रहे थे लेकिन मैं उन चीजों को करने में सक्षम नहीं था। मैं सोच रहा था कि क्या करूं और मैं निराश हो रहा था क्योंकि मैं उस तरह से नहीं खेल पा रहा था। वे चाहते थे कि मैं खेलूं, और वे निराश हो रहे थे क्योंकि मैं उस तरह के शॉट नहीं लगा पा रहा था। उन्होंने कहा, दबाव वाले मैच में उन शॉट्स को खेलना मुश्किल होता है। लेकिन यहीं पर कोच काम आते हैं, वे आपको खेलने का आत्मविश्वास देते हैं, कि हारना ठीक है।